* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com


08 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 07, अंक 319


3 रुपये सस्ते हो सकते हैं पेट्रोल-डीजलः इंटरनेशनल मार्केट में कच्चा तेल 92 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा, यह 7 महीने में सबसे कम





SURJABASHA





# देश में 100 ठिकानों पर आइटी का छापा

- राजस्थान में मंत्री के ठिकानों पर पहुंची टीमें
- सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च पर भी छापा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग (आइटी) ने बुधवार को देशभर में एक साथ 100 ठिकानों पर छापा मारा। ये कार्रवाई मिड-डे मील में कमाई, पॉलिटिकल फंडिंग में टैक्स चोरी और शराब घोटालों के सिलसिले में की गयी है। दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड समेत 12 राज्यों में आइटी के छापे जारी है। दिल्ली स्थित सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में भी आइटी ने छापेमारी की है।

### राजस्थान और महाराष्ट्र में मिड-डे मील मामले में एक्शन

राजस्थान के राज्यमंत्री राजेंद्र यादव और उनके रिश्तेदारों के 53 से ज्यादा जगहों पर इनकम टैक्स की रेड पड़ी है। बुधवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे आइटी ने कार्रवाई शुरू की, जो देर रात तक जारी थी। मामला मिड डे मील की सप्लाई में गड़बड़ी से जुड़ा है। कोटपुतली में मिड डे मील का राशन सप्लाई करनेवाली जिस फैक्ट्री में छापेमारी हुई है, वह राजेंद्र यादव की बतायी जा रही है। उनके जयपुर स्थित सरकारी और निजी आवास के अलावा कुछ ठिकानों पर टीमें मौजूद हैं। मिड-डे मील मामले में ही इनकम टैक्स की टीमों ने महाराष्ट्र में कई ठिकानों पर छापा मारा है।



## सीबीआइ ने ममता के मंत्री के छह ठिकानों पर छापा मारा

ममता सरकार के कानून मंत्री मलय घटक के छह ठिकानों पर बुधवार सुबह सीबीआइ ने छापेमारी की है। घटक पर कोयला तस्करी का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआइ की तीन टीम सुबह 8 बजे से घटक के आवास समेत छह ठिकानों की तलाशी ले रही है। इनमें कोलकाता के पांच और आसनसोल के एक ठिकाने पर टीमें मौजूद हैं।

### छत्तीसगढ़ में स्टील-शराब कारोबारी निशाने पर

छत्तीसगढ़ में आइटी ने कुछ शराब कारोबारियों के यहां छापा मारा है। इनमें एक शराब कारोबारी का नाम अमोलक सिंह है। रामदास अग्रवाल, उनके बेटे अनिल, ऐश्वर्या किंगडम के आरके गुप्ता के घर रेड मारी गयी है। ये मामला शराब घोटाले और टैक्स चोरी से जुड़ा है।

### उत्तर-प्रदेश के 24 शहरों में आइटी का छापा

आइटी की टीम उत्तरप्रदेश के 24 शहरों में छापेमारी कर रही है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को आइटी की टीम सुबह राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी चीफ गोपाल राय के घर पहुंची। गोपाल राय केंद्रीय लोक शिकायत और जांच संस्थान नाम से संस्था चलाते हैं। वह संस्था के चेयरमैन हैं। उनके घर कागजों की जांच चल रही है। मामला पॉलिटिकल फंडिंग और टैक्स चोरी से जुड़ा है।

### दिल्ली और बेंगलुरु में भी आइटी रेड

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेंगलुरु में 20 से ज्यादा ठिकानों पर आइटी की टीमें मौजूद हैं। मनीपाल ग्रुप पर भी कार्रवाई की गयी है। ये सभी छापे इनकम टैक्स चोरी से जुड़े हुए हैं। दिल्ली स्थित सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) में भी आइटी ने छापेमारी की है। सीपीआर पर यह कार्रवाई हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात में हो रही आयकर विभाग की छापेमारी से जुड़ी है। अभी सीपीआर के गवर्निंग बोर्ड की चेयरपर्सन मीनाक्षी गोपीनाथ हैं।

# कर्तव्य पथ का उद्घाटन आज

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम 7 बजे इंडिया गेट पर 'कर्तव्य पथ' का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण भी होना है। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, राजपथ को कर्तव्य पथ नाम देना सत्ता के प्रतीक को हटा कर सार्वजनिक स्वामित्व और सशक्तिकरण का नाम देकर एक उदाहरण पेश करना है।

बुधवार को बयान जारी करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री इस अवसर पर इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। ये कदम अमृत काल में नये भारत के लिए प्रधानमंत्री के दूसरे पंच प्राण-औपनिवेशिक मानसिकता के निशान को हटाना के अनुरूप है। वर्षों से, सेंट्रल विस्टा एवेन्यू के राजपथ और आसपास के क्षेत्रों में आगंतुकों के बढ़ते यातायात का दबाव देखा जा रहा था, जिससे इसके बुनियादी ढांचे पर दबाव भी पड़ा है। पीएमओ के मुताबिक, यहां सार्वजनिक शौचालय, पीने के पानी, स्ट्रीट फर्नीचर और पर्याप्त पार्किंग की जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसके अलावा, अपर्याप्त साइनेज, पानी की सुविधाओं का खराब रखरखाव और बेतरतीब पार्किंग थी। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना पुनर्विकास समेत तमाम चिंताओं को ध्यान में रखते हुए वास्तुशिल्प की अखंडता और निरंतरता को सुनिश्चित रखते हुए किया गया है।

## झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने सीएम के प्रति आभार जताया

# हमने सरकारी कर्मियों को 'बुढ़ापे की लाठी' की सौगात दी : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने कहा- अच्छी कार्यशैली को अपनायें, फाइलों को न लटकायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने आभार प्रकट किया है। संघ ने इसके लिए बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया था। समारोह में संघ ने राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू किये जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से पुरानी पेंशन की मांग सिर्फ झारखंड ही नहीं ,बल्कि पूरे देश के सरकारी कर्मियों द्वारा उठायी जा रही है। राज्य सरकार ने झारखंड के सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना की सौगात दी है। पेंशन बुढ़ापे का सहारा मानी जाती है। कुछ कारणों से आप सरकारी कर्मियों से पेंशन रूपी सहारे की लाठी को छीन लिया गया था, परंतु हमारी सरकार ने आपको उस लाठी को देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरी में आने के बाद कर्मियों की कुछ चीजों के प्रति आशाएं और उम्मीदें होती हैं। आपकी आकांक्षाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकें, इसके लिए सरकार काम कर रही है। प्रशासनिक संरचनाओं को कैसे सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जा सके, इसके लिए हमारी सरकार निरंतर काम कर रही है। राज्य सरकार की विकासात्मक योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।



## विभाग में फाइलों को रुकने न दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मुखिया के रूप में आज हम हैं, कल कोई दूसरा, परसों कोई और हो सकता है। सत्ता आती-जाती रहती है, परंतु मेरा मानना है कि व्यवस्थाएं सुदृढ़ और बेहतर होनी चाहिए। आप सभी कर्मी निर्भीक और ऊंचे मनोबल के साथ काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार ऐसी शिकायतें आती हैं कि दफ्तरों में फाइलें उलझ कर रुक जाती हैं। आप सभी सरकारी सेवक इस बात का ख्याल रखें कि बेवजह फाइलों के मूवमेंट में देर न हो, ताकि फाइल मूवमेंट से जुड़ी शिकायतें न मिले। आप अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करें।

## अच्छी कार्यशैली को अपनाने का काम करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आइएएस, आइपीएस या किसी भी पदाधिकारी के ऊपर कोई बंदिश नहीं डालती है। जो काम जनहित के लिए हो और सही हो, उसे आप जरूर करें। विकास के दृष्टिकोण से देश में कई राज्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। झारखंड के पदाधिकारी भी उन राज्यों का परिभ्रमण कर अच्छी कार्यशैली को अपनाने अथवा अनुसरण करने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा मेरे समक्ष कुछ मांगें रखी गयी हैं। मैं आप सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरे संज्ञान में जो भी चीजें आयेंगी, नियमानुसार एक-एक कर सभी पर सकारात्मक विचार किया जायेगा।

### रिक्तियों को जल्द भरा जायेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों में मानव बल की रिक्तियों को भरने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा देखा गया था कि पिछले कुछ वर्षों में कई सरकारी दफ्तरों में मात्र 10 से लेकर 15 फीसदी मानव बल ही कार्यरत हैं। प्रशासनिक सुधार के लिए राज्य सरकार ने एक कमिटी बनायी थी, जिसका रिपोर्ट आ चुकी है।

### दृढ़ इच्छाशक्ति से सारी चीजें व्यवस्थित होंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार आइएएस-आइपीएस को ठहरने के लिए सर्किट हाउस इत्यादि की व्यवस्था की जाती है, उसी प्रकार जिला तथा प्रखंड स्तर में पदस्थापित पदाधिकारियों को भी रहने की व्यवस्था राज्य सरकार उपलब्ध करायेगी। राज्य में वैसे पदाधिकारी, जो बेहतर शिक्षा के लिए आगे और पढ़ाई करना चाहते हैं, वैसे पदाधिकारियों को शिक्षा ग्रहण करने की अवधि तक का वेतन तथा शिक्षा ग्रहण करने हेतु आर्थिक सहायता राशि भी देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सारी चीजें व्यवस्थित हो सकती हैं। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत झारखंड में यूनिवर्सल पेंशन योजना लागू करने का काम किया है।

इस योजना को पूर्ण रूप से लागू करने में आप सभी पदाधिकारियों की भूमिका अहम है। पदाधिकारी राज्य में सर्वजन पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पात्र लोगों को जोड़ने का काम करें। आप सभी पदाधिकारी लक्ष्य निर्धारित करें कि कोई एक भी पात्र लाभुक सर्वजन पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष राम कुमार सिन्हा, सचिव बालकिशुन मुंडा एवं बड़ी संख्या में झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## रेल लैंड लीज में बदलाव को मंजूरी, अब 35 साल के लिए लीज पर ले सकेंगे जमीन

# 'पीएम श्री' और 'पीएम गति शक्ति' योजना की मंजूरी

- देश में पांच साल में 14,597 मॉडल स्कूल विकसित किये जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बैठक में रेल लैंड लीज में बदलाव को मंजूरी मिली है। कैबिनेट ने लीज की अवधि को पांच साल से बढ़ा कर 35 वर्ष करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा, रेलवे की जमीन के रेलवे लैंड लीज (एलएलएफ) की फीस में कटौती का फैसला हुआ।



### लैंड लाइसेंस फीस 6 से घटा कर 1.5 फीसदी

रेलवे की जमीन के एलएलएफमें बड़ी कटौती का फैसला हुआ है। लैंड लाइसेंस फीस 6% से कर 1.3 फीसदी की गयी है। जमीन की बाजार कीमत पर अब 1.5 फीसदी लैंड लीज फीस ली जायेगी। इसमें 1 रुपए प्रति वर्ग फुट के हिसाब से फीस देनी होगी।

### पांच सालों में 300 से ज्यादा शक्ति टर्मिनल बनाये जायेंगे

अनुराग ठाकुर ने बताया कि पीएम गति शक्ति फ्रेमवर्क को लागू करने के लिए रेलवे की लैंड लीज में संशोधन किये गये हैं। अगले पांच सालों में 300 से ज्यादा पीएम गति शक्ति टर्मिनल बनाये जायेंगे। इससे 1.25 लाख से ज्यादा रोजगार के मौके बनेंगे। पीपीपी मोड पर स्कूल भवन और हॉस्पिटल बनाने के लिए जमीन का इस्तेमाल किये जा सकेगा। सोलर प्लांट बनाने के लिए कम कीमत पर जमीन उपलब्ध करायी जायेगी। लीज की लंबी अवधि से निवेश बढ़ेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि पीएम-श्री योजना के तहत पांच साल में 27 हजार 360 करोड़ की लागत से देश में 14,597 स्कूल विकसित किये जायेंगे। पीएम श्री के स्कूलों में शिक्षा देने का तरीका आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र होगा, जिसमें खोज करने और सिखाकर पढ़ाने वाले तरीकों पर जोर दिया जायेगा। यहां आधुनिक तकनीक, स्मार्ट क्लास रूम, खेल और अन्य सुविधाओं सहित आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया जायेगा। एक ब्लॉक में दो मॉडल स्कूल विकसित किये जायेंगे।

# कांग्रेस की कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू

## न्यूज चैनलों पर दिनभर मोदी को दिखाया जाता है, इसलिए यात्रा निकालनी पड़ीः राहुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की। यात्रा कश्मीर तक जायेगी। राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए यात्रा के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यूज चैनलों पर दिनभर प्रधानमंत्री मोदी को दिखाया जाता है। हम लोगों को कोई नहीं दिखाता, इसलिए हम यात्रा निकाल रहे हैं। राहुल ने कहा कि एक व्यक्ति के हाथों में करोड़ों लोगों का भविष्य है और वह इसे संवारने की बजाय विपक्ष को इडी और सीबीआइ का डर दिखाता है। उन्होंने कहा कि हम फिर गुलामी के दौर में जा रहे हैं। पहले एक इस्ट इंडिया कंपनी देश पर राज करती थी, अब 3-4 कंपनियां ये काम कर रही हैं। राहुल के अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, दिग्विजय सिंह, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और योगेंद्र यादव ने सभा को संबोधित किया।




### श्रीपेरंबुदुर जाकर पिता को दी श्रद्धांजलिः

राहुल गांधी ने बुधवार सुबह श्रीपेरंबुदुर में पिता राजीव गांधी के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यहां राहुल ने कहा कि नफरत की वजह से मैंने पिता खोया, लेकिन अब देश नहीं खो सकता हूं। राहुल करीब डेढ़ घंटे तक श्रीपेरंबुदुर में रहे। यहीं पर 1991 में राजीव गांधी की हत्या कर दी गयी थी।

### राहुल करेंगे 3570 किमी की यात्राः

भारत जोड़ो यात्रा तमिलनाडु के कन्याकुमारी से केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, यूपी, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब होते हुए केंद्र शासित प्रदेश कश्मीर तक जायेगी। राहुल की यह यात्रा करीब 3570 किमी है। इस यात्रा के जरिये कांग्रेस 372 लोकसभा सीटों पर फोकस कर रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 56,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## नीतीश का सियासी पर्यटन : कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा भानुमती ने कुनबा जोड़ा

# बेहाल बिहार को किसके भरोसे छोड़ दिल्ली गये हैं नीतीश

## बाढ़-सुखाड़-अपराध से कराह रहा है प्रदेश, सुशासन बाबू दे रहे अपने सपने को धार

## बड़ा सवाल: आखिर कितना सफल होगा नीतीश कुमार का मिशन 2024

**बिहार में रातोंरात पलटी मार कर सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों इंद्रप्रस्थ में मिशन 2024 के तहत देशाटन पर हैं। वह विभिन्न दलों के नेताओं से मिल रहे हैं और अपने सियासी सपने को आकार देने में जुटे हैं। दूसरी तरफ जिस राज्य की कमान उनके हाथों में है, वह बाढ़, सुखाड़ और बेलगाम अपराधियों के कारण कराह रहा है। प्रदेश का हर हिस्सा किसी न किसी समस्या से त्रस्त है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि नीतीश कुमार के इस राजनीतिक पर्यटन पर सवाल उठेंगे। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर सुशासन बाबू ने बिहार को किसके भरोसे छोड़ दिया है। यह सही है कि जब से नीतीश कुमार ने सात दलों का साथ लिया है, देश के अन्य छोटे-बड़े दलों के भीतर ऊर्जा भर गयी है और कहा जाने लगा है कि इसी प्रकार अगर विपक्ष एकजुट हो जाये, तो भाजपा को पटखनी दी जा सकती है। हालांकि नीतीश कुमार ने कहा है कि वह विपक्षी दलों को एक करने की कोशिश कर रहे हैं और वह पीएम पद के लिए इच्छुक नहीं हैं। लेकिन क्या कोई नीतीश की बातों पर भरोसा कर रहा है, या किया जा सकता है। जवाब सबके जेहन में है। एक तरफ जब देश के दूसरे राज्य अपनी समस्याएं सुलझाने में जुटे हैं, नीतीश कुमार का यह सियासी दौरा कुछ हजम नहीं हो रहा है। लोग तो कहने लगे हैं कि यदि नीतीश को दिल्ली की राजनीति ही करनी है, तो बिहार को उसके हाल पर छोड़ क्यों नहीं देते। यह बेहद महत्वपूर्ण सवाल है, जिसका जवाब आज नहीं तो कल नीतीश को देना ही होगा। अगर नीतीश को केंद्र की ही राजनीति करनी है, तो क्यों नहीं तेजस्वी को ही राजगद्दी सौंप देते और पूरा फोकस अपने ड्रीम को पूरा करने में केंद्रित करते। अब दोनों हाथों में लड्डू भला पचता है कभी, वह भी उम्र के इस पड़ाव पर। शुगर होने का खतरा बना रहता है। लेकिन इससे इतर एक और सवाल है कि क्या नीतीश का यह प्रयास 2024 में कोई सकारात्मक परिणाम देगा। इन तमाम सवालों का जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

पिछले 17 साल से बिहार की कमान संभाल रहे नीतीश कुमार इन दिनों अपने मिशन 2024 के तहत दिल्ली में गैर-भाजपाई नेताओं से मिल रहे हैं। प्रत्यक्ष तौर पर उन्होंने खुद को पीएम पद का प्रत्याशी नहीं बताया है, लेकिन नीतीश कुमार की पलटूमार राजनीति से सभी वाकिफ हैं। बिहार में अंदरखाने में क्या कुछ पक रहा है, इससे हर कोई वाकिफ है। बिना किसी सियासी लक्ष्य के अपने राज्य को भगवान भरोसे छोड़ कर दिल्ली में तमाम नेताओं से मेल-मुलाकात करना सामान्य तो नहीं ही कहा जा सकता। एक तरफ बिहार के कई इलाके बाढ़ से जूझ रहे हैं, तो दूसरी तरफ कुछ इलाकों में सुखाड़ के हालात पैदा हो गये हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं की तपिश में झुलस रहे बिहार के जले पर अपराधियों का तांडव नमक छिड़क रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में अपराधी खूनी खेल खेल रहे हैं। यहां तक कि वे पुलिस को भी नहीं बख्श रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिल्ली प्रवास लोगों को अखरने लगा है। वे कहने लगे हैं कि जब बिहार बाढ़, सुखाड़ और अपराध की तिहरी मार झेल रहा है, तब नीतीश केवल सुर्खियों में रहने के लिए दिल्ली के राजनीतिक पर्यटन पर हैं। नीतीश पर यह आरोप भी लग रहा है कि 1960 के दशक में डॉ राम मनोहर लोहिया और 1974-77 के बीच लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने जिस कांग्रेस के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी, उसके नेतृत्व की सबसे नकारा पीढ़ी के आगे लालू यादव के बाद अब नीतीश कुमार का नतमस्तक होना अत्यंत दुखद है। यही नहीं, कुछ लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जंगलराज से मुक्ति पाने के लिए बिहार के लोगों ने नीतीश कुमार को गद्दी पर बैठाया कि वे जंगलराज के जनक को नेस्तनाबूद करेंगे, आज उन्हीं की गोदी में बैठ कर नीतीश कुमार



बिहार में सुशासन का सपना देख रहे हैं। बिहार हित की बात कर रहे हैं।

नीतीश की कोशिश यह भी है कि चुनाव से पहले ऐसे कुछ दलों का आपस में विलय भी हो जाये, जो जनता परिवार के बिखरने से पैदा हुए हैं। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि अब ऐसे ज्यादातर दलों में दूसरी पीढ़ी का नेतृत्व आ चुका है, जो अपने-अपने राज्यों में ही राजनीतिक जमीन तलाश रहा है। उनकी राष्ट्रीय राजनीति की महत्वाकांक्षाओं में वह टकराहट नहीं है, जो उनसे पहले की पीढ़ी में थी और जनता परिवार बिखर गया। वैसे कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा भानुमती ने कुनबा जोड़ा टाइप की सियासत भारत में कई बार दिखी है। ऐसे प्रयासों को तार्किक बताने के लिए समाजवादियों के पास राम मनोहर लोहिया का एक सूत्र वाक्य भी है, जो कहता है- जुड़ो, लड़ो और टूटो।

दिल्ली में नीतीश ने गैर-भाजपा दलों के लगभग सभी नेताओं से मुलाकात की है, लेकिन उनकी सभी मुलाकातों में राहुल गांधी से उनका मिलना खासा चर्चित हो रहा है। लोग इस मुलाकात को चटखारे लेकर मीम बना रहे हैं। लेकिन इस बात में भी कोई संदेह नहीं है कि सब कुछ इतना आसान नहीं है, जैसा नीतीश और उनके समर्थक बता रहे हैं। ऐसे प्रयास 2019 लोकसभा चुनाव के समय भी किये गये थे। नतीजा सामने है। इधर भी दो साल से विपक्षी एकता की कवायद चल रही है। जब ममता बनर्जी भारी मतों से फिर से बंगाल की मुख्यमंत्री बनीं, तो शरद पवार से लेकर अन्य विपक्षी क्षत्रपों की सक्रियता बढ़ गयी थी। दूसरी ओर तेलंगाना के के चंद्रशेखर राव के मन में अलग ही लड्डू फूट रहा है। फिलहाल नीतीश की सक्रियता जोश में इजाफा जरूर कर दे, लेकिन क्या टुकड़ों-टुकड़ों में बिखरा कुनबा इतनी आसानी से एक साथ आ जायेगा! दूसरी तरफ जिस राहुल से नीतीश मिलने गये और इतना तामझाम किया, उस कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक स्थिति जितनी लुंज-पुंज है, उतनी कभी नहीं रही।

नीतीश के इस सियासी पर्यटन पर सवाल भी उठ रहे हैं कि आखिर उन्होंने बिहार को किसके भरोसे छोड़ दिया है। क्या वह अब तेजस्वी को राजपाट सौंपने के लिए तैयार हो गये हैं। ऐसे में नीतीश पर तंज भी कसे जा रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया है कि जब बिहार बाढ़ और सूखे की दोहरी मार झेल रहा है, तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल सुर्खियों में रहने के लिए दिल्ली के राजनीतिक पर्यटन पर हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि नीतीश कुमार उन दलों को कांग्रेस के साथ लाने के असंभव अभियान पर हैं, जो विभिन्न राज्यों में कांग्रेस से लड़ कर ही सत्ता में हैं। मोदी ने कह, नीतीश कुमार का पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा से मिलना यह संकेत है कि वह केंद्र में अस्थिर और कमजोर सरकारों वाला दौर लौटा कर देश के पुराने स्वहितधारकों की मदद करना चाहते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि एक कहावत है कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, खुद उसमें गिर जाता है। नीतीश जी ने अपने राजनीतिक जीवन में दूसरों के लिए इतने गड्ढे खोदे हैं कि कब उनके सलाहकारों ने उनका पैर उन्हीं गड्ढों में डाल दिया, यह उन्हें खुद भी पता नहीं चला। ये सलाहकार कोई और नहीं, बल्कि वही नेता हैं, जो कभी इनकी आंत में दांत गिनते थे, तो कभी इनका राजनीतिक अंत करने की कसम खाते थे। कुछ इसी तरह का हमला पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी नीतीश कुमार पर किया है।

एक बड़ा सवालः तो क्या बिहार को नीतीश कुमार की सियासी महत्वाकांक्षा की वेदी पर बलिदान होना होगा। यह सवाल आज हर उस बिहारवासी के मन में है, जिसने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी। जिन्होंने अपना सब कुछ त्याग कर बिहार को सुशासन की पटरी पर लाने में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। जाहिर है, इसका जवाब आज नहीं तो कल नीतीश कुमार को देना ही होगा।

---

### गढ़वा में अवैध रूप से संचालित अस्पताल के कारनामे का एक बार फिर हुआ पर्दाफाश

## तहखाने में कैद मिली प्रसूता, अस्पताल सील

**ऐसे अस्पताल संचालकों को बख्शा नहीं जायेगाः डीसी**

**सोनू कुमार**

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा समाहरणालय से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर गढ़वा मेराल एन एच 75 पर अवैध रूप से संचालित लाइफ केयर हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर नामक अस्पताल में मंगलवार को देर शाम छापेमारी की गयी। गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह व स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह द्वारा लाइफ केयर हास्पिटल में की गयी छापेमारी के दौरान तहखाने में मरीज को रखकर इलाज करने का मामला सामने आया है। डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी समाजदेव प्रजापति की पत्नी देवंती देवी का ऑपरेशन कर पांच सिंतबर को प्रसव कराया गया था। मरीज को एक स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से उक्त हास्पिटल में लाया गया था।




जहां ऑपरेशन कर मरा हुआ बच्चा निकाला गया था। इसके पश्चात उसे हास्पिटल के पिछले हिस्से में तहखाने में रख दिया गया था और बाहर से ताला बंद कर दिया गया था। सामान्य परिस्थिति में कोई भी उक्त कैंपस को बंद ही समझता था। लेकिन उपायुक्त रमेश घोलप को मिली गुप्त सूचना के बाद एसडीओ व सिविल सर्जन के संयुक्त नेतृत्व में छापेमारी दल ताला खुलवाकर तहखाने में पहुंचा तो उसमें मरीज व उसके परिजन बंद मिले। पूछताछ के क्रम में मरीज के परिजनों ने छापेमारी दल को पूरी जानकारी दी। बताते चलें कि हास्पिटल संचालक वकील अंसारी व अनिश अंसारी छापेमारी की भनक लगते ही वहां से फरार हो गये। छापेमारी दल को हास्पिटल में साबिर अंसारी व राजकुमार चौधरी नामक दो स्टाफ मिले। पूछताछ के क्रम में उन दोनों स्टाफ ने छापेमारी दल को पहले तो यह कहकर भरमाने की भरपूर कोशिश किया कि यहां सिजेरियन नहीं होता है। सिर्फ ओपीडी ही चलता है। लेकिन पक्की सूचना पर पहुंचे छापेमारी दल ने तहखाने को खुलवा कर उसमें बंद मरीज व उसके स्वजनों को वहां से निकाला और प्रसूता को सदर अस्पताल में शिफ्ट करा दिया।

मौके पर एसडीओ राज महेश्वरम ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर लाइफ केयर हास्पिटल में छापेमारी की गयी। संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

### मिले हैं कई चौंकाने वाले तथ्य

लाइफ केयर हास्पिटल के छापेमारी के दौरान निजी अस्पतालों व स्वास्थ्य सहिया कनेक्शन की बात एक बार फिर सामने आई है। छापेमारी में मिले एक डायरी में सहिया का नास्ता कराने में खर्च रकम का भी उल्लेख है। जबकि मेज की दराज व ओपीडी कक्ष आदि में कई तरह की दवाएं भी मिली हैं। कई एक्सपायर दवा भी मिली हैं। वहीं हास्पिटल में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा था। जबकि एक बोर्ड पर यह लिखा हुआ था कि आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं। बताते चलें कि उपायुक्त ने मां गढ़देवी हास्पिटल में छापेमारी के बाद निजी अस्पताल संचालकों को अपने यहां सीसीटीवी कैमरा लगाने समेत कई निर्देश दिये थे। सीसीटीवी कैमरा रहने पर सिजेरियन के लिए आनेवाले चिकित्सक व हास्पिटल में आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के बारे में पूरी सूचना कैद रहती। छापेमारी दल ने हास्पिटल के ओटी कक्ष, मरीजों के वार्ड आदि की भी जांच की और हास्पिटल सील कर दिया।

### तहखाने में संचालित किया जा रहा था जांच केंद्र

लाइफ केयर हास्पिटल के सटे उसी भवन के तहखाने में एक जांच केंद्र का संचालन किया जा रहा था। उक्त जांच केंद्र का रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया गया था। छापेमारी दल ने उसे भी सील कर दिया। जबकि जांच केंद्र के संचालक ने कहा कि उसका लाइफ केयर हास्पिटल से कोई कनेक्शन नहीं है। वह अलग से अपना कारोबार चला रहा है।

---

## किशोरियों के शव पर घटिया राजनीति कर रही भाजपा : बसंत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** दुमका में 10 दिनों के अंदर दो किशोरियों की निर्ममता से हत्या की घटना के बाद पहली बार दुमका पहुंचे झामुमो विधायक नलिन सोरेन और बसंत सोरेन ने बुधवार को दोनों किशोरियों के स्वजनों से मिल कर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। रानीश्वर में आदिवासी किशोरी के स्वजनों को नौ लाख रुपये की मुआवजा राशि का चेक सौंपा। दुमका लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झामुमो का परिवार



हमेशा दुमका की जनता के साथ खड़ा है। कहा कि दोनों मामलों में सरकार और प्रशासन अपना काम तेजी से कर रहा है। सरकार की ओर से दोनों के स्वजनों को 10-10 लाख रुपये बतौर मुआवजा उपलब्ध कराया गया है। घटनाओं की जांच तेजी से हो रही है। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। एक सवाल पर कहा कि एसडीपीओ नूर मुस्तफा मेरा कोई रिश्तेदार नहीं है। आरोप लगे हैं तो सरकार इसकी जांच करा रही है। दोषी होने पर कार्रवाई भी होगी। इसी क्रम में बसंत ने कहा कि दोनों किशोरियों के शव पर भाजपा घटिया राजनीति कर रही है। भाजपा के लोग ऐसे बहानों को ढूंढ़ते हैं और इसका राजनीतिकरण करते हैं। कहा कि आज किशोरी का दशकर्म है, अगर संवेदना होती तो यहां 10 दिनों तक ही खड़ा होकर दिखाते।

**कोई बांग्लादेशी है तो कागजात दिखाये :** बसंत सोरेन ने एक सवाल पर कहा कि अगर संताल परगना की डेमोग्राफी बदल रही है और इस इलाके में कोई बांग्लादेशी है तो कागजात दिखाये, सरकार से उसकी जांच करायेंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ आरोप लगा देने से कैसे पता चलेगा कि वह बांग्लादेशी है या नहीं। इसके लिए प्रमाण देना होगा।

---

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के लिए एनआइए में जांच विशेषज्ञ बनने का मौका

**रांची।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) में जांच विशेषज्ञ बनने का मौका मिल रहा है। इस को लेकर एनआइए की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि सेवानिवृत्त एसपी, एएसपी और डीएसपी रैंक के अधिकारी एनआइए में जांच विशेषज्ञ बन सकते हैं। इसको लेकर 14 और 15 सितंबर को एनआइए हेडक्वार्टर में इंटरव्यू का आयोजन किया जायेगा। इसमें चयनित सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एनआइए में जांच विशेषज्ञ बन पायेंगे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

---

## युवती को बीवी बता जबरन आश्रम ले जा रहा था बाबा, लोगों ने सच जाना तो कर दी धुनाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड में एक बाबा को जबरन युवती का हाथ पकड़ना और उसे आश्रम ले जाने की जिद काफी महंगा पड़ गया। घटना गिरिडीह जिले की है, जहां के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद में आश्रम के स्वामी और आदिवासी लड़की के बीच प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ। दरअसल देवघर के एक आश्रम के उदय महाराज अनीता मुर्मू नामक युवती को जबर्दस्ती हाथ पकड़ कर अपने साथ आश्रम ले जा रहे थे, इसी बीच हॉस्टल के लगभग 50 की संख्या में छात्रों की नजर पड़ गयी। फिर क्या था, सभी ने जमा होकर हंगामा किया और आश्रम के उदय महाराज की पिटाई कर दी। इस बीच स्थानीय मुखिया और ग्रामीणों की मदद से महाराज को आदिवासी युवकों के चंगुल से बचाया गया जिसके बाद बेंगाबाद



थाना को सूचना देकर मामले को जांच पड़ताल के लिए सुपुर्द कर दिया गया। बताया जाता है कि उदय महाराज के आश्रम में युवती 2013 से रहते आ रही थी। वहां पर वो कामकाज करती थी। इसी दौरान महाराज और युवती एक दूसरे के संपर्क में आये।

युवती को पढ़ने लिखने का थोड़ा बहुत खर्च भी दिया करते थे और एक बार इलाज भी करवाया था। अब युवती उस आश्रम में नहीं रहना चाहती है लेकिन उदय महाराज युवती को जबरन पकड़ कर ले जा रहे थे जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। हालांकि पुलिस ने उदय महाराज और महिला को अपने कब्जे में ले लिया है पुलिस पूछताछ कर आगे की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

इस मामले को लेकर आश्रम के बाबा ने कहा कि अनीता और उनके बीच शादी भी हो चुकी है और पिछले कई वर्षों से साथ रह रहे हैं। अनीता को एक बार टीबी की बीमारी हुई थी जिसका इलाज बाबा ने रांची में करवाया। फिर दोनों शादी करके साथ रह रहे थे। इसी दौरान दोनों में कुछ अनबन हुई और बाबा ने अनीता की पिटाई कर दी जिससे अनीता के घरवाले रूठ कर अनीता को अपने घर ले आये और अब वह यहां से नहीं जाना चाहती है। इस मामले को लेकर अनीता मुर्मू का कहना है कि हमारे बीच शादी नहीं हुई है। बाबा जबरन उसे अपने साथ ले जा रहे हैं, जबकि वह आश्रम में अब नहीं रहना चाहती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 24.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.00 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.33 बजे | |


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी भारत जोड़ो यात्रा

# भारत को जोड़ने की जरूरत : राजेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 7 सितंबर से देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। भारतीय राजनीति में यह एक टर्निंग प्वाइंट है। एक नयी शुरूआत का प्रतीक है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विचार और सीख आज भी राहुल गांधी के लिए हौसले का काम करते हैं। भारत जोड़ो यात्रा इसी हौसले के साथ शुरू हो रही है। यह यात्रा करीब 3,500 किलोमीटर लंबी यात्रा होगी। यह यात्रा 12 राज्यों और 2 यूनियन टेरिटरी से गुजरेगी। श्री ठाकुर बुधवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।



### सामाजिक ध्रुवीकरण लोकतंत्र के लिए खतरनाक

उन्होंने कहा कि आज जो सामाजिक ध्रुवीकरण हो रहा है, जाति के नाम पर, कपड़े के नाम पर, खाने के नाम पर यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। भयंकर तरीके से सामाजिक ध्रुवीकरण हो रहा है, भारत जोड़ने की जरूरत है। यात्रा के रुट के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा इन 20 प्रमुख स्थानों से गुजरेगी। इनमें कन्याकुमारी, तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, नीलांबुर, मैसूर, बेल्लारी, रायचूर, विकाराबाद, नांदेड़, जलगांव जमोद, इंदौर, कोटा, दौसा, अलवर, बुलंदशहर, दिल्ली, अंबाला, पठानकोट, जम्मू, श्रीनगर शामिल हैं।

### आमजन से कांग्रेस पार्टी सीधा संवाद कायम करेगी

प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि जिन राज्यों से होकर यह यात्रा नहीं गुजरेगी वहां उप यात्राओं के आयोजन के माध्यम से आमजन मानस से कांग्रेस पार्टी सीधा संवाद कायम करेगी। झारखंड से सेवादल के प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मण हांसदा, आनंद सिंकू, एवं दीनबंधु बोइपोय मुख्य यात्रियों के जत्थे में शामिल हैं जो कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा राहुल गांधी के साथ करेंगे। इसके अतिरिक्त झारखंड के लोगों को नजदीक के प्रांत ओड़िशा, में इस यात्रा में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जब यह यात्रा ओड़िशा पहुंचने वाली होगी उसके एक सप्ताह पूर्व केंद्रीय कंट्रोल रूम के द्वारा इस बात की सूचना झारखंड को मिल जायेगी। प्रेसवार्ता के दौरान भारत जोड़ो यात्रा कार्य के शुभारंभ का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखने की व्यवस्था की गयी थी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, डॉ राकेश किरण महतो, कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, सोशल मीडिया के स्टेट कोऑर्डिनेटर गजेंद्र सिंह, रांची ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश बैठा मौजूद थे।

# झारखंड सुखाड़ की चपेट में, केंद्र-राज्य सरकार दे तुरंत राहत पैकेज : महासभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में इस साल बारिश कम हुई है। आइएमडी के आंकड़ों के अनुसार इस साल अभी तक राज्य में सामान्य से 25 प्रतिशत कम बारिश हुई है। वहीं राज्य के 15 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश हुई है। दो जिलों (गढ़वा और पलामू) की स्थिति काफी दयनीय है। झारखंड में मात्र लगभग 10 प्रतिशत खेती के क्षेत्र ही सिंचित हैं। इसका सीधा प्रभाव राज्य की प्रमुख खरीफ फसल धान पर पड़ा है। झारखंड भयंकर सुखाड़ की चपेट में है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत राहत पैकेज देना चाहिए। यहे बातें झारखंड जनाधिकार महासभा ने फिल्ड विजिट के बाद जारी रिपोर्ट में कही हैं।

**राज्य के 15 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश हुई**

### कोल्हान के तीन जिलों में सामान्य से कम बारिश

महासभा के अंबिका यादव, दिनेश मुर्मू और रोज खाखा ने जारी रिपोर्ट में कहा कि राज्य के लगभग सभी जिलों में मानसून के शुरूआती दिनों में सामान्य से बहुत कम बारिश हुई। इसलिए जिन जिलों में बाद में सामान्य बारिश हुई भी (जैसे पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला-खरसावां आदि), वहां भी स्थिति गंभीर है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस साल लगभग कम धान बुआई हुई है। झारखंड के अधिकांश किसान छोटी जोत वाले हैं जो फसल के लिए वर्षा पर पूरी तरह निर्भर हैं। कई किसान तो अपने खाने भर का धान भी नहीं उगा पाते हैं। ऐसी सुखाड़ के हालत में राज्य में व्यापक खाद्य संकट की संभावना है।

# सीबीआइ ने माना, रूपा तिर्की ने की थी आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** सीबीआइ को साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की हत्या के साक्ष्य नहीं मिले हैं। सीबीआइ ने यह भी माना है कि उसने आत्महत्या की। उसे किसी ने प्रताड़ित नहीं किया। एक साल की जांच-पड़ताल के बाद बुधवार को सीबीआइ इंस्पेक्टर जीके अंशु ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट एडीजे प्रथम धीरज कुमार की अदालत में फाइल कर दी। हालांकि, इसे स्वीकृत या अस्वीकृत करना कोर्ट पर निर्भर है। इस मामले की अगली सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में 12 अक्टूबर को होनी है, जिसके बाद इस मामले में अदालत का रुख स्पष्ट हो पायेगा। इससे पूर्व रूपा तिर्की मामले को धनबाद कोर्ट में ट्रांसफर करने के लिए सीबीआइ ने एडीजे प्रथम की कोर्ट में अर्जी दी थी। लेकिन ट्रायल का हवाला देते हुए कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया था। इसके बाद केस के ट्रांसफर के लिए सीबीआइ ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की। इस पर विगत 2 सितंबर को



सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने साहिबगंज एजीडे प्रथम की अदालत में चल रही ट्रायल पर रोक लगा दी थी। हाइकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से भी जवाब मांगा था।

### क्या है मामला

रूपा तिर्की का शव 3 मई 2021 को उसके सरकारी क्वार्टर में फंदे से लटकता मिला था। पुलिस ने इसे आत्महत्या माना था तथा इसके लिए प्रेरित करने के आरोप में रूपा तिर्की के बैचमेट शिव कनौजिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल शिव कनौजिया जमानत पर है। उधर, रूपा तिर्की के स्वजनों ने इसे हत्या तथा मामले में विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और अन्य की संलिप्तता की आशंका जताते हुए सीबीआइ जांच की मांग की थी। इसके लिए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। हाइकोर्ट ने सीबीआइ को दो विंदुओं पर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा था। इसमें एक यह था कि उसने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गयी है। दूसरी, अगर उसने आत्महत्या की है तो क्या किसी ने उसे प्रताड़ित किया। पिछले साल 1 सितंबर को हाइकोर्ट ने मामले की जांच का निर्देश सीबीआइ को दिया। इसके बाद 7 सितंबर 2021 को सीबीआइ के पटना कार्यालय ने केस दर्ज कर इसकी जांच शुरू की। 9 सितंबर को सीबीआइ पहली बार यहां पहुंची और जांच शुरू की। इस क्रम में साहिबगंज में सीबीआइ का कैंप कार्यालय भी खोला गया। जांच के क्रम में समय-समय पर सीबीआइ यहां आती रही। अप्रैल में ही मामले की जांच पूरी हो गयी, लेकिन केस ट्रांसफर न होने की वजह से मामला अटका हुआ था। कानूनी विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा के बाद सीबीआइ ने एडीजे प्रथम की अदालत में क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी। अगर हाइकोर्ट सीबीआइ की क्लोजर रिपोर्ट को सही मान लेती है तो इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपित बनाये गये शिव कनौजिया को भी राहत मिल जायेगी।

**अपने तरह का अनोखा मामला :** रूपा तिर्की का मामला अपने तरह का अनोखा है। सीबीआइ अकसर अपनी कोर्ट में ही क्लोजर रिपोर्ट या चार्जशीट दाखिल करती है, लेकिन इस मामले में एडीजे प्रथम की अदालत में क्लोजर रिपोर्ट पेश की गयी। सीबीआइ ने करीब 19 पेज की क्लोजर रिपोर्ट सौंपी है। सूत्रों की मानें तो धनबाद में जज हत्याकांड में सीबीआइ की हुई फजीहत को देखते हुए सीबीआइ अधिकारी फूंक-फूंक कर कदम रख रहे थे। इस वजह से भी जांच में कुछ विलंब हुआ। उधर, इस पूरे मामले में पुलिस पदाधिकारियों की ओर से अनुसंधान में लापरवाही की बात सामने आ रही है, जिस विंदु पर सीबीआइ अलग से अपनी रिपोर्ट सरकार को दे सकती है।

## महिला ने डॉक्टर और नर्स पर जातिसूचक शब्द का प्रयोग करने का लगाया आरोप

# सदर अस्पताल में लोगों का हंगामा, ओपीडी सेवा बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल के गाइनिकोलॉजी विभाग में बुधवार को जम कर हंगामा हुआ। हंगामा पिठोरिया से आयी महिला ने किया। इसके बाद अस्पताल परिसर में कुछ वक्त के लिए अफरातफरी मच गयी। मिली जानकारी के मुताबिक फरहाद जबी नाम की महिला अपनी स्वास्थ्य के जांच के लिए सदर अस्पताल पहुंची थी। उसके साथ जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया गया था।




### डॉक्टर ने अभद्रता की

महिला ने बताया कि मैं पिठोरिया से इल्कराने आयी हूं। मैं अपनी समस्या बता रही थी, जिस पर ड्यूटी में तैनात डॉक्टर झल्ला गयी। नर्स और डॉक्टर ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। उन्होंने कहा कि विशेष समुदाय से होने के कारण हमारे साथ दुर्व्यवहार किया गया है। वहीं महिला के पति तैयब आलम ने कहा कि उसकी पत्नी अपनी पीड़ा बता रही थी। यहां इलाज के बजाय हम लोगों के साथ अभद्रता की गयी। इससे मन विचलित है।

### पति के साथ धरने पर बैठी

वहीं घटना के बाद सदर अस्पताल के नये भवन के मुख्य द्वार पर फरहाद जबी अपने पति तैयब आलम और 6 महीने की बच्ची के साथ धरने पर बैठ गयी। हालांकि कुछ वक्त के बाद वह धरने पर से उठ गयी। इसी बीच समाज के कुछ लोग सदर अस्पताल पहुंच कर हंगामा करने लगे।

### डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा की ठप

वहीं इस मामले पर सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार ने कहा कि मैं इस घटना की निंदा करता हूं। आरोप लगाने वाले मरीज को लिखित में शिकायत करने के लिए कहा गया है। जांच के उपरांत नियम संगत कार्रवाई करेंगे। डॉ विनोद ने कहा कि यदि किसी भी कर्मचारी के साथ मारपीट की जायेगी, ऐसे में वे अपना बचाव करेंगे। इसी को देखते हुए फिलहाल ओपीडी सेवा को बंद कर दिया गया है, जिस वजह से करीब 400 मरीज इलाज से वंचित रहे।

# ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिला कर रहेंगे : बन्ना गुप्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा लाख कोशिश कर ले, राज्य की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के काम करने की रफ़्तार को नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को आत्मसात कर काम कर रही है। सरकार का हर फैसला इस बात की नजीर है कि उसमें सर्वजन का सुख निहित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राज्य की जनता से वादा किया है कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे। बहुत जल्द इस पर भी राज्य सरकार फैसला लेने जा रही है। हर हाल में झारखंड की पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने भी सदन में इसकी घोषणा की है और राज्य सरकार ने इस पर काम करना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में ही पिछड़ों का आरक्षण छिना गया था।




FORM No.17
[See Regulation 35 (1)]

**IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JHARKHAND AT RANCHI**
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Building, Kutchery Chowk, Ranchi - 834 001 (Jharkhand)

**RECOVERY CERTIFICATE No.582 of 2018**
**In case OA Case No.552 of 2014 (Central Bank of India, Sakchi Branch, Jamshedpur Vs. M/s Harsha Enterprises & Others)**
**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY WARRANT OF ARREST SHOULD NOT ISSUED**
(See Rule 73 of Second Schedule of Income Tax Act 1961, read with Sees. 28 and 29 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993)

To,
Sushil Kumar Singh, S/o Krishna Kumar Singh, R/o.24, Sukhiya Road No.10, Bastim, P.O.- Golmuri, Dist.- East Singhbhum, Pin-831003

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/552/2014** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 19,56,858/- (Rupees Nineteen Lakh Fifty Six Thousand Eight Hundred Fifty Eight only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to executed the above Certificate by Arrest and Imprisonment of you persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on the **28.11.2022** and to show cause why you should not be committed to the CIVIL PRISION in execution of the said Certificate.

Given **under my HAND and the SEAL** of the Tribunal, on this **date 29.06.2022.**

(Kanhaiya Kumar)
RECOVERY OFFICER
Debts Recovery Tribunal, Ranchi

SEAL



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


### पांकी विधायक पर एफआइआर दर्ज

**पांकी।** जिले के मनातू थाने में पांकी से भाजपा विधायक डॉ शशि भूषण मेहता समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी है। यह एफआइआर मनातू बीडीओ सुनील प्रकाश की शिकायत पर दर्ज की गयी है। मनातू कांड संख्या 23/22 में विधायक एवं अन्य पर मारपीट करने समेत कई आरोप लगे हैं। एफआइआर में 353, 66ई आइटी एक्ट भी लगाया गया है।

# झारखंड पुलिस के डीएसपी को जल्द मिलेगी आइपीएस रैंक में प्रोन्नति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस सेवा के डीएसपी को जल्द ही आइपीएस रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। इसको लेकर गृह विभाग के द्वारा बीते 29 अगस्त को यूपीएससी को प्रोन्नति पाने वाले डीएसपी का नाम भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक यूपीएससी के द्वारा अगले सप्ताह स्क्रूटनी की जायेगी, फिर बोर्ड का गठन किया जायेगा। इसके बाद डीएसपी को आइपीएस रैंक में प्रोन्नति मिलेगी।

**गृह विभाग ने यूपीएससी को भेजी फाइल, स्क्रूटनी के बाद नाम होगा तय**



### 29 डीएसपी को ही पाया गया प्रोन्नति योग्य

यूपीएससी की गाइडलाइंस है कि जितनी रिक्ति होती है, उसके तीन गुना अधिक नाम यूपीएससी को भेजे जाते हैं। रिक्तियां 25 हैं तो नियमतः 75 नाम यूपीएससी को भेजे जाने चाहिए, लेकिन राज्य सरकार ने सभी मानकों के अनुसार सिर्फ 29 डीएसपी को ही प्रोन्नति योग्य पाया है, जिनकी सूची तैयार की गयी है।

### इन डीएसपी के नाम यूपीएससी को भेजी गयी

सरोजनी लकड़ा, अमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर, दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार-1, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार, मनीष टोप्पो, डा. कैलाश करमाली, पीतांबर सिंह खेरवार और रोशन गुड़िया शामिल हैं।


**पूर्व मध्य रेल**
**सूचना**
सूचना संख्या: सी 717/ओ/ATVM/22, धनबाद, दिनांक: 05/09/2022

धनबाद मंडल के अंतर्गत सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी/पति/पत्नी अथवा उनके वयस्क बच्चों द्वारा निम्नलिखित स्टेशनों के लिए रेल प्रशासन द्वारा दिनांक–31.03.2023 तक के लिए स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) द्वारा अनारक्षित टिकट बेचने के लिए समन्वयक (फेसिलिटेटर) की नियुक्ति के लिए निविदा के आधार पर आवेदन बन्द लिफाफे में आमंत्रित किये जाते हैं। फेसिलिटेटर की संख्या एवं स्टेशनों का ब्योरा निम्न है:–

1. स्टेशन: धनबाद, फेसिलिटेटर के लिए ATVMs मशीन की संख्या: 02, फेसिलिटेटर की संख्या (2 shift of 12 hrs.): 04. 2. स्टेशन: कोडरमा, फेसिलिटेटर के लिए ATVMs मशीन की संख्या: 01, फेसिलिटेटर की संख्या (2 shift of 12 hrs.): 02. 3. स्टेशन: डाल्टेनगंज, फेसिलिटेटर के लिए ATVMs मशीन की संख्या: 01, फेसिलिटेटर की संख्या (2 shift of 12 hrs.): 02

फेसिलिटेटर की नियुक्ति हेतु आवश्यक ब्योरा नीचे दिया गया है–

1. मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय में आवेदन जमा करने की समय एवं तिथि: आवेदन मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) कार्यालय/धनबाद में कार्यालय कार्यावधि में स्वयं अथवा निबंधित डाक द्वारा 09.09.2022 से 30.09.2022 को 17.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाना चाहिए। दिनांक 30.09.2022 को 17.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन पर रेल प्रशासन विचार नहीं करेगा। अप्राप्त पत्र या देर से प्राप्त आवेदनों जो डाक द्वारा भेजे गये हैं उसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। आवेदन उसी दिन दिनांक 30.09.2022 को 17.30 बजे खोले जायेंगे।

2. नियम एवं शर्तें साईट पर उपलब्ध है। वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थान: www.ecr.indianrailways.gov.in एवं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय एवं संबंधित स्टेशन के सूचना नोटिस बोर्ड पट्ट पर।

उपरोक्त आवेदन का विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्तें वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय तथा संबंधित स्टेशन प्रबंधक/वाणिज्य पर्यवेक्षक/वाणिज्य यातायात निरीक्षक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

टिप्पणी: इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी आवेदन/अधिसूचना को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पैब्लिक/2044/वैरथन/सीओआरल/टी/22-23/72


# अब तो राजभवन अपनी चुप्पी तोड़े : बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अब तो राजभवन अपनी चुप्पी तोड़े। अब तो सरकार ने साबित कर दिया है कि उनके पास बहुमत है। चुनाव आयोग की तरफ से सीएम की सदस्यता पर अपना मंतव्य दिये 14 दिन बीत गये, राजभवन पूरी तरह इस मामले पर शांत बैठा है। उन्होंने कहा कि इस राजनीतिक हलचल के कारण सरकारी कामों में प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े खनन पट्टा मामले में केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यपाल रमेश बैस को भेजी गयी राय को सार्वजनिक करने की मांग की है। मोरहाबादी स्थित अपने आवास में बुधवार को मीडिया से बातचीत में बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य में इन दिनों संशय का माहौल बना हुआ है। इसे दूर करने के लिए एक सितंबर को कांग्रेस, झामुमो और राजद का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला था। मुलाकात



में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से संबंधित एक पत्र सौंपा था। प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से आये मंतव्य पर पर्दा हटाने की मांग की थी। राज्यपाल को बताया गया था कि मामले को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। हकीकत यही है कि अब तक राज्यपाल द्वारा मामले को गुप्त रखा गया है। बंधु तिर्की ने कहा कि राज्यपाल डिले पॉलिटिक्स कर खरीद फरोख्त को बढ़ावा देना चाहते हैं। बंधु तिर्की ने सरना धर्म कोड का मुद्दा भी उठाया। कहा कि महागठबंधन की सरकार ने सरना कोड का प्रस्ताव पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा। लेकिन मामले में बाबूलाल और भाजपा की चुप्पी आदिवासी समाज के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।


**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा सं.–पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–49–22–23 दो पैकेट सिस्टम**

**कार्य का नाम:** तोरी शिवपुर तीसरी लाइन निर्माण के संबंध में चेनेज 3.11, चेनेज 5.295, चेनेज 5.865, चेनेज 25.775 और चेनेज 30.810 अवस्थित रेल उपरी पुलों को तोड़कर चेनेज 5.295, चेनेज 5.865 और चेनेज 30.810 पर 3 (तीन) रेल उपरी पुलों का निर्माण और अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रू.):** 57,41,80,357.23, **बोली प्रतिभूति (रू.):** 30,20,900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 18 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 27.09.2022, 15:30 बजे

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियम समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लि जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट https://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना

पैब्लिक/2044/सीओनस/ईएनजी/टी/22–23/40


# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ

**अंतिम मामले में हाइकोर्ट ने दी जमानत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के जेल से निकलने का रास्ता साफ हो गया है। बुधवार को हाइकोर्ट में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और निर्मला देवी को जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने जमानत दे दी है। प्रार्थियों के अधिवक्ता मनीष कुमार ने जानकारी दी कि चिरुडीह गोलीकांड में योगेंद्र साव को जमानत मिलने के बाद चिरुडीह से ही जुड़े एक अन्य मामले में उनकी जमानत नहीं हुई थी, जिसके कारण योगेंद्र साव जेल से नहीं निकल सके थे। उस मामले में अदालत ने न्यायिक हिरासत की लंबी अवधि को देखते हुए योगेंद्र साव को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है, जिसके बाद उनके जेल से निकलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि निर्मला देवी को अभी जेल में ही रहना होगा। क्योंकि चिरुडीह कांड में उन्हें न्यायालय में दस साल की सजा सुनायी है।




**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from the reputed firms/contractors for repair and renovation work of V.C.'s residence, Ranchi University, Ranchi. Envelope containing tender should be clearly marked as **"Tender for repair and renovation work of V.C.'s residence, Ranchi University".** The tender document can be purchased from the office of C.C.D.C., Ranchi University, Ranchi on any working days from **08.09.2022 to 29.09.2022** between **10.30 a.m.** to **4.00 p.m.** on payment of Rs.1,000 (Rupees One Thousand Only) by non-refundable demand draft in the favour of **"Registrar, Ranchi University".** payable at **Ranchi** and EMD amount of Rs.25,000.00 (Rupees Twenty Five Thousand only) in the favour of **"Registrar, Ranchi University"**, payable at **Ranchi.**

The tenders can be submitted until **12.00 p.m. on 29.09.2022** in the office of C.C.D.C., Ranchi University and will be opened on the same day at 3.30 p.m. University reserves the right to accept or reject any tenders without assigning any reason whatsoever.

**By order of the Vice Chancellor**
**Sd/-**
**Registrar**
**Ranchi University, Ranchi**

Memo No.: PL/ 83-86
Dated : 05.09.2022

# डीसी ने पुराना बस स्टैंड के समीप सब्जी मंडी परिसर का किया मुआयना

**व्यवस्थित बाजार के रूप में परिणत करने के निर्देश**
**सब्जी मंडी का होगा कायाकल्प, पेवर्श ब्लॉक, हाई मास्क लाइट, शेड, चहारदीवारी, कोल्ड स्टोरेज का होगा निर्माण**



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने बुधवार को शहर की विधि व्यवस्था एवम विभिन्न स्थानों का निरीक्षण को लेकर शहर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होनें पुराना बस स्टैंड के समीप लगने वाले दैनिक सब्जी मंडी व आसपास रोड के किनारे भीड़ भाड़ की स्थिति उत्पन्न होने के कारण उपायुक्त ने सड़कों पर अतिक्रमण कर सब्जी व फल बेचने वाले दुकानों को एक स्थान पर बैठने की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। सब्जी मार्केट पहुंचने के बाद उपायुक्त ने वहां की स्थिति को देखा। उन्होनें सब्जी मंडी का मुआयना कर संपूर्ण मंडी परिसर में पेवर्स ब्लॉक बिछाने सहित चहारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मंडी परिसर के अंदर अवस्थित जर्जर हो चुके ऑफिसर क्लब को हटाकर उस जगह कोल्ड स्टोरेज का निर्माण जिला परिषद् के द्वारा कराने का निर्देश मौके पर मौजूद उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित को दिया। उन्होनें सब्जी मंडी को विकसित करने और पूरे मंडी का समतलीकरण कर सब्जी लगाने के लिए शेड का निर्माण, हाई मास्क लाइट, सुरक्षा के दृष्टिकोण गेट लगाने सहित साफ सफाई की ठोस व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। उन्होनें कहा की स्थानीय दुकानदारों को एक व्यवस्थित जगह मिल जाने से सड़को पर जाम की स्थिति नही बनेगी। मौके पर स्थानीय दुकानदारों से उपायुक्त ने बातचीत कर मंडी के सौंदर्यकरण की बात बताई और कहा की सड़क के किनारे सब्जी, फल, रेडी लगाने से यातायात तो प्रभावित होती ही है साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए मंडी का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा की स्थानीय सब्जी के दुकानदारों की सुविधा के लिए परिसर में ही एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया जाएगा। बरसात के दिनों में पानी से होने वाले कचड़े से बचाव के लिए दुकानों के लिए शेड का निर्माण व जमीन का समतलीकरण कर पेवर्श ब्लॉक बिछाए जायेंगे। साथ ही रात में समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए हाई मास्क लाइट लगाए जायेंगे। स्थानीय दुकानदारों ने उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को अपने समक्ष पाकर उत्साहित नजर आए साथ ही सब्जी मंडी के कायाकल्प के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उपरोक्त सभी कार्य जिला परिषद के द्वारा किए जाएंगे। मौके पर उपायुक्त, उपविकास प्रेरणा दीक्षित, सदर सीओ राजेश कुमार, जिला परिषद के अभियंता सीबी सिंह व अन्य मौजूद थे।

## सार्वजनिक मनसा पूजा की कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र गंगपाचो पंचायत के ग्राम पैसरा में सार्वजनिक मनसा पूजा को लेकर कलशयात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित हुवे। सभी श्रद्धालु गाचे बाजे के साथ जयधोष का नारा लागते हुवे उत्तरवाहिनी जल भर मंदिर में कलश को स्थापित किया। वहीं पुर्व विधायक ने कहा कि पुजा पाठ होने से मन को शांति मिलती है इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, उपप्रमुख सुरजी देवी, बीससूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया चिंता देवी, उप मुखिया प्रतिनिधि पंकज कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, पंसंस प्रतिनिधि बचनदेव दास, वार्ड सदस्य सूरज कुमार, सुरेश प्रसाद, लालू रजक, पन्नू चौधरी, लेखराज प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, मनोहर चौधरी रामचंद्र प्रसाद, भीखन यादव, चुरामन महतो, शंकरदयाल प्रसाद, द्वारिका महतो, दिनेश यादव सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## केरेडारी पुलिस ने दो लोगों को भेजा जेल

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** केरेडारी पुलिस ने केरेडारी टंडवा मुख्य सड़क स्थित डमहाबागी से एक लाल रंग के टेम्पु में लदे अवैध लोहे को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है गस्ती के दौरान अवैध लोहे के साथ मनीष पाण्डेय पिता हल्खो पाण्डेय व सब जीवन लोहार उर्फ कृष्ण कुमार के विरुद्ध केरेडारी थाना कांड संख्या 131/22 भादवि की धारा 379,413,414 व 34 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी नायल गॉडविन केर-केट्टा ने कहा की अपराधी किसी भी किम्मत पर बक्से नहीं जायेंगे।

## कोल्हू में दुर्गा पूजा समिति का गठन संतोष मंडल बने पूजा समिति के अध्यक्ष



**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के कोल्हू में दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर संतोष मंडल की अध्यक्षता में बैठक की गई बैठक में पूजा सुचारू रूप से संचालन के लिए समिति का गठन किया गया जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष संतोष मंडल (टाटीझरिया प्रमुख) को चुना गया उपाध्यक्ष मुकेश मंडल ,सचिव बीरेंद्र प्रसाद,उपसचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष प्रकाश प्रसाद उप उपकोषाध्यक्ष अशोक प्रसाद और पूजा व्यवस्थापक जगदेव प्रसाद और शंकर प्रसाद को चयन किया गया।

## दस लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** गत चार सितंबर को केरेडारी के पचड़ा पंचायत में सीसीएल के द्वारा प्रस्तावित चन्द्रगुप्त कोयला खनन परियोजना के एमडीओ सुशी इंफ्रा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के जीएम आर एस यादव की गाड़ी को रोककर किये गए हमले के विरुद्ध में जीएम यादव ने एसपी और बड़कागांव एसडीपीओ को आवेदन सौपकर दस लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करने का आग्रह किया है। इधर केरेडारी थाना में भी आवेदन पहुँचते हिं मामला दर्ज करने की बात कही गई। श्री यादव ने बताया कि गत चार सितंबर को चतरा डीएफओ एसपी सुमन के साथ पचड़ा के वन क्षेत्र में विजिट में गए थे। चुकी वन क्षेत्र की जमीन भी माइंस में जायेगा इसी को दिखाने जंगल मे ले गए थे ।इस दौरान ग्रामीणों से बात-चीत भी हुई लेकिन लौटने के दौरान पचड़ा-सिझुआ के पास दस-बारह लोग लाठी-डंडों से घेर लिया और डीएफओ के सामने मेरे गाड़ी का शीशा तोड़ दिया,मोबाइल छीन ली और मार-पीट भी की। जैसा कि जानकारी है चन्द्रगुप्त माइंस खुलने की सुगबुगाहट से यहां लोग तीन गुट में बंट गए हैं। उसी में एक गुट हमला किया कि बगैर हमे जानकारी दिए गांव में कैसे घुस गया। इधर थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने बताया कि लिखित बयान के आधार पर 10 लोगों के विरुद्ध केरेडारी थाना कांड संख्या 130/22 भादवि की धारा 147/ 148/ 149, 323/ 307/ 353/ 427/ 379/ 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है केरेडारी पुलिस इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

## अज्ञात चोरों ने की दो दुकानों में सेंधमारी, 30 हजार से ज्यादा की चोरी

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत जलवाबाद में बीती रात दो दुकानों से लगभग तीस हजार के सामानों की चोरी कर ली गई है। जिसमें एक मोबाइल दुकान और एक अभ्रक दुकान से चोरी की गई है। मोबाइल दुकान के संचालक मोहम्मद शहजाद उर्फ मोती ने बताया कि हर दिन की तरह मंगलवार की देर रात दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। जब सुबह वे दुकान खोलने के लिए आए तो देखा है कि ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। नगद और सामान लेकर लगभग 20 हजार की चोरी कर ली गई है। वहीं इस अभ्रक करोबारी हाफीजी से पूछे जाने पर उसने बताया कि रात में अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। सुबह आकर खुला देखा कि ताला टूटा हुआ है और 10 हजार से अधिक के सामान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संभवतः चोरों ने एक रॉड के सहारे घटना को अंजाम दिया और घटना के बाद रॉड यहीं छोड़कर भाग गए।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** डोमचांच प्रखंड स्थित पुरनाडीह पंचायत भवन में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण की रोकथाम हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई कोडरमा द्वारा जे.एस.एल.पी.एस की सक्रिय महिला सदस्यों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बच्चों के संरक्षण अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण, बाल उत्पीड़न, लिंग जांच एवं बाल व्यापार के दुष्प्रभाव तथा स्पॉन्सरशिप योजना के संबंध में बताया गया। उन्होंने सभी सक्रिय महिला सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि गांव स्तर पर बाल शोषण, श्रम की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें।

## यक्ष्मा, आइसीटीसी, एआरटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** बुधवार को डॉ. रमन कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, कोडरमा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सभागार, कोडरमा में यक्ष्मा, आईसीटीसी, एआरटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। उक्त बैठक में उपाधीक्षक सदर अस्पताल कोडरमा डा. मनोज कुमार, जिले के यक्ष्मा कर्मी एस.टी.एल.एस प्रकाश कुमार रवि, डीएनओ दिपेश कुमार एवं आईसीटीसी कॉउन्सलर सुमीता कुमारी के साथ-साथ प्रखण्ड स्तर से यक्ष्मा, आईसीटीसी, एआरटी से संबंधित कार्य कर रहे कर्मियों ने भाग लिया। डॉ रमन कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने क्षेत्र में यक्ष्मा से किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी ली। उनके द्वारा प्रयोगशाला प्रावैद्यिक को निर्देशित किया गया कि यक्ष्मा से संबंधित लक्षण वाले मरीजों का शत-प्रतिशत बलगम जांच के साथ-साथ ब्लड शुगर जॉच, एचआईवी जॉच एवं तम्बाकू की स्क्रीनिंग किया जाए। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के पी.आर.आई सदस्यों से संपर्क कर यक्ष्मा बिमारी से संबंधित जानकारी दी जाए। डा. मनोज कुमार उपाधीक्षक सदर अस्पताल ने बताया कि सदर अस्पताल कोडरमा में आये मरीजों में अगर यक्ष्मा के लक्षण ह्लदो हफ्तो से अधिक की खॉसीह्ल, ह्लवजन कम होनाह्ल, ह्लधीमा बुखारह्ल, ह्लबलगम में खुन आनाह्ल से संबंधित समस्या आने पर चिकित्सको द्वारा उनको बलगम जॉच हेतु भेजा जा रहा है। उक्त मासिक बैठक में संजय वर्मा, इन्द्रदेव यादव, संजीव राजहंस, मिथलेश प्रसाद, मो. जफीम, श्रीकान्त निराला, पॉल एक्का, शैलेन्द्र कुमार, मिथिलेश कुमार, सतीश कुमार, संजय कुमार, प्रतिभा नारायण, वन्दना सिंह, अन्जिला, बबीता कुमारी, कृष्णकान्त मणि, स्नेहलता कुमारी, सुशील कुमार आदि ने भाग लिया।

## विधायक ने कैंसर पीड़ित के परिजन को दिया एक-एक लाख का चेक



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** विधायक सह सदस्य सरकारी आश्वासन समिति एवं निवेदन समिति ने दिन बुधवार को एक-एक लाख का चेक कैंसर पीड़ित के परिजनों को सौंपा। यह राशि बड़कागांव प्रखंड के महूदी अंसारी मोहल्ला निवासी कैंसर पीड़ित मोहम्मद इशरत हुसैन एवं पदमा निवासी मुकेश कुमार के पुत्रों के इलाज के लिए दी गई। चेक दोनों पीड़ितों के परिजनों को हजारीबाग स्थित आवास में सौंपा गया वही अंबा प्रसाद ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। ज्ञात हो कि उनका इलाज सीएमसी वेल्लोर में कराया जाना है जिसे पूर्व भी विधायक के पहल पर 50000 का सरकारी मदद उपलब्ध कराया गया था। मालूम हो कि उक्त दोनों कैंसर पीड़ित के परिजन आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनके परिजनों ने विगत दिनों बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर समुचित इलाज में सहयोग की मांग की थी। परिजनों ने उन्हें बताया कि सीएमसी वेल्लोर ने इलाज में काफी रुपए खर्च होने की संभावना है जिसकी व्यवस्था करने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। समय रहते इलाज कराना अति आवश्यक हो गया है। इसी आलोक में अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहयोग करने का आग्रह किया था।

## बैंक ऑफ इंडिया की 117 वीं वर्षगांठ मनायी गयी

**बड़कागांव बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 60 हजार ग्राहकों के बीच 131 करोड रुपए का कारोबार मुख्य शाखा प्रबंधक : विभूति कुमार सिन्हा**



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 117 वें वर्षगांठ समारोह मुख्य शाखा प्रबंधक विभूति कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनाया गया । सर्वप्रथम बैंक ऑफ इंडिया शाखा को दुल्हन की तरह सजाया गया और केक काट कर ग्राहकों के बीच मिठाई बाटी गई । इस अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक विभूति कुमार सिन्हा ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव शाखा में 60 हजार ग्राहकों को सेवा दे रही है । बैंक ऑफ इंडिया शाखा बड़कागांव में अब तक 131 करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ है। जिसमें लगभग 91 करोड़ रूपया फिक्स डिपाजिट तथा 40 करोड रुपया ऋृण में लगाया गया है । इस अवसर पर सीनियर मैनेजर तुषार सिन्हा ने कहा कि सरकार की सारी योजनाएं बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा ग्राहकों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाती है। इसके लिए सभी ऑफिसर टीम भावना से काम करते हैं । ताकि ग्राहकों को किसी तरह की असुविधा ना हो। इस अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक विभूति कुमार सिन्हा, सीनियर मैनेजर तुषार सिन्हा, रामचंद्र सोरेन, ऑफिसर हिमांशु शेखर, साहिल शर्मा, क्लर्क रघुनंदन साव, रोहित कुजूर,अभिषेक पाल, विनोद राणा, तपन श्रीवास्तव, गार्ड शंकर ठाकुर, अंतशिया दुडू, अजय कुमार, अरविंद कुमार, दिनेश कुमार सहित सैकड़ों ग्राहक उपस्थित थे।

## डोभा में डूबने से एक युवक की हुई मौत करम त्योहार की खुशियां बदली मातम में



**दारू/हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रामदेव खैरिका पंचायत के कवालु में एक युवक की नहाने के क्रम में डोभा में डूबने से मौत हो गई। युवक का नाम पवन ठाकुर उर्फ बीरा (उम्र 25 वर्ष ) पिता सहदेव उर्फ सितन ठाकुर कवालु का निवासी था ।क्षेत्र में चारो तरफ कर्मा त्योहार की खुशियां थी त्योहार के दूसरे दिन बुधवार को कर्मा की डाली को विसर्जन किया जाना था इसी बीच युवक नहाने के लिए गोपलो और कवालु के बीच बने डोभा में नहाने चला गया। नहाने के दौरान वह गहरी पानी मे चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई ।युवक को डूबते गांव के ही कुछ लोगों ने देखा और हो हल्ला करने पर आसपास के लोग जमा हो गए और उसका शव डोभा से निकाला गया पर उसकी मौत मौके पर ही हो गई थी। युवक विवाहित था पर उसका कोई बच्चा नही था। युवक मानशिक रूप से बिछिप्त भी था। घटना की जानकारी मिलने पर दारू थाना से पुलिस ने जाकर शव को अपने कब्जे में कर लिया और पोस्ट मोर्टम के लिए शव को भेजने की तैयारी की जा रही थी।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**इचाक(आजाद सिपाही)।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ ओम प्रकाश ने किया। बैठक में डॉ ओम प्रकाश ने बताया की 16 सितंबर से 30 सितंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलेगा। 16 सितंबर को विभिन्न बूटी पर सहिया एवं आगनबाडी सेविकाओं द्वारा डीईसी एवं अलबेडा जोल की खुराक खिलाई जाएगी। 17 सितंबर से 30 सितंबर तक छूटे हुए व्यक्तियों को घर घर जाकर सहिया एवम सेविकाओं द्वारा एमडीए की दवा खिलाई जाएगी। बैठक का संचालन एमटीएस संत कुमार ने किया। बैठक में प्रमुख पार्वती देवी, वीडिओ रिंकू कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, अकाउंट मैनेजर रत्नेश सिंह, फार्मासिस्ट रमेश प्रसाद, दिगंबर मेहता समेत अन्य शामिल थे।

## 7 सितंबर से 14 सितंबर तक चलेगा राजभाषा सप्ताह

# देश की पहचान है राष्ट्रभाषा : कुलपति



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरवा-खरवा स्थित मुख्य कैंपस में बुधवार को राजभाषा सप्ताह समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एकेडमिक डॉ बिनोद कुमार, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों दीप प्रज्वलन कर व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बता दें कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हिंदी निबंध, स्वरचित कविता लेखन व प्रस्तुति, काव्य व कविता पर आधारित गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता, लेखक-लेखिका, कवि-कवयित्री के चित्र व उनके लेखन पर आधारित चित्र प्रतियोगिता समेत अन्य प्रतियोगिताएं इस दौरान आयोजित की जाएगी। इस मौके पर राजभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने राष्ट्रभाषा को राष्ट्र की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास के दौर में भी राजभाषा के प्रयोग में वृद्धि के लिए वेबसाइट, ई-मेल एवं सूचना प्रबंधन कार्यों में हिंदी का प्रयोग किए जाने की आवश्यकता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि हिंदी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। हिन्दी केवल भाषा ही नहीं इससे विश्व में हमारी पहचान भी है। देश की आजादी और विकास में हिंदी भाषा के योगदान को उन्होंने अहम बताया। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपनी माता के प्रति आदर भाव रखते हैं, वैसे ही हमें अपनी मातृभाषा के प्रति भी आदर भाव रखना चाहिए। समारोह को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोजी कांत, डॉ रूद्र नारायण, डॉ अरविंद कुमार, डॉ प्रिया पॉल, नेहा सिन्हा, रोहित कुमार, संजय कुमार दांगी, उमा कुमारी, प्रीति वर्मा, प्रीति व्यास, ऋचा समेत अन्य का अहम योगदान रहा।

## करम पर्व शांतिपूर्वक संपन्न



**चरही(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोयलांचल एवं बरगहियां क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ कर्मा पर्व संपन्न हुआ। करमा पूजा कर रहे महिलाएं अपने भाईयों का सलामती की कामनाएँ करती है और साथ ही पर्यावरण बचाने के लिए पूरी दुनिया को करम पूजा करना चाहिए। करम पर्व झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल,ओडिशा समेत कई राज्यों में मनाया जाता हैं। लेकिन झारखंड में इसकी भव्यता अलग ही है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को लेकर चिंतित है। आने वाले दिनों में सबसे बड़ी समस्या पानी की ही होगी। हमारे पूर्वज पेड़ काटने से होने वाले नुकसान को जानते थे। इसलिए उन्होंने प्रकृति को अपनी सभ्यता से जोड़ा औंर पेड़ों की पूजा करने लगे ।जिससे पर्यावरण अशुद्ध ना हो सके।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सीएचसी में बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सीएचसी में बैठक हुई ।अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी व संचालन सीएचसी प्रभारी डॉ अर्जुन सोरेन ने की ।जहां मुख्य रूप से बीडीओ कृतिबाला लकड़ा,सीडीपीओ नीलम रानी बीईईओ किशोर कुमार शामिल हुए ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्जुन सोरेन ने कहा कि प्रखण्ड क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 16 से 30 सितंबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित की जाएगी ।बरकट्ठा व चलकुशा प्रखण्ड क्षेत्र में गर्भवती महिला व असाध्य रोग से पीड़ित लोगों को छोड़कर 19 प्लस आयु वर्ग के महिला पुरुष को फाइलेरिया की दवा डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी ।उन्होंने कहा इसके लिए लोगो को जागरूक किया जाएगा ।मौके पर उपप्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी,उतीम महतो,बीपीएम रंजीत कुमार,बीडीएम भावेश सिंह,एमटीएस रुपलाल कुमार,बीटीटी प्रकाश पंडित समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## जेपी पटेल की पहल पर लगा ट्रांसफॉर्मर

**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टाटीझरिया पंचायत अंतर्गत होलंग में विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की पहल पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। होलंग में पिछले सप्ताह से ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण पूरा गांव अंधकार में था। बच्चों की पढ़ाई के साथ घरेलू कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव से ट्रांसफॉर्मर लगवाने की गुहार लगाई थी। विधायक के पहल पर ट्रांसफॉर्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया है।

## भाइयों की लंबी आयु के लिए बहनों ने की करम पूजा



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागॉव प्रखंड के विभिन्न गांवों में झारखंडी संस्कृति की पहचान करमा पर्व व प्राकृतिक का उपकार और भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक कर्मा पूजा धूमधाम से संपन्न हुआ ।इस दौरान बहनों ने उपवास रखकर संध्या में अपने भाई की मंगलकामना के लिए , कर्म धर्म की पूजा की ।इस मौके पर जगह-जगह अखरा में करम डाली स्थापित कर बहनों ने भाईयों की लंबी आयु के लिए अर्चना की एंव प्राकृतिक की पूजा का अच्छी फसल को कामना करते हैं ।इससे पूर्व महिलाएं चौबीस घंटे का निर्जला उपवास रखीं ।अखरा में कहीं पाहन तो कहीं पुरोहित ने करमा पूजन संपन्न कराया ।एंव करम-धरम का कथा भी सुनाया गया। डीएसपी अमित कुमार सिंह,थाना प्रभारी बिनोद कुमार तिर्की के नेतृत्व में पुलिस बल दिन-रात गस्ती करते नजर आए ।कंही किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। क्षेत्र में शांति बनी रही। कहीं पारंपरिक गीतों ढोल नगाड़ा मांदर के साथ तो कहीं डीजे सॉउण्ड के साथ रात -दिन थिरके लोग बड़कागांव के विभिन्न मोहल्लों के अखाड़ों में पूजन के बाद महिलाएं व पुरुष रात भर करम डाल के पास डीजे साउंड के साथ -साथ पारंपरिक गीतों ढोल नगाड़ा मांदर के थाप पर नाचते नजर आए। जबकि बड़कागांव के सॉंढ़- छ्पेरवा, गोंदलपुरा, बादम, चन्दौल,पुन्दोल,नयाटांड, नापोकला, तलसवार, हरली, गोंदल पूरा, सीकरी, समेत अन्य गांवों में पारंपरिक गीतों व ढोल,नगाड़ो मांदर के साथ -साथ डीजे साउंड पर झूमर गीतों पर नाचे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन झारखंड 12 सितंबर को राजभवन के समक्ष देगा धरना

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन झारखंड के तत्वधान में 12 सितंबर 2022 को रांची स्थित राजभवन के समक्ष एक दिवसीय महा धरना का आयोजन किया गया है। उक्त धरना साडे 4 माह के अंदर झारखंड के विभिन्न जिलों में तेली समाज के 6 लोगों की हत्या के खिलाफ अपराधियों को सजा एवं परिजनों को मुआवजा की मांग को लेकर की जा रही है। 23 अप्रैल 2022 को कोडरमा जिला अंतर्गत डोमचांच थाना के अर्जुन साव की हत्या, 29 अप्रैल को धनबाद जिला अंतर्गत झरिया थाना के रंजीत साव की हत्या, 16 जून को धनबाद जिला अंतर्गत टुंडी थाना के नारायण महतो की हत्या, 14 जुलाई को गिरिडीह जिला अंतर्गत वासुदेव साव की हत्या, 14 अगस्त को खूंटी जिला अंतर्गत कलावती देवी की हत्या एवं 25 अगस्त को देवघर जिला अंतर्गत जसीडीह थाना के शिबू मंडल की हत्या के विरोध में धरना का आयोजन की जा रही है। हजारीबाग जिले से भी अधिक संख्या में समाज के लोग धरना में शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी बैजनाथ साव ने दी।

## उप प्रमुख ने प्रखंड के विभिन्न करम पूजा स्थलों का किया दौरा



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उप प्रमुख बचन देव कुमार करमा पूजा को लेकर प्रखंड के कांडतरी, मिजार्पुर, सोनपुरा, शिवाडीह, हरली, बादम, गोंदलपुरा, तलशवार सहित अन्य जगहों के कर्मा स्थलों का दौरा किया। सभी कर्मा व्रतियों के साथ झारखंड की संस्कृति ढोल नगाड़ों के साथ नाचे गाए झूमे। वही कर्मा पूजा कर रहे बहनों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया। वहीं उपस्थित सभी माताओं बहनों को उप प्रमुख वचन देव कुमार ने कहा कि यह भाई बहनों का पवित्र त्यौहार है इसमें भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहने निर्जला उपवास कर पूजा पाठ करती है इसके साथ-साथ यह प्राकृतिक को पूजने वाला त्यौहार है इसमें हम सभी लोगों को मिलकर बहनों के साथ-साथ प्राकृतिक का भी संरक्षण का ख्याल रखना पड़ेगा तभी हम लोग सुरक्षित रख सकेंगे। आगे उन्होंने कहां की यह हम सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर समाज वैसे बहनों को विद्यालय भेजना चाहिए जो पढ़ने के लिए नहीं जाते हैं और जिन्हें पढ़ने नहीं दिया जाता है।

## करमा पूजा अखरा में शामिल हुई मुखिया काजल देवी, खेली झूमर



**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रकृति पर्व करमा पूरे प्रखंड में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जिसमें बहनों ने अपने भाइयों की सुख समृद्धि और दीर्घायु होने की कामना की। पंचायत चंपानगर नावाडीह अंतर्गत विभिन्न पूजा अखरा में मुखिया काजल देवी शामिल हुई और लोगों के साथ झूमर भी खेलीं। साथ ही उन्होंने पंचायतवासियों को शुभकनाएं देते हुवे कहा कि हमारे झारखंड के प्रमुख पर्वों में एक करमा पूजा कृषि और प्रकृति के प्रति मानव जगत की कृतज्ञता के प्रतीक के साथ साथ भाई-बहन के अटूट प्रेम का भी प्रतीक है। करमा पूजा एकता और भाईचारगी के साथ जीवन जीने की सीख देता है। करम-धरम की कथा में सामूहिकता का पाठ विद्यामान है। सभी वर्गों को मिलजुल कर अपनी-अपनी तरक्की का संदेश देता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में करमा पर्व की महत्ता ज्यादा है।

# शिक्षा की सुध

इस शिक्षक दिवस पर प्रधानमंत्री ने ट्वीट करके घोषणा की कि प्रधानमंत्री स्कूल्स फार राइजिंग इंडिया यानी पीएम-श्री योजना के तहत देश के साढ़े चौदह हजार स्कूलों को विकसित और उन्नत किया जाएगा। यानी उम्मीद जगी है कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी लाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। शिक्षा क्षेत्र की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। शिक्षा संबंधी तमाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में बरसों से सरकारी स्कूलों में भवन, पीने के पानी, पाठ्य सामग्री, टाट-पट्टी आदि के अभाव के साथ-साथ अध्यापकों की बेहद कमी के तथ्य उजागर होते रहे हैं। फिर यह भी हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि बजट में शिक्षा पर खर्च का प्रावधान आवश्यकता से काफी कम होने की वजह से स्कूलों की दशा में सुधार नहीं आ पा रहा। इसकी वजह से जो थोड़े सक्षम हैं वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजना बेहतर समझते हैं। इससे प्रोत्साहित होकर निजी स्कूलों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। मगर इसका नकारात्मक प्रभाव यह पड़ रहा है कि शिक्षा का अधिकार सांविधानिक संकल्प होने के बावजूद सभी बच्चों तक मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित नहीं हो पा रही। इसके चलते साक्षरता की दर अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पाई है। केंद्र सरकार इन तथ्यों से अनजान नहीं मानी जा सकती। हालांकि शिक्षा समवर्ती सूची का मामला है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों को साथ मिल कर काम करना होता है। जिन राज्यों में केंद्र से भिन्न राजनीतिक दल की सरकारें हैं वहां वे अक्सर स्कूलों की दुर्दशा का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ती नजर आती हैं। मगर जिन राज्यों में केंद्र के सत्ताधारी दल की सरकारें हैं, वहां भी स्थिति बद से बदतर ही हुई है। आज स्थिति यह है कि कोई राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी को अपनी उपलब्धि के तौर पर नहीं गिना सकती।

**शिक्षा संबंधी तमाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में बरसों से सरकारी स्कूलों में भवन, पीने के पानी, पाठ्य सामग्री, टाट-पट्टी आदि के अभाव के साथ-साथ अध्यापकों की बेहद कमी के तथ्य उजागर होते रहे हैं।**

दिल्ली को अपवाद जरूर मान सकते हैं। दरअसल, सरकारी स्कूलों की दशा चिंताजनक होने के पीछे लंबी परंपरा चली आ रही है, जिसमें सरकारी स्कूलों के बजाय निजी क्षेत्र को स्कूल खोलने को प्रोत्साहन दिया गया। ऐसी इच्छुक कंपनियों, उद्यमों, संगठनों को सस्ती दर पर जमीन उपलब्ध कराई गई। मगर उस नीति ने शिक्षा को कारोबार में बदल दिया। अब धीरे-धीरे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पैसे वाले लोगों की पहुंच की चीज बन कर रह गई है। इस तथ्य से भी केंद्र सरकार अनजान नहीं। अच्छी बात है कि साढ़े चौदह हजार स्कूलों को विकसित और उन्नत करने का संकल्प लिया गया है, मगर इतने से शिक्षा के क्षेत्र में कितनी बेहतरी आएगी, देखने की बात है। अगर सचमुच केंद्र सरकार शिक्षा क्षेत्र में बेहतरी को लेकर संजीदा है, तो उसे पहले उन बुनियादी अवरोधों को हटाने का प्रयास करना चाहिए, जिसके चलते सरकारी स्कूल दुर्दशा के शिकार हैं। नयी योजना बना कर महज स्कूलों का रंग-रोगन कर देने या उनमें कुछ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा देने भर से वहां पढ़ाई-लिखाई का माहौल बेहतर हो जाने का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। साढ़े चौदह हजार स्कूल ही सही, अगर उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल बनता है, तो आगे का रास्ता आसान हो सकता है।

**रूसी संघ में भारतीय समुदाय का आकार केवल 14,000 के आसपास अनुमानित है। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत के बाहर रहने वाले 32 मिलियन एनआरआई और ओसीआई हैं और विदेशी भारतीयों में दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी शामिल है। हर साल 2.5 मिलियन भारतीय विदेशों में प्रवास करते हैं, जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे अधिक वार्षिक संख्या है। 2021-22 में, भारत का कुल आवक प्रेषण 85.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो किसी भी देश द्वारा दर्ज किया गया सबसे बड़ा है।**

# भारतीय 'रूप' और रूसी 'मीर' एक साथ नये अवसरों की तलाश में

नंतू बनर्जी




**रूस में रुपे कार्ड की शुरुआत से बेस्ट बाय, एप्पल कार्ड, मास्टरकार्ड, वीजा, चेज सैफायर प्रेफर्ड और चेज फ्रीडम अनलिमिटेड जैसे अमेरिकी कार्डों के प्रभुत्व वाली दुनिया में भारत की वित्तीय कनेक्टिविटी में तेजी से वृद्धि होगी। विश्व स्तर पर, सबसे लोकप्रिय क्रेडिट कार्ड कंपनी चेज है। मास्टरकार्ड के 319 मिलियन के मुकाबले वीजा के पास एक मजबूत क्रेडिट कार्ड नेटवर्क है, जिसमें 353 मिलियन कार्ड प्रचलन में हैं।**

यह जानकर अच्छा लगा कि रूस और भारत एक-दूसरे के डेबिट और क्रेडिट कार्ड स्वीकार करने पर चर्चा के एक उन्नत चरण में हैं। क्या दोनों देशों को सहमत होना चाहिए, भारतीय एटीएम (स्वचालित टेलर मशीन) जल्द ही रूसी एमआईआर कार्ड स्वीकार करेंगे। और, रूस में भारतीय रुपे कार्ड स्वीकार किये जाएंगे। इसके अलावा, दोनों देश इंटरबैंक ट्रांसफर सेवाओं के पारस्परिक कार्यान्वयन पर विचार कर रहे हैं- भारत का एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और एसपीएफ एस, स्विफ्ट का रूसी संस्करण है। एमआईआर कार्ड की भारत की स्वीकृति से पांच साल पुरानी रूसी इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर प्रणाली को ऐसे समय में एक बड़ा बढ़ावा मिलेगा जब देश पश्चिमी देशों और जापान से व्यापक वित्तीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है।

अब तक, एमआईआर को 11 देशों में स्वीकार किया जाता है, जिसमें ज्यादातर मध्य एशियाई गणराज्य (पूर्व यूएसएसआर के सदस्य) शामिल हैं। हाल के भागीदारों में तुर्की, वेनेजुएला और क्यूबा शामिल हैं। ईरान भी एमआईआर को मान्यता दे सकता है। रूस पर पश्चिमी और जापानी वित्तीय प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप रूसी बैंकों को वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। एमआईआर को निकट भविष्य में कई देशों में पेश किया जा सकता है, जहां रूसी अक्सर मनोरंजन के लिए जाना पसंद करते हैं। 15 से अधिक देशों ने पहले ही एमआईआर को स्वीकार करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसमें मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और थाईलैंड जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल शामिल हैं। भारत का गोवा भी रूसी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है।

**रुपये और रूबल के पारस्परिक उपयोग की संभावना से दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन के उच्च स्तर की उम्मीद है।**

भारत अन्य देशों में रुपे की मार्केटिंग में धीमा रहा है। केवल चार देश-संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, सिंगापुर और नेपाल-भारत के 10 साल पुराने रुपे कार्ड सिस्टम का उपयोग करते हैं। रूस में रुपे कार्ड की शुरूआत से बेस्ट बाय, एप्पल कार्ड, मास्टरकार्ड, वीजा, चेज सैफायर प्रेफ र्ड और चेज फ्रीडम अनलिमिटेड जैसे अमेरिकी कार्डों के प्रभुत्व वाली दुनिया में भारत की वित्तीय कनेक्टिविटी में तेजी से वृद्धि होगी। विश्व स्तर पर, सबसे लोकप्रिय क्रेडिट कार्ड कंपनी चेज है। मास्टरकार्ड के 319 मिलियन के मुकाबले वीजा के पास एक मजबूत क्रेडिट कार्ड नेटवर्क है, जिसमें 353 मिलियन कार्ड प्रचलन में हैं। जुलाई के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में कहा गया है कि मई में देश में 76 मिलियन क्रेडिट कार्ड प्रचलन में थे, जबकि 923 मिलियन डेबिट कार्ड थे। और, अगले महीने के बाद से लाखों लोग जो कुछ भी अपना दिल लगाते हैं उसे खरीद सकेंगे और एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) से जुड़े रुपे के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। इस वर्ष 1 अप्रैल तक, प्रचलन में एमआईआर-अनुपालन कार्डों की संख्या 125 मिलियन से अधिक हो गई। इसके अलावा, भारत और रूस इंटरबैंक ट्रांसफर सेवाओं-यूपीआई और एसपीएफएस के पारस्परिक कार्यान्वयन पर विचार कर रहे हैं। स्विफ्ट एक सदस्य-स्वामित्व वाली सहकारी संस्था है जो अपने सदस्यों के लिए सुरक्षित और सुरक्षित वित्तीय लेनदेन प्रदान करती है। सेंट्रल बैंक ऑफ रूस द्वारा विकसित वित्तीय संदेशों के हस्तांतरण के लिए सिस्टम (एसपीएफ एस) स्विफ्ट प्रणाली का एक काउंटर उपाय है। 12 देशों के लगभग 70 विदेशी वित्तीय संगठन पहले ही वित्तीय संदेश प्रणाली के रूस के घरेलू विकल्प में शामिल हो चुके हैं। रूस अपने वित्तीय क्षेत्र को अभूतपूर्व पश्चिमी प्रतिबंधों के अनुकूल बनाने में मदद करने की कोशिश कर रहा है, जिसके बाद स्विफ्ट से हटा दिया गया है।

हालांकि, रूसी प्रणाली में आसान अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी का अभाव है और यह केवल कार्यदिवस के कामकाजी घंटों के दौरान संचालित होता है, जबकि रुपे पूरे वर्ष, 24 घंटे काम करता है। रुपे संदेशों की आकार सीमाएं भी होती हैं जो अधिक जटिल लेन-देन को संभालना कठिन बना देती हैं। क्रीमिया पर हमले के बाद रूस 2014 से स्विफ्ट बैन की तैयारी कर रहा है। अप्रैल 2014 में, अमेरिका द्वारा कई रूसी बैंकों को ब्लैकलिस्ट किया गया था। वीजा और मास्टरकार्ड दोनों ने लक्षित बैंकों की सेवाओं को निलंबित कर दिया और उन्हें अपनी भुगतान प्रणाली का उपयोग करने से रोक दिया। अगले महीने (मई) रूसी सरकार ने राष्ट्रीय भुगतान कार्ड प्रणाली की शुरूआत करते हुए एक नया कानून पारित किया, जिसे बाद में एमआईआर के नाम से जाना गया। भारत प्रतिबंध-प्रभावित देश से हथियारों, तेल, उर्वरक और अन्य आयातों के भुगतान के लिए रूस के मैसेजिंग सिस्टम एसपीएफएस का उपयोग करते हुए रुपये-रूबल मूल्यवर्ग के भुगतान के उपयोग पर विचार कर रहा है। रुपये और रूबल के पारस्परिक उपयोग की संभावना से दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन के उच्च स्तर की उम्मीद है। रूस भी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्य देशों को अपने एसपीएफएस में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। देश के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव के अनुसार, रूस राष्ट्रीय मुद्राओं में बस्तियों की मात्रा को बढ़ावा देना चाहता है। रेशेतनिकोव ने हाल ही में उज्बेकिस्तान में एससीओ फोरम में प्रतिभागियों को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि 'हम पहले से ही सकारात्मक परिणाम देख रहे हैं, उदाहरण के लिए, रूस और चीन के बीच व्यापार कारोबार का एक चौथाई रूबल और युआन में बसा है,"। चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, पाकिस्तान और उजबेकिस्तान एससीओ के सदस्य देश हैं, जबकि इसके भागीदारों और सहयोगियों में अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान, मंगोलिया, आर्मेनिया, अजरबैजान, कंबोडिया, नेपाल, तुर्की और श्रीलंका शामिल हैं।

भारत की ओर से, रुपे कार्डों को उन देशों में अधिक आक्रामक रूप से विपणन करने की आवश्यकता है जहां भारतीय उपस्थिति अच्छी है और जिन्हें भारतीय छात्रों, पर्यटकों और व्यापारिक समुदायों द्वारा पसंद किया जाता है।

रूसी संघ में भारतीय समुदाय का आकार केवल 14,000 के आसपास अनुमानित है। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत के बाहर रहने वाले 32 मिलियन एनआरआई और ओसीआई हैं और विदेशी भारतीयों में दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी शामिल है। हर साल 2.5 मिलियन भारतीय विदेशों में प्रवास करते हैं, जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे अधिक वार्षिक संख्या है। 2021-22 में, भारत का कुल आवक प्रेषण 85.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो किसी भी देश द्वारा दर्ज किया गया सबसे बड़ा है। ऐसे परिदृश्य में, भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से प्रयास करना चाहिए कि रुपे को दुनिया के कई हिस्सों में भारतीयों और उनके पसंदीदा शैक्षिक और पर्यटन स्थलों की अच्छी उपस्थिति के साथ एक बहुत बड़ा बाजार और स्वीकृति मिले।

## जमशेदपुर की खबरें

### टेल्को सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में फ्लड लाइट रफी सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट 10 और 11 सितंबर को

# बत्तीस टीमें ले रही हैं हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** टेल्को के सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में रफी सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 10 और 11 सितंबर को होगा। इस टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही हैं। यह टीमें नोआमुंडी, हजारीबाग समेत अन्य शहरों से आ रही हैं। यह फ्लड लाइट फुटबॉल टूर्नामेंट है। यह बिहार का पहला फ्लड लाइट फुटबॉल टूर्नामेंट है। इसका आयोजन पहली बार 1986 में हुआ था। इस साल कई साल बाद फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। कोरोना के चलते टूनामेंट आयोजित नहीं किया जा सका था। इस साल टूर्नामेंट की एंट्री फीस 4000 रुपये प्रति टीम है। पहले पुरस्कार के तौर पर 80000 रुपये और ट्राफी, दूसरे पुरस्कार के तौर पर 50000 रुपये और ट्राफी, तीसरे पुरस्कार के तौर पर 10000 रुपये और ट्राफी और चतुर्थ पुरस्कार 10000 रुपये और ट्राफी दिया जायेगा। इसके अलावा, मैन ऑफ द मैच और हीरो ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार है। कार्यक्रम के पहले दिन टूर्नामेंट का उद्घाटन टाटा मोटर्स प्लांट के रवींद्र कुलकर्णी करेंगे। एसएसपी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। उद्घाटन मैच टाटा मोटर्स और टाटा स्टील के बीच खेला जायेगा। फाइनल सेरेमनी के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता होंगे। सिटी एसपी के विजय शंकर भी इस कार्यक्रम में होंगे। इस कार्यक्रम में झामुमो के विधायक संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, समीर महंती और रामदास सोरेन भी शिरकत करेंगे। यह फुटबॉल मैच बारी स्पोर्टिंग क्लब की तरफ से आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी मानगो के पूरुलिया रोड पर प्रेस कांफ्रेंस में बारी स्पोर्टिंग क्लब के सदस्य आमिर सोहेल ने दी.इस मौके पर मुख्य रूप से सोनू खान, मोहम्मद असलम खान, राजू खान, नौशाद, बबलू, नजर इमाम आदि भी मौजूद थे।

# गणेश उत्सव में शामिल हुए विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में गणेश पूजा बड़े धूमधाम से उत्सव के तोर पर मनाया जा रहा है। बुधवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने परसुडीह क्षेत्र के लोको में राम मंदिर पूजा कमेटी के पंडाल पहुंचे। विधायक ने 11 दिनों तक चलने वाली गणेश पूजा में शामिल होकर 1101 गुलाब फूल के साथ गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के दौरान गणपति बप्पा से आशीर्वाद प्राप्त कर राज्य की जनता के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर मंदिर कमेटी के सदस्यों के अलावे क्षेत्र के सैकड़ों जनता शामिल रहे।

### अंचल कार्यालय स्थित संपर्क कार्यालय पहुंचे सांसद

# कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित संपर्क कार्यालय में सांसद विद्युत वरण महतो ने आम जनता के समस्याओं को सुना। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा पूर्व भाजपा सरकार की सोच के बदौलत राज्य के हर जिले में मॉडल प्रखंड कार्यालय का निर्माण कराया गया था। मॉडल प्रखंड कार्यालय में सभी आम जनता का समस्या संग्रह कर समाधान भी सांसद कार्यालय के माध्यम से किया जायेगा। चाहे वह समस्या प्रखंड स्तर का हो, जिला स्तर का हो या राज्य स्तर का हो। उन्होंने कहा आम जनता की जो भी समस्याएं आयेंगी उनका समाधान किया जायेगा। मौके पर सांसद ने छोटी मोटी समस्याओं के बावत उपस्थित पदाधिकारियों को समुचित दिशानिर्देश दिये। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भी जनता की समस्याओं से वे जमीनी स्तर पर सीधे जुड़े रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, संजीव कुमार, त्रिदेव चार्टराज,संजय सिंह चंचल चक्रवर्ती, धननंजय उपाध्याय , अभय कुमार चौबे, हरेंद्र सिंह, ललन यादव, आनंद सिंह, विमलेश उपाध्याय, सुजीत अंबास्टा, रविंद्र सिंह, सुजीत सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, धीरज सिन्हा, राजेश अग्रवाल, अशोक सिंह, तारक नाथ घोष, शुक्ला हलदर, विश्वनाथ मुखी वरुण सिंह सुशील दिग्गी, कमलेश पांडे, विनोद तिवारी, दिलीप पाठक, बलराम ठाकुर, कृष्णा शर्मा, शशि सिंह, केशव सिंह, वीरेंद्र सिंह, हेमंत सिंह उपस्थित रहे।

# चक्रधरपुर के ऐतिहासिक रघुराम धर्मशाला का होगा जीर्णोद्धार, बनेगा श्याम बाबा का मंदिर और कांप्लेक्स

आजाद सिपाही संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के ऐतिहासिक रघुराम धर्मशाला के कई जगहों से टूट जाने के कारण धर्मशाला को जीर्णोद्धार करने को लेकर बुधवार को भूमिपूजन किया गया साथ ही केड़िया परिवार के द्वारा इसके निर्माण की प्लानिंग भी गई। उन्होंने बताया कि पुराने धर्मशाला का जीर्णोद्धार करते हुए धर्मशाला का पुनः निर्माण करने के साथ-साथ श्याम बाबा के मंदिर का भी निर्माण किया जायेगा। साथ ही मार्केट काम्प्लेक्स का भी निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर महेंद्र केड़िया ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष की समयावधि में धर्मशाला, मंदिर व कांपलेक्स का निर्माण कर लिए जाने की संभावना है। इस अवसर पर नंदकिशोर केड़िया, शिवशंकर केड़िया, महेंद्र केड़िया, नरेश केड़िया, राजकुमार केड़िया, पंकज केड़िया समस्त केड़िया परिवार मौजूद थे।

### झारखंड प्रदेश बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन का सम्मेलन 10 सितंबर को

# कोल्हान के तीनों जिला के सैकड़ों सदस्य होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के जिला समिति की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 10 सितंबर को होना है। बुधवार को बैठक का आयोजन सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। सम्मेलन में उद्घाटन,ऑल इंडिया एलआइसी इंप्लाइज फेडरेशन के महासचिव कॉम राजेश कुमार के कर कमलों से किया जायेगा। मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री छुटनी महतो उपस्थित रहेंगी। गेस्ट ऑफ ऑनर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के संयोजक कॉम रिंटू रजक, प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में पद्मश्री छूटनी महतो को सम्मानित किया जायेगा। बैठक के दौरान सम्मेलन में स्वागत समिति के अध्यक्ष कॉम गिरीश ओझा, सम्मेलन की अध्यक्षता कॉम आर ए सिंह और संचालन स्वागत समिति के सचिव कॉम हीरा अरकने द्वारा करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में देश के राजनीतिक और आर्थिक हालत, बैंकिंग इंडस्ट्री में बदलाव की नीतियों, बैंक के विलय और निजीकरण के प्रयास,420 श्रम कानूनों के बदले 4 लेबर लागू करने के विरुद्ध चर्चा,संगठन को मजबूत करने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। इस सम्मेलन में तीनों जिला से लगभग 150 प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। बैठक की अध्यक्षता कॉम सुजीत घोष ने की।

**ये रहे शामिल**

सभा में कॉम सपन अदक, कॉम हीरा अरकने, कॉम अमिताभ घोष,कॉम कुलकांत हेंब्रम, कॉम राज कुमार मिश्रा, कॉम दिव्यांशु गुप्ता, कॉम प्रबल टोपनो, कॉम सुनीत कुमार टोपनो, कॉम सत्यजित गिरी, कॉम सूरज कुमार रजक, कॉम श्रुति सरिता, कॉम संजीव रेड्डी शामिल रहे।

## कार्रवाई : गढ़वा एसडीओ सह डीएसओ ने गुप्त सूचना के आधार पर की छापामारी

# 646 क्विंटल चावल एवं गेहूं जब्त

**छापेमारी के पश्चात गोदाम को सील कर डीएसओ के निर्देश पर केतार बीडीओ सह भवनाथपुर एमओ ने प्राथमिकी दर्ज करायी**

**छापेमारी के दौरान मां सुशीला ट्रेडिंग के गोदाम का मालिक राकेश कुमार चावल-गेहूं संबंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** गढ़वा एसडीओ सह डीएसओ राज महेश्वरम ने गुप्त सूचना के आधार पर भवनाथपुर स्थित मां सुशीला ट्रेडिंग के गोदाम में छापामारी कर कालाबाजारी की नीयत से रखे जन वितरण प्रणाली दुकान का 646 क्विंटल चावल एवं गेहूं बरामद किया। छापेमारी के पश्चात गोदाम को सील करने के साथ डीएसओ के निर्देश पर केतार बीडीओ सह भवनाथपुर एमओ मुकेश मछुआ ने मां सुशीला ट्रेडिंग रजिस्टर्ड ऑफिस राकेश मुकेश भवन के प्रोपराइटर राकेश कुमार व बाबा फूड प्रोसेसिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बांधी नगड़ी रांची, श्री शाकंभरी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड तुपुदाना रांची के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी।

डीएसओ के द्वारा की गई छापामारी में 409 बोरा चावल व 668 बोरा गेहूं जब्त किया गया है। छापेमारी के दौरान अधिकारियों द्वारा एक घंटा का समय दिये जाने के बावजूद राकेश कुमार चावल गेहूं संबंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका।



छापेमारी में दो इनवाईस भी जब्त किया गया, जिसमें मां सुशीला ट्रेडिंग रजिस्टर्ड ऑफिस राकेश मुकेश भवन भवनाथपुर के द्वारा श्री शाकंभरी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड तुपुदाना रांची को 25,500 केजी चावल जिसका मूल्य 640050 रुपया है तथा बाबा फूड प्रोसेसिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बांधी नगड़ी रांची को 3740 केजी गेहूं इसका मूल्य 78,6944 रुपया है। उक्त दोनों राइस मिल को राकेश कुमार के द्वारा जनवितरण प्रणाली का चावल-गेहूं उपलब्ध कराया गया है। जांच में जो चावल एवं गेहूं के बोरे जब्त किए गए हैं उन बोरे पर जन वितरण प्रणाली एवं एफसीआई द्वारा निर्गत किये गये हैं।

अधिकारियों का मानना है कि राकेश कुमार मेसर्स मां सुशीला ट्रेडिंग के गोदामों में जब्त किए गए चावल एवं गेहूं जन वितरण प्रणाली अंतर्गत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न हैं। छापेमारी में केतार बीडीओ सह भवनाथपुर एमओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो व पुलिस के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त से मिले पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, बोले

# अंचल कार्यालय में होमगार्ड की हो नियुक्ति

**आदिवासी-दलित गरीबों को हटाकर नहीं बनाया जाये अल्पसंख्यक विद्यालय**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी उपायुक्त रमेश घोलप से मुलाकात कर तीन बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए उनसे उन विषयों पर कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि आज उपायुक्त से मुलाकात करने की खास वजह यह है कि जिले में पूर्व से जो भी होमगार्ड हैं, उन्हें पूरे 100 दिन का कार्य करने की नियुक्ति नहीं मिल पा रही है, और यहां नये होमगार्ड की बहाली करने के लिए वैकेंसी निकाली जा रही है। हमने मांग की है कि इन वैकेंसियों को रोका जाए और जो होमगार्ड पहले से नियुक्त हैं, उन्हें अन्य जगहों पर ड्यूटी करने के लिए नियुक्त किया जाए। साथ ही दूसरा विषय यह था कि जिले के हर अंचल कार्यालय में होमगार्ड के पद पर उन्हें नियुक्त किया गया किंतु गढ़वा जिला उन सभी से अछूता रहा। मैंने मांग की कि उपायुक्त इन विषयों पर जल्द कार्रवाई कर होमगार्डों की नियुक्ति अंचल कार्यालय में करें। मैं उनका धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए उप विकास आयुक्त से बात कर उन्हें अंचल कार्यालय में नियुक्ति प्रदान करने की बात कही और 6 होमगार्डों को नियुक्त किया, जबकि तीसरा बिंदु था कि गढ़वा सदर प्रखंड के फरठिया गांव में इन दिनों आदिवासी-दलित गरीब मजदूरों की जमीन पर अल्पसंख्यक विद्यालय बनाने के लिए सरकार लोगों पर दबाव दे रही है। मैंने उपायुक्त से मांग की कि इन विषयों की गहनता से जांच कर उन आदिवासी दलित परिवारों के साथ शोषण नहीं किया जाए और उन्हें वहां से नहीं हटाया जाए। कारण कि जो दलित आदिवासी परिवार गैरमजरूआ जमीन पर चार पुस्तों से अपना खेती-बाड़ी कर जीवन बसर कर रहे हैं, यदि उन्हें वहां से उजाड़ दिया गया तो वो बेघर हो जाएंगे और उनके सामने खाने के लाले पड़ जाएंगे।

इन सभी विषयों पर उपायुक्त ने आश्वस्त करते हुए कहा कि हम इन विषयों की जांच कर जल्द ही इन गरीब आदिवासी दलितों के परिवार को न्याय दिलाने का काम करेंगे।

## लियो क्लब ऑफ गढ़वा ज्ञान गंगा ने सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया फल एवं ब्रेड का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लियो क्लब ऑफ गढ़वा ज्ञान गंगा की ओर से लियो विश्वजीत केसरी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सदर अस्पताल गढ़वा में जरूरतमंद लोगों के बीच फल और ब्रेड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सदर अस्पताल में जाकर भर्ती मरीजों के बीच फल का वितरण कर की गयी। कार्यक्रम मुख्य रूप सदर अस्पताल गढ़वा के सर्जन डा. अमित कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। डॉ अमित कुमार ने मरीजों को अपने हाथों से फल और ब्रेड दिये। डा. अमित कुमार ने बताया कि आज के समय में युवा पीढ़ी के लोग दोस्तों के साथ जन्मदिन किसी होटल में मनाते हैं लेकिन लियो ज्ञान के सदस्यों को देखकर बड़ी खुशी महसूस हुई और जन्मदिन की शुभकमानाएं दी। लियो विश्वजीत केसरी ने बताया कि वे आज बहुत खुश हूं क्योंकि उन्होंने अपना जन्मदिन फिर से समाज के लोगों के बीच मनाया। लियो ज्ञान गंगा अध्यक्ष अंकुर दुबे ने बताया कि हमलोगों के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम हमेशा किया जाता है और लोगों से भी आग्रह करते हैं कि आप भी अपनी खुशी को लोगों के बीच बांटें। मौके पर उपस्थित लियो सचिव अतुल दुबे, लियो मानस अग्रवाल, लियो श्रीकांत, लियो नितीश, प्रितम, श्रेष्ठ, कमलेश, सचिन आदि लोग उपस्थित थे।

## बंशीधर नगर में हजयात्रियों को अंजुमन कमेटी ने माला पहना कर दी विदाई



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न गांव से लगभग एक दर्जन लोग उमरा के लिये मंगलवार की रात्रि में रवाना हुए। जामिया इस्लामिया जब्बारिया मदरसा में सभी जायरीन को अंजुमन कमेटी के लोगों ने माला पहनाकर विदाई दी। मक्का-मदीना के पाक सफर पर जाने के लिये जायरिनों में उत्साह का माहौल था। इस दौरान गाजे बाजे के साथ मदरसा से जुलूस भी निकाला गया। जुलूस मुख्य बाजार, हनुमान मोड़ होते हुए स्टेशन पहुंचकर समाप्त हो गया। थाना के समीप थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने उमरा के लिये जा रहे जायरिनों को माला पहनाकर स्वागत किया। थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने उमरा करने जा रहे जायरिनों से जिले में सुख समृद्धि की कामना करने की अपील की। साथ ही उमरा के लिए जा रहे जायरिनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उमरा करने जाने वाले जायरिनों में नरही गांव निवासी हाजी कुतबुद्दीन अंसारी, हाजी नाजिर अंसारी, जरीना खातुन, हसिबन बीबी, चेचरिया निवासी मो मजमुदिन अंसारी, हाजी अतिकुल्लाह, हाजी अब्दुल्ला, कांडी निवासी हाजी आबिद, सीरियाटोंगर के डॉ सलीम अंसारी, बरडीहा निवासी हाजी तजमुल अंसारी के नाम शामिल हैं। मौके पर सदर तौहिद खान, शमीम खान, तस्लीम खान सीनियर, नरही मुखिया मनोज ठाकुर, तस्लीम खान जूनियर, कलाम खान, डॉ कैशर आलम, महमूद आलम सीनियर, फुलटून खान, नरही सदर नसीर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मुश्ताक अहमद शेख, मौलाना एजाज अंजुम, मनउवर अंसारी, मौलाना अब्दुल कादिर, हाजी नेजाम खान, हैदर खान, तौकीर आलम, मौलाना आबिद, फिरोज आलम, साहिद नवाज, अमीर हसन, नबील अहमद, असगर अंसारी, समसूदिन अंसारी मौजूद थे।


## डायन बिसाही का आरोप लगा दंपति को मारपीट कर घायल करने के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**घायल पीड़िता के आवेदन पर भवनाथपुर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** डायन बिसाही का आरोप लगा दम्पति को बुरी तरह घायल करने के आरोप में चपरी पंचायत के अधौरा नवही के अमरनाथ उरांव एवं उमेश उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया। भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी पंचायत के अधौरा नवही टोला के वार्ड सदस्य अमरनाथ उरांव एवं उनके परिजनों के विरुद्ध डायन बिसाही का आरोप लगाकर उसी गांव की एक दंपत्ति एवं उस दंपत्ति को संरक्षण देन वाले रंजन उरांव के साथ मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

सोमवार की रात घटी घटना को लेकर लीलावती देवी ने दिये आवेदन में बताया कि वार्ड सदस्य



अमरनाथ उरांव हम दोनों पति-पत्नी को बीते साल भर से डायन बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रहा था। बीते सोमवार की रात अमरनाथ उरांव पिता स्व. परीखन उरांव, सुचिता देवी पति अमर नाथ उरांव, जितेंद्र उरांव पिता अमरनाथ उरांव, शोभी उरांव, उमेश उरांव दोनों पिता विठ्ठल उरांव, फूलों देवी पति शोभी उरांव, सोनवा देवी पति उमेश उरांव, पिंटू उरांव पिता नंदू उरांव, सुरेंद्र उरांव पिता विश्वभर उरांव, मुनी उरांव पिता स्व. परिखन उरांव डायन बिसाही का आरोप लगा भला-बुरा कहने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी लोग मुझे और मेरे पति कृष्णा उरांव को घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उक्त लोगों द्वारा बेरहमी से पिटाई करने के दौरान हमलोगों को बचाने के लिये आयी दो नाबालिग बच्चियां भी इनकी पिटाई की जद में आ गयीं। लीलावती देवी ने उक्त लोगों पर पिटाई के साथ सोने के जेवरात भी छीनने के आरोप लगाये। बता दें कि उक्त दंपत्ति का फिलहाल गढ़वा अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरी रात वार्ड सदस्य के परिजन अधौरा निवासी रंजन उरांव, पिता रामजी उरांव को घायल दंपत्ति को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उसके साथ भी मारपीट कर दी। दोनों पीड़ित पक्षों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

उपर्युक्त शिकायत के आलोक में स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमरनाथ उरांव एवं उमेश उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## करम पर्व पर झामुमो नेताओं ने विभिन्न गांवों में किया धोती-साड़ी का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने उपहार स्वरूप धोती-साड़ी उपलब्ध करायी है**

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला जिला कमेटी के नेतृत्व में गढ़वा विधानसभा के विभिन्न गांव में करमा पूजा के अवसर पर झामुमो नेताओं ने धोती-साड़ी का वितरण किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से आदिवासी भाइयों-बहनों को धोती एवं साड़ी उपहार स्वरूप उपलब्ध करायी गयी। झामुमो जिला एवं प्रखंड कमेटी के द्वारा धोती साड़ी का वितरण गढ़वा प्रखंड के उड़सूगी पंचायत, फरठिया पंचायत के उरांव टोला, बीरबंधा पंचायत, मेराल प्रखंड के चामा पंचायत उरांव एवम कुसमही टोला, लोवादाग पंचायत के ठेकहा टोला, रंका प्रखंड के विश्रामपुर, कटरा, तमगेकला, बाहाहारा, सिरोईखुर्द, सोनदाग, कंचनपुर, खरडीहा पंचायत के विभिन्न टोलों पर, चिनिया प्रखंड के सिगसिगाखुर्द, तहले, जोगिया बांध, जमुनियाटांड़, परशुखार आदि गांव में तथा रमकंडा प्रखंड के हरहे पंचायत के ग्राम चपरी, हरहे, कुटी, केरवा गांव में, उदयपुर पंचायत के कुरुमदारी, सबाने, उदयपुर टोला पर, बिराजपुर पंचयत के बिराजपुर, बैरिया, होमिया, दुर्जन आदि गांव में किया गया।

कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष नितेश सिंह, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजलि गुप्ता, सचिव चंदा देवी, प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, आशीष गुप्ता, अरविंद यादव, दिनेश गुप्ता, सद्दाम अंसारी, राजा सिंह, सूरज चन्द्रवंशीजी, रंथा नायक, फकरे आलम, बैजू कुमार, नवीन तिवारी, मयंक दिवेदी, धनंजय पासवान, अभिषेक धर दुबे, मुन्ना सिंह, विवेक सिंह, गुंजन धर दुबे, राजेश बैठा, बीस सूत्री के अध्यक्ष रमकंडा राजकिशोर यादव, मुखिया सरवन कमलापुरी, राजन उरांव, शहंशाह आलम, पप्पू यादव, दीपक सोनी, अरविंद तिवारी, हरिओम यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## कार्यालय - जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

**पशुपालकों के लिए आम - सूचना**

विभागीय राज्यादेश संख्या 07 रा० (विभाग) दिनांक 15.06.2022 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 मे विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजन के लिए पशुपालन प्रभाग सिमडेगान्तर्गत पंचायतवार तिथि निर्धारण की विवरणी –

| क्र० सं० | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम | पदनाम | दूरभाष सं० | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसजोर | बांसजोर | बांसजोर | 09.09.22<br>10.09.22 | डॉ० जौनसन भेंगरा | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बांसजोर | 9905177660 | |
| 2 | बांसजोर | तरगा | तरगा | 12.09.22<br>13.09.22 | | | | |
| 3 | बांसजोर | उरते | उरते | 14.09.22<br>15.09.22 | | | | |
| 4 | बांसजोर | कोम्बाकेरा | कोम्बाकेरा | 19.09.22<br>20.09.22 | | | | |
| 5 | जलडेगा | लोम्बोई | लोम्बोई | 21.09.22<br>22.09.22 | डॉ० जौनसन भेंगरा | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, जलडेगा | 9905177660 | |
| 6 | जलडेगा | टिनगिना | ढोढीबहार | 23.09.22<br>24.09.22 | | | | |
| 7 | जलडेगा | कोनमेरला | कोनमेरला | 27.09.22<br>28.09.22 | | | | |
| 8 | जलडेगा | लमडेगा | भीतबुना | 29.09.22<br>30.09.22 | | | | |
| 9 | जलडेगा | परबा | परबा | 06.10.22<br>07.10.22 | | | | |
| 10 | जलडेगा | टाटी | बाङीबुंगा | 10.10.22<br>11.10.22 | | | | |
| 11 | जलडेगा | कुटुंगिया | कुटुंगिया | 12.10.22<br>13.10.22 | | | | |
| 12 | जलडेगा | ओड़गा | ओड़गा | 14.10.22<br>15.10.22 | | | | |
| 13 | जलडेगा | जलडेगा | सावनाजारा | 17.10.22<br>18.10.22 | | | | |
| 14 | जलडेगा | पतिअम्बा | पतिअम्बा | 19.10.22<br>20.10.22 | | | | |
| 15 | पाकरटांड़ | कैरबेड़ा | किनबीरा | 09.09.22<br>10.09.22 | डॉ० सिपिरियन गुड़िया | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, पाकरटांड़ | 8825101285 | |
| 16 | पाकरटांड़ | केशलपूर | पालेडीह | 12.09.22<br>13.09.22 | | | | |
| 17 | पाकरटांड़ | पाकरटांड़ | कोबांग | 14.09.22<br>15.09.22 | | | | |
| 18 | पाकरटांड़ | आसनबेड़ा | आसनबेड़ा | 19.09.22<br>20.09.22 | | | | |
| 19 | पाकरटांड़ | कुशकेला | सरलोंगा | 21.09.22<br>22.09.22 | | | | |
| 20 | पाकरटांड़ | सिकरियाटांड़ | सोगड़ा | 23.09.22<br>24.09.22 | | | | |
| 21 | सिमडेगा | गरजा | खरवागढ़ा | 27.09.22<br>28.09.22 | डॉ० सिपिरियन गुड़िया | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा | 8825101285 | |
| 22 | सिमडेगा | तामड़ा | कामतारा | 29.09.22<br>30.09.22 | | | | |
| 23 | सिमडेगा | बड़ाबड़पानी | भंवरपानी | 06.10.22<br>07.10.22 | | | | |
| 24 | सिमडेगा | कोचेडेगा | कोचेडेगा | 10.10.22<br>11.10.22 | | | | |
| 25 | सिमडेगा | जोकबहार | बेलगढ़ | 12.10.22<br>13.10.22 | | | | |
| 26 | सिमडेगा | बंगरू | मधुबन | 14.10.22<br>15.10.22 | | | | |
| 27 | सिमडेगा | अरानी | पिण्डाटांगर | 17.10.22<br>18.10.22 | | | | |
| 28 | सिमडेगा | बीरू | जपकाकोना | 19.10.22<br>20.10.22 | | | | |
| 29 | सिमडेगा | सेवई | सेवई | 21.10.22<br>22.10.22 | | | | |
| 30 | सिमडेगा | पिथरा | रिंगड़ी | 27.10.22<br>28.10.22 | | | | |
| 31 | सिमडेगा | टैंसेरा | टैंसेरा | 01.11.22<br>02.11.22 | | | | |
| 32 | सिमडेगा | कुल्लुकेरा | हाथाबारी | 03.11.22<br>04.11.22 | | | | |
| 33 | कुरडेग | कुरडेग | कदम टोली | 09.09.22<br>10.09.22 | डॉ राखी टोप्पो | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कुरडेग | 9905749444 | |
| 34 | कुरडेग | खिण्डा | कुसियार पानी | 13.09.22<br>14.09.22 | | | | |
| 35 | कुरडेग | हेठमा | हेठमा | 15.09.22<br>16.09.22 | | | | |
| 36 | कुरडेग | गड़ियाजोर | गड़ियाजोर | 19.09.22<br>20.09.22 | | | | |
| 37 | कुरडेग | बड़कीबिउरा | बड़कीबिउरा | 21.09.22<br>22.09.22 | | | | |
| 38 | कुरडेग | डुमरडीह | कसडेगा | 23.09.22<br>24.09.22 | | | | |
| 39 | कुरडेग | कुटमाकच्छार | झारमुण्डा | 27.09.22<br>28.09.22 | | | | |
| 40 | कुरडेग | चड़रीमुण्डा | झिनझरिया | 29.09.22<br>30.09.22 | | | | |
| 41 | केरसई | बासेन | बखरी बासेन | 12.09.22<br>13.09.22 | डॉ० रितु टोप्पो | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, केरसई | 7541870696 | |
| 42 | केरसई | किनकेल | पाकरबहार | 15.09.22<br>16.09.22 | | | | |
| 43 | केरसई | बाघडेगा | बाघडेगा नवाटोली | 19.09.22<br>20.09.22 | | | | |
| 44 | केरसई | कोनजोबा | गोरारजोर | 21.09.22<br>22.09.22 | | | | |
| 45 | केरसई | केरसई | महुआटोली | 23.09.22<br>24.09.22 | | | | |
| 46 | केरसई | पूर्वी टैंसेर | गड़ीकच्छार | 27.09.22<br>28.09.22 | | | | |
| 47 | केरसई | पश्चिमी टैंसेर | टैंसेरा नवाटोली | 29.09.22<br>30.09.22 | | | | |

जिला पशुपालन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 277205 Animal Husbandry (22-23)_D


## अनियमितता : सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने से ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

# ग्रामीणों ने योजना स्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य बंद कराया

**ग्रामीणों ने कलभर्ट निर्माण में बगैर पीसीसी किये ही ह्युम पाइप लगाने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नौका से संगाली तक कुल 11 किलोमीटर पीसीसी व कालीकृत सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने के विरोध में बुधवार की सुबह काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने योजना स्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त योजना में ह्युम पाइप कलभर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें योजना के संवेदक के द्वारा मनमानी तरीके से बगैर बेड बनाये यानी कलभर्ट की नींव में बिना पीसीसी किये ही ह्युम पाइप को लगाकर ढक दिया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि कलभर्ट निर्माण कार्य में वन क्षेत्र के ही घटिया पत्थर व बालू का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे उसकी गुणवत्ता काफी खराब हो जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय व अन्य निजी कार्यों के लिए जब हम ग्रामीण एक ट्रैक्टर बालू लाते हैं तो भंडरिया प्रशासन व वनकर्मी एक साथ टूट पड़ते हैं और उक्त टैक्टर को पकड कर जब्त कर लेते हैं। ऐसा लगता है जैसे हम ग्रामीणों के द्वारा बहुत बड़ा अवैध उत्खनन को अंजाम दे दिया गया हो। पर, यहां बिना किसी रोकटोक के अवैध रूप से वन क्षेत्र के ही पत्थर व बालू का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। लेकिन इसे देखने-सुनने वाला कोई नहीं है। यहां के अधिकारी-पदाधिकारी सब कुछ जानते हुए भी कान में रुई डाल कर सो रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि इस अनियमिता में प्रशासन के लोग भी शामिल हैं।

ग्रामीणों ने प्रेस के माध्यम से जिला उपायुक्त गढ़वा से उक्त सड़क की जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए संवेदक के द्वारा आनन-फानन में बिना बेड बनाये ही लगाये गये ह्युम पाइप को निकाल दिया गया तथा बेड बनाकर ही ह्युम पाइप लगाने का आश्वासन संवेदक अशोक कुमार गुप्ता के द्वारा दिया गया। ग्रामीणों में सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने की चर्चा उसी दिन से शुरू हो गई थी, जिस दिन पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा किए गए शिलान्यास के शिलापट पर प्राक्कलित राशि नहीं दर्शाया गया था। सड़क निर्माण कार्य का विरोध करने वाले ग्रामीणों में वार्ड सदस्य विश्वनाथ सिंह, आनंदी सिंह, पूरन सिंह, जोगेंद्र सिंह, ललन सिंह, परमेश्वर मांझी, रामराज मांझी, कुलदीप सिंह, संपत सिंह, अमर सिंह आदि शामिल थे। ज्ञात हो कि उक्त योजना का निर्माण कार्य 8 करोड़ 6 लाख 7 सौ 55रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

## करम परब भाई-बहनों के साथ कर्म, धर्म और प्रकृति से सामंजस्य का त्योहार है : सुखदेव



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नवयुवक सरना समिति मैना बगीचा की ओर से करमा पूजा परंपरागत भव्य तरीके से मनाया गया। जिसमें पूर्व विधायक सुखदेव भगत, डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और वार्ड पार्षद आदि उपस्थित थे। पाहन सोमा उरांव एवं सुभाष उरांव द्वारा विधिवत करम डाल लगाकर पूजा अर्चना की गई। व्रतधारी बहनों ने प्रार्थना एवं पूजा की गई। पूजा स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया था। डीसी ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सद्भाव बढ़ाने एवं जीवन के मूल्यों को संजोए रखने में करमा त्योहार को काफी सहायक बताया। वहीं, एसपी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में इस त्योहार से सीख मिलती है। अनुपमा भगत ने कहा कि भाई-बहनों का प्यार और प्रगाढ़ होता है। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि करम परब भाई-बहनों के साथ कर्म, धर्म और प्रकृति से सामंजस्य का त्योहार है। कार्यक्रम में शाश्वत सिद्धार्थ, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, कमलेश कुमार, प्रतीक मोनी, आयोजन समिति के कार्तिक कुजूर, मनोज सोन, बिगू उरांव, विनोद उरांव, लसूनील, संदीप, गुड्डू, दुर्गा, पंकज एवं, आलोक साहू, मोहन दूबे, कुणाल अभिषेक, अनिल कुमार, लाल धनंजय नाथ शाहदेव, शाहिद अहमद, संजीव मुखर्जी, संदीप पोद्दार, डॉक्टर एलीन राजू सोनू, सोमनाथ दत्त और सुधीर टोप्पो आदि मौजूद थे।

## किस्को व पेशरार में भाइचारे के साथ करम पर्व संपन्न



किस्को/पेशरार/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को और अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद पभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में आदिवासी समुदाय का प्रकृतिक पर्व कर्मा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र में प्रकृति का पर्व कर्मा को लेकर बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना के लिए पूजा अर्चना कर ईश्वर से प्रार्थना की। आदिवासी समुदाय के लोगों ने करम डाली को अपने गांव के अखाड़े में पूरे विधि विधान के साथ गाजे बाजे से स्वागत कर पाहन एवं पुजार की अगुवाई में लाया गया एवं अखाड़ा पर स्थापित किया गया। बता दें कि आदिवासी समुदाय का प्रकृति पर्व किस्को और पेशरार प्रखंड क्षेत्र के सभी 14 पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गांव, टोला-मुहल्ला में काफी हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाया गया। इधर कर्मा पर्व को आपसी भाईचारा के साथ संपन्न कराने के लिए जगह-जगह पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती किया गया था। इसमें कर्मा किस्को प्रखंड क्षेत्र के सेमरडीह, परहेपाट, नीनी, तिसिया नवा टोली, डूमर टोली, दुरहुल, हुटाप, नाथपुर, सरना टोली, देवदरिया, खरचा, पाखर, हिसरी, चरहु, अरेया, महुगांव, मेरले, चोरगाईं आदि शामिल है। इसी तरह अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड के ग्राम रोरद, सीरम, तुईमू, जवाखाड़, केकरांग, कौवाडांड़, ओनेगडा, चैनपुर, मदनपुर, लावापानी, बोंडोबार, माची, रूबेद, बारियातु, कोटसा, कुरसे, बुलबुल, केरार, परतू, चंदलगी, मन्हा, होन्हें, चंदगो, पुंदाग आदि गांवों में आदिवासियों का प्रकृतिक पर्व कर्मा भाईचारा के साथ मनाया गया।

## चंदवा में धूमधाम से मना करम त्योहार



चंदवा (आजाद सिपाही)। कामता पंचायत के ग्राम भुसाढ़ के भंडारगढ़ा में करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। अखरा में पूरे विधि विधान से करमा की पौधा को खड़ा कर उसे प्राकृतिक से सजाया गया। उपवास रखा, प्रसाद रखकर बहनों ने पूजाकर अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख स्मृद्धि व सलामती की कामना की। वहीं, ढ़ोल नगाड़ा मांदर की ताल पर नृत्य कर गांव के बच्चे महिलाएं और ग्रामीण खुशी से झूम रहे थे। सामाजिक कार्यकर्ता सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, पूर्व पंसस फहमीदा बीवी, मुखिया प्रत्याशी रहे रविना देवी ने करमा पर्व में शामिल होकर शुभकामनाएं दी। समाजसेवी रविशंकर भोगता, मुखिया प्रत्याशी रहे रविना देवी, बरन भोगता, अर्जुन भोगता, संजीवन भोगता, गुजरा भोगता, दिनेश भोगता, वार्ड सदस्य देव कुमार भोगता, रावन भोगता, कार्तिक भोगता, रामलाल भोगता, उमेश भोगता, बिनू भोगता, कजरु भोगता, लालु भोगता, चांदो देवी, सरीता देवी, संगीता देवी, सुगो देवी, पुनम कुमारी, किरन कुमारी, लिलवंती कुमारी, सोनी कुमारी, पूजा कुमारी, आरती कुमारी, सीतामुनी कुमारी, सबीता कुमारी, रुपंती कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारी, सिवानी कुमारी, नमीता कुमारी आदि ने बताया कि करमा पर्व आदिवासी संस्कृति का प्रतीक है। हम आदिवासियों का एक प्रमुख त्योहार है।

## भाइ-बहन के प्रेम का प्रतीक करम त्योहार धूमधाम से मना



भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में करमा त्योहार बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। भाई-बहन के अटूट बंधन करमा पर्व पर बहन ने भाई की लंबी उम्र के लिये निर्जला उपासना करती हैं। पहान पूजर द्वारा विधिवत करमा डाली को अखड़ा में स्थापित कर पूजा पाठ किया गया। जहां सैकड़ो बहनों ने भाई की लंबी उम्र की मन्नत मांगी। साथ ही प्रकृति देवता से अच्छी फसल व अच्छी वर्षा की कामना की। वहां मौजूद लोगों ने मांदर व नगाड़े से साथ त्योहार की खुशी में नृत्य किया। बाद में पहान पुजार के नेतृत्व में विर्सजन किया गया। इस मौके पर पहान बुधराम उरांव, बुदू उरांव, मुखिया इंद्रदेव उरांव, पूर्व जीप सदस्य सामिल उरांव, विजय उरांव, गणेश उरांव, बिरसा उरांव, राजकुमार उरांव, माडू उरांव, करमा उरांव, सोमरा उरांव, फेकू उरांव, शनि उरांव, राजू उरांव और पूर्व मुखिया रंथू उरांव आदि मौजूद थे।

## बारियातु समेत सभी पंचायतों में मना करम त्योहार



बारियातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित बालुभांग, फुलसु, डाढ़ा, गोनिया, साल्वे, टोंटी, अमरवाडिह व शिबला पंचायत के सभी गांव, टोला में बुधवार को विधिविधान से संगीत व ढ़ोल-नगाड़े के साथ करमा डाली का विसर्जन किया गया। वहीं, टोंटी पंचायत के पंसस मो होजैफा टुंडाहुटु, टोंटी, मंधनिया, रेड़ाही व इटके सहित कई टोला पहुंचकर नगाड़ा बजा कर पंचायत वासियों का उत्साह बढ़ाया। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा पूजा बुधवार को करमा डाल विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। जबकि मंगलवार देर रात तक करम डाली अखरा व आंगन में गाड़ कर पूजा की गई। बहनों ने अपने भाईयों के लंबी आयु और अच्छी फलस की कामना की।

### 15 साल पहले हुई थी शादी, आरोपित ने ही हत्या कर ससुराल में दी मौत की सूचना

# चंदवा में शराबी पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**मामूली विवाद पर कर दी थी बुरी तरह पिटाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के बारी गांव में शराबी पति द्वारा पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान कविता देवी (34) के रूप में हुई है। जलोगढ़ा टोला की रहने वाली थी। वहीं, पुलिस ने हत्या के आरोपित पति को गिरफ्तार भी कर लिया है। इसका नाम अरविंद भुइयां है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि अतिक्रोधित अरविंद ने पत्नी कविता की बुरी तरह पिटाई करती, जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा और थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा दल बल के साथ बारी गांव पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। साथ ही हत्यारोपी पति को भी गिरफ्तार कर लिया। लगे हाथ मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पता चला है कि मृतका का मायका बारी गांव में ही है। दोनों की शादी 15 साल पहले हुई थी। दोनों के चार बच्चे भी है। वहीं, गांव वालों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़े हुआ करते थे। बताया जाता है कि महिला की हत्या करने के बाद आरोपित ने ही अपने ससुराल वालों को मौत की सूचना भी दी थी।



पति की पिटाई से हुई मौत के बाद जमीन पर पड़ा महिला का शव।

## श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र ही मनुष्यों के पाप के प्रायश्चित का श्रेष्ठ उपाय : जया




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में साहू परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन पर भक्तों के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जयाकिशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनंद किया। सीताराम सीताराम, सीताराम कहिये, जाहि विधि राखे राम, ताहि विधि रहिये। भजन से श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हुई। पूज्या जया किशोरी जी ने कहा कि हमारे दु:ख का कारण हमारी उम्मीद है। महत्वाकांक्षा का अधिक पालना दुखों का कारण है। पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत कथा श्रवण ही प्रायश्चित का श्रेष्ठ उपाय बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया।

## विभागीय उदासीनता का शिकार नगजुआ उच्च विद्यालय, जोह रहा विकास की बांट

**विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था तक नहीं, जर्जर भवन में पढ़ाई को मजबूर नौनिहाल**

मो वसीम अकरम

**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड अंतर्गत नगजुआ में संचालित राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरकारी उपेक्षा का दंश क्षेल रहा है। जर्जर भवन में नौनिहाल पढ़ने और शिक्षक-शिक्षिकाएं पढ़ाने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि विद्यालय भल में शौचालन की व्यवस्था तक नहीं है। जिस कारण बच्चे खूले में शौच करने को मजबूर हैं। बतातें चलें कि नगजुआ उच्च विद्यालय में कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 404 है जिनके लिए महज छह कमरे हैं। इस संदर्भ में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय विकास और बच्चों के ठहराव के लिए पर्याप्त मात्रा में भवन की उपलब्ध कराने को लेकर कई बार आवेदन किया गया है। लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस जवाब नहीं आया है। बताया गया कि इंजीनियर आते हैं और मुआयना करके चले जाते हैं। बीते 15 दिन पहले भी इंजीनियर आये थे और मुआयना करके चले गए। पर ठोक कदम का आज भी इंतजार है। विद्यालय के प्रबंधकिय मंडली का कहना है कि छोटी-छोटी समस्याओं का भी समाधान नहीं होने से जहां विद्यार्थी परेशान होते हैं, वहीं, अभिभावक भी काफी नाराज हैं। विद्यालय की घेराबंदी नहीं होने से बच्चों के बीच हर वक्त खतरा बना रहता है। वहीं, लोगों ने बताया कि मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधिगण विद्यालय के विकास के लिए कोई ध्यान नहीं देते हैं। यही कारण है कि चट्टी कैरो कुडू को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य पथ पर नगजुआ में संचालित सरकारी विद्यालय विकास की राह जोह रहा है। गौरतलब है कि पूर्व के प्रिंसिपल रमेश कुमार मिश्र जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान दो से तीन बार आवेदन देकर विद्यालय के विकास के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को अवगत कराया गया था पर सालो गुजर जाने के बाद भी आज तक ठोस पहल नहीं की गई। विकास नहीं हो पाने के कारण नगजुआ उच्च विद्यालय अब नाम मात्र के लिए उच्च विद्यालय रह गया है। वहीं, पूरे मामले को लेकर प्रिंसिपल धनराज भगत ने **आजाद सिपाही** से विशेष बातचीत में बताया कि अरसे से विद्यालय के विकास के लिए विभाग के वरीय पदाधिकारी से गुहार लगा कर थक चुके हैं पर अब तक विकास की सुगबुगाहट भी सुनाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बेहतरी के लिए न तो शौचालय का निर्माण कराया गया है और न ही बच्चों की सुरक्षा के लिए बाउंडरी कराया गया है। बच्चों के ठहराव को लेकर अब तक नये भवन का निर्माण कार्य भी नहीं कराया गया है।



## नियमित पेंशन भुगतान की मांग को लेकर पेंशनधारियों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के पुराना ब्लॉक परिसर में बुधवार को पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में नियमित पेंशन भुगतान की मांग को लेकर विभिन्न जगहों से आए पेंशनधारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि उन्हें नियमित रूप से पेंशन का भुगतान नहीं किया जाता है। वर्तमान में चार माह से पेंशन भुगतान लंबित है, जिसससे काफी परेशानी हो रही है। वृद्ध पेशनधारियों का कहना है कि पेंशन ही उनका एकमात्र सहारा है। ऐसे में नियमित रूप से पेंशन नहीं मिलने से खाने-पीने तक की परेसानी होने लगी है। वहीं, कन्हाई सिंह ने कहा कि असहाय लोगों का पेंशन नियमित रूप से नहीं मिलना काफी दुखद है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान नियमित रूप से किया जाए। लगे हाथ चेतावनी दी कि 10 सितंबर तक पेनशन भुगतान नहीं हुआ तो प्रखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगें। वहीं, खबर पाकर दूर दराज से पहुंचे लोगों के समक्ष बीडीओ राकेश सहाय पहुंचे और पेंशन धारियों की समस्या को सुनते हुए उन्हें नियमित रूप से पेंशन दिलाने का आश्वासन किया। इस दौरान बीडीओ ने बारी-बारी से कई लोगों की समस्याएं भी सुनी और उसका निदान करने का आश्वासन भी दिया।




### लातेहार डीसी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

# नगर पंचायत क्षेत्र को करें अतिक्रमण मुक्त : डीसी

**समाहरणालय सभागार में नगर पंचायत के अधिकारियों के सात बैठक कर दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** डीसी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बुधवार को नगर पंचायत अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें नगर पंचायत से संचालित योजनाओं के कार्य की क्रमवार समीक्षा के साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया। सबसे पहले डीसी ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इशके बाद नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को दी जानेवाली सुविधाओं की जानकारी ली। डीसी ने पाइपलाइन, जलापूर्ति योजना आदि के कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित कंपनी के प्रतिनिधी को योजनाबद्ध तरीके से कार्य में प्रगति लाने को कहा। समीक्षा बैठक में डीसी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की अद्यतन स्थिति एवं स्वच्छ भारत मिशन की क्रमवार समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्रमिक योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ लाभुकों को दिलाने का निर्देश दिया। जबकि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक संख्या में फुटपाथ दुकानों को जोड़ने का निर्देश दिया गया। अतिक्रमण पर पूरी निगरानी रखने को भी कहा। समीक्षा क्रम में राजस्व वसूली की गति तेज कर लक्ष्यानुरूप राजस्व वसूली करने का निर्देश दिया। इसके अलावा 15 वें वित्त आयोग के तहत सड़क निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए डीसी ने निर्देशित किया कि उपरोक्त योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो योजनाएं पूर्ण हो चुकीं है उनकी गुणवत्ता की जांच कर भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा क्रम में नगर पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर चर्चा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर पंचायत पदाधिकारी शेखर कुमार व अन्य उपस्थित थे।




नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी भोर सिंह यादव।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत बल भेजने का आग्रह



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कौमी तंजीम लोहरदगा के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर उनसे माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत बल भेजने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने डीएसई को बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों से सभी विषयों के शिक्षकों के विषयवार स्वीकृत बल मांगा गया है। दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि लोहरदगा जिले में काफी संख्या में हाई स्कूल एवं प्लस टू में उर्दू पढ़ने वाले छात्रों की संख्या है, लेकिन वर्तमान में मात्र दो विद्यालय कैरो व कुडू से यूनिट भेजा गया है वो भी छात्र के हिसाब से कम है। दुर्भाग्य है कि कभी नदिया हिंदू हाई स्कूल में उर्दू और फारसी पढ़ने वाले छात्रों की अच्छी खासी संख्या है। लेकिन अब शिक्षक नहीं रहने के कारण मजबूरी में उर्दू पढने वाले बच्चे दूसरे विषय लेते हैं। अंतत: उनके प्रदर्शन में गिरावट देखा जाता है। इसी प्रकार किस्को एसएस हाई स्कूल, सेन्हा अरु हाई स्कूल, बिटपि हाई एवं प्लस टू स्कूल से भी कोई स्वीकृत बल नहीं जाना दुर्भाग्य कि बात है। इस मौके पर कौमी तंजीम के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, मुमताज अहमद, दानिश इकबाल, गुलाम जिलानी, हाजी मंसूर, मोबिन अंसारी, साजिद अंसारी आदि मौजूद थे।

### चंदवा मध्य विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन



चंदवा (आजा दसिपाही)। चंदवा मध्य विद्यालय में मंगलवार को शिक्षा विभाग एवं राज्य से आये चिकित्सकों की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन समाजसेवी रवि कुमार डे, सत्येंद्र यादव,जिला कार्यक्रम समन्वयक संजीत कुमार, अतिरिक्त सहायक कार्यक्रम प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगता को बीमारी ना समझे। इनके समुचित विकास के लिए सरकार की ओर से कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जो दिव्यांग बच्चो के लिए काफी लाभदायक है। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के वैसे बच्चे दिव्यांगता के कारण स्कुल नहीं जा पाते है या उनका अन्य बच्चों की तरह जीवन बसर नहीं हो रहा है। उन्हें स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से राहत सामग्री सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। लातेहार जिले के सभी प्रखंड में राज्य स्तर से आए चिकित्सकों द्वारा इसकी जांच की जा रही है। स्वास्थ्य शिविर को राज्य स्तर से आए चिकित्सक डॉ आकांक्षा, डॉ गुरुदत्त एवं डॉ गुलशन गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रतीक कुमार, संकुल साधन सेवी विकास कुमार, शिक्षक नेता बेलाल अहमद आदि उपस्थित थे।

### अजीत श्रीवास्तव बने राजद के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा स्थानीय पथ निर्माण विभाग विश्रामागार में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की एक बैठक हुई। जिसमें चंदवा प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव समेत प्रखंड कमेटी के विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पर्यवेक्षक सह चुनाव प्रभारी कन्हाई पासवान भी मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से अजीत कुमार श्रीवास्तव को चंदवा प्रखंड का नया अध्यक्ष चुना गया। इस पर अजीत श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। साथ ही राजद को चंदवा प्रखंड में बूथ स्तर पर मजबूत बनाउंगा। वहीं, कन्हाई पासवान ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव के संदेश को जन जन तक पहुंचाना है। देश में जिस तरह की नफरत की राजनीति चल रही है उसे सिर्फ लालू यादव और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही रोका जा सकता है। इस मौके पर प्रदेश सचिव अजय चौधरी, मुरली प्रसाद, तपवन कुमार यादव, सुरेंद्र यादव, अशोक याद,शंकर प्रसाद, विजय लोहरा आदि थे।

### युवक लापता, सेन्हा थाना में मामला दर्ज



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना अंतर्गत झालजमीरा पंचायत के पीपर टोली निवासी राजू भगत (24) अचानक से लापता हो गया है। काफी खोजबीन करने के बाद जब उसका पता नहीं चला तो थकहार कर पिता महादेव भगत ने सेन्हा थआने में सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि राजू भगत के पिता ने बताया कि विगत 23 अगस्त की शाम चार बजे राजू भगत बिना कुछ बताए घर से कहीं चला गया। रात तक घर नहीं लौटा तो चिंतत होकर सभी परिचितों-रिश्तेदारों से पास उसकी खोजखबर ली। उसके दोस्तों से भी पूछताछ की, लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। थक हार कर थाने में शिकायत दर्ज कराकर उसकी तलाश करने की गुहार लगाई है. थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को इसकी सूचना मिले या कहीं दिखे तो तुरंत नजदीकी थाने को सूचित करें। राजू हिंदी और नागबूरी भाषा बोलता है।

### धूमधाम से मना बीओआइ का 117 वां स्थापना दिवस



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के सभी बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) शाखाओं में 117 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। शाखा में आने वाले उपभोक्ताओं को मीठा खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई देते हुए स्वागत किया गया। वहीं, लोहरदगा मुख्य शाखा में स्थापना दिवस पर ग्राहकों के बीच विविध ऋण का वितरण किया गया। जिसमे मुख्यत: मुद्रा ऋण, कृषि ऋण, खुदरा ऋण, एमएसएमई ऋण का निष्पादन हुआ एवं सुकन्या समृधि, अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, जन धन योजना में खाते खोले गए। मुख्य शाखा प्रबंधक मनीष मोहित ने कहा कि बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना उनका पहला उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आसान व्याज दर पर गोल्डन लोन की सुविधा बहाल हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा स्थापित स्वयं सहायता समूह हो या शहरी स्तर पर काम करने वाले लघु एवं सूक्ष्म निकाय बैंक ऑफ इंडिया पूरी निष्ठा के साथ आर्थिक सहायता प्रदान करती है। शाखा प्रबंधक ने अतिथियों से बैंक से जुड़ने का आह्वान किया।

**जवाहर विद्यालय छात्रा आत्महत्या मामला : छात्रा नेहा खलखो के अभिभावकों ने हॉस्टल प्रबंधन पर लगाया आरोप**

# आत्महत्या नहीं, यह हत्या का मामला है

**मृतका नेहा की मां ने घाघरा थाना में हॉस्टल प्रबंधन के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है**

आजाद सिपाही संवाददाता



सदर अस्पताल में शोकाकुल परीजन

**गुमला।** जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया में मंगलवार को नेहा आत्महत्या कांड ने एक नया मोड़ ले लिया है। मृतका नेहा की मां बेहरा टोली निवासी मंजू खलखो ने घाघरा थाना में नवोदय विद्यालय के हॉस्टल प्रबंधन के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। मृतका की मां ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि उसकी पुत्री का आत्मबल बहुत मजबूत था। इसलिए उसका आत्महत्या करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता।

उन्होने आशंका जतायी कि उनकी पुत्री की हत्या कर उसे आत्महत्या बताने की कोशिश की जा रही है। मृतका की मां ने यह भी कहा कि मंगलवार की रात जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य और उनके साथ तीन लोग उनके घर आये थे, और उनकी पुत्री के बीमार होने की सूचना देते हुए मृतका की मां और मृतका के पिता अनिल खलखो को अपने साथ ले गये थे। लेकिन मसरिया मोड़ के पास उन्हें उतार दिया गया और बताया गया कि उनकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली है। और वहीं पर घाघरा की ओर से आ रही एक एंबुलेंस में उनकी पुत्री का शव इन्हें दिखाया गया। उन्हें घटनास्थल तक भी नहीं जाने दिया गया। उन्होंने कहा कि शव किसने उतारा, आत्महत्या कैसे हुई? इसकी कोई जानकारी उनके माता-पिता को नहीं लेने दी गई।

## मौत के चंद घंटों पहले नेहा ने अपने जन्म दिन पर दीदी से तोहफे में मांगा था डॉल

मृतका नेहा ने अपनी बहन से अपने जन्मदिन पर तोहफे में एक बड़ा सा डॉल मांगा था आत्महत्या वाली घटना के कुछ घंटा पहले लगभग 4:00 बजे शाम में उसने अपनी बहन सोनाली खलखो से फोन पर बात की थी नेहा का जन्म दिन 5 अक्टूबर को मनाया जाने वाला था अपने जन्मदिन के ठीक है एक महीना पहले नेहा ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया

## बार एसोसिएशन ने घटना की सीबीआइ या सीआइडी से जांच कराने की रखी मांग

आत्महत्या वाली घटना के बाद बार एसोसिएशन हरकत में आ गया। क्योंकि मृतका के पिता अनिल खलखो पेशे से अधिवक्ता हैं और बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। इसलिए सदर अस्पताल में बुधवार को दिन भर अधिवक्ताओं का तांता लगा रहा। इस मामले में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनरखन गोप ने कहा कि इस मामले में उन्हें न्याय चाहिए। मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। उन्होंने पूरे मामले की सीबीआई या सीआईडी से जांच करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला आत्महत्या का नहीं लग रहा है, उन्हें आशंका है नेहा की हत्या की गई है और इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

**कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं :** नवोदय विद्यालय के छात्र या शिक्षक कोई भी इस मामले में मुंह खोलने को तैयार नहीं है। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर विद्यालय के स्टाफ स्पष्ट तौर पर यह जवाब दे रहे हैं कि प्रशासन ने उन्हें किसी को कुछ भी बोलने से मना किया है। छात्र-छात्राओं को किसी भी बाहरी व्यक्ति से मिलने नहीं दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन के दबाव में कोई भी किसी को कुछ नहीं बता रहा है, जिससे आत्महत्या या हत्या के बारे में किसी निष्कर्ष तक पहुंचा जा सके। अगर सचमुच जुबान नहीं खोलने को लेकर पुलिस प्रशासन का दबाव है तो यह नहीं बताया जा सकता कि यह एहतियाती कदम है या फिर सच्चाई पर पर्दा डालने का प्रयास?

## लाइन ट्रक व मुर्गी लदे पिकअप में हुई आमने-सामने की भिड़ंत, तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र से निकलते ही नवनिर्मित बाईपास चौराहा के समीप बुधवार की सुबह एक लाइन ट्रक व मुर्गी लदे पिकअप वाहन के बीच में सीधी भिड़ंत हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में में बताया जा रहा है कि पिकअप में लाई जा रही कई मुर्गियों की भी मौत इस दुर्घटना में हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों की भीड़ वहां उमड़ पड़ी और घायलों को सहारा दिया। वहीं यह भी बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त लाइन ट्रक रायपुर से लोहा छड़ लादकर आ रहा था। जबकि पिकअप वाहन मुर्गी लाद कर उड़ीसा की ओर से गुमला आ रहा था। दोनों गाड़ियों की रफ्तार अधिक थी जिसके कारण दोनों के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गुमला थानेदार मनोज कुमार दल बल के साथ पहुंचकर वाहनों को कब्जे में लेकर जांच में जुट गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि दुर्घटना के ठीक बाद वहां पहुंचे कुछ लोगों की बुरी नजर पिकप में लदे मुर्गियों पर थी।

## करमा मनाने जा रहे व्यक्ति को अपराधियों ने मारी गोली, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम वृंदा में अपराधियों ने एक युवक का रास्ता रोककर उसे गोली मार दी। जिससे उसकी स्थिति काफी गंभीर हो गई है। बताया जाता है कि युवक नागेंद्र कुमार मंगलवार की देर शाम कर्मा का त्यौहार मनाने के लिए अपने मामा के घर वृंदा गांव जा रहा था। अभी वह वृंदा पहुंचा भी नहीं था कि इसी दौरान अपराधियों ने उसका रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि नागेंद्र कुछ समझ पाता अपराधियों ने उसके पेट में गोली मार दी। गोली मारकर अपराधी वहां से फरार हो गए। बताया जाता है कि गोली युवक के पेट में लगी थी और वह जमीन पर गिर पड़ा था। थोड़ी देर बाद वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने घायल व्यक्ति को देखा तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रांची रेफर किया गया है। घटना के संबंध में पूछे जाने पर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति को गोली लगी थी और उसे प्राथमिक उपचार के बाद रांची भेजा गया है। लेकिन फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है। जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर, गोलीकांड की घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## दुष्कर्म के एक आरोपी को 20 साल की सजा और 25 हजार रुपये जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने बुधवार को खोरा चैंरबा गांव निवासी छोटू गोप को 20 वर्ष की सजा सुनाई है। छोटू पर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। इस मामले में अदालत ने छोटू को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा दी है। आरोपी को धारा 376 डी के तहत 20 साल की सजा व 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। यह घटना 10 जून 2018 की है। शाम पांच बजे पीड़ित युवती चौमिन लेकर अपने घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान आरोपी छोटू गोप उसे जबरदस्ती पकड़ कर झाड़ी की ओर ले गया था और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। फिर वह वहां से भाग निकला था। जिसके बाद पीड़िता अपने घर आयी थी और घटना के बारे में परिजनों को जानकारी दी थी। जिसके अगले दिन पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## देश में लूट-झूठ की सत्ता खत्म करने के लिए एक जिम्मेवार गठबंधन की जरूरत : विजय सिंह

**जेएनडी के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि देश में जिस तरह महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी जैसी समस्याओं को देश की जनता पर लादकर लूट झूठ की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चला रहे हैं, जिसपर विराम लगाने के लिए एक जिम्मेवार मोर्चाबंदी देश में होनी चाहिए। इस दिशा में बिहार प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए जा रहे प्रयास को श्री सिंह ने सराहते हुए कहा कि नीतीश कुमार एक सुलझे हुए नेता हैं, अगर जुमलेबाजों की सरकार को हराकर सभी को साथ लेकर चलनेवाले गठबंधन देश में तैयार होता है तो वह देश हित में होगा। विदित हो कि इन दिनों बिहार प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली दौरे पर हैं और मोदी सरकार के कुशासन के विरुद्ध विपक्षी पार्टी के नेताओं से देश में एक मजबूत गठबंधन के लिए बातचीत का दौर चला रहे हैं।

श्री सिंह ने यह भी कहा कि पिछले आजादी के 75 वर्षों में अगर देखें तो कुछ काम को छोड़ दिया जाए तो सबसे घटिया और निकम्मी सरकार नरेंद्र मोदी सरकार ही रही है, जो चोरी और सीनाजोरी पर विश्वास करती है। सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास भी इनकी जुमलेबाजी ही साबित हो रही है। श्री सिंह ने यह भी खुलकर कहा कि बिहार प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री का दायित्व का निर्वहन करने का सभी गुण मौजूद है। देश में लोकतंत्र पसंद व न्याय चाहने वाले राजनीतिक पार्टियों द्वारा अगर नीतीश कुमार जी को आगे रखकर प्रधानमंत्री मोदी सरकार की लूट व झूठ का शासन को चुनौती देने के लिए आगे बढ़ा जाए तो देश की जनता मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी और गठबंधन को जनता जरूर साथ देगी। श्री सिंह ने झारखंड नवनिर्माण दल का इस मुद्दे पर पक्ष रखते हुए कहा कि अगर देश में इस तरह का गठबंधन तैयार होता है तो झारखंड प्रदेश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाने के लिए झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा हर तरह से मदद करने की भी बात श्री सिंह ने कही।

## परिश्रम कर अपने जीवन में बढ़ते रहने की राह बनायें खिलाड़ी : जुन्नू

**स्पोर्ट्स एकेडमी ने मनाया शिक्षक दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले की प्रसिद्ध क्रीड़ा संस्था स्पोर्ट्स एकेडमी ने बुधवार की शाम शिक्षक दिवस मनाया। स्पोर्ट्स अकादमी गुमला द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षकों व प्रशिक्षकों को सम्मान से नवाजा गया। अकादमी के सभी खिलाड़ी में शिक्षक दिवस मनाने को लेकर काफी उत्साह था। सभी खिलाडी द्वारा अकादमी के दोनों प्रशिक्षकों सैयद जुन्नू रैन और हफीर्जुरहमान के द्वारा केक काट कर हैंडबॉल मैच कराया गया। जिसमें स्पोर्ट्स अकादमी और गुमला हैंडबॉल टीम का मैच कराया गया। जिसमें स्पोर्ट्स अकादमी की टीम विजयी रही। मौके पर सैयद जुन्नू रैन ने शिक्षक दिवस पर अपना उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाडी को परिश्रम कर अपने जीवन में बढ़ते रहने की राह बनाते रहना चाहिए। तभी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि शुरू से ही गुरु और शिष्य का इस दुनिया में अनमोल रिश्ता रहा है। अगर गुरु शिष्य चाहे तो हर मुश्किल काम को आसान कर देते हैं। हर नामुमकिन काम को मुमकिन में बदल देते हैं। ऐसा सफल रिश्ता एक गुरु और शिष्य का होता है। वहीं हफीजुर रहमान द्वारा कहा गया कि इस धरती में हर कुछ है हर चीज है हर वस्तु है पर उसे किस तरह उपयोग करना चाहिए ये सिर्फ गुरु सीखाते हैं। बच्चों को सही रास्ते दिखाते हैं। इस कार्यक्रम में विकास, दीपक, विक्रम, नेल्सन,रवि, अनिष, नीरज, प्रवीण, तौफिक, शदाम, विजय, शुभम, रोबिन, परी, आयुषी, अनामिका, प्रियंका, प्रीति आदि खिलाड़ी मौजूद थे।

## नाबालिग किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के अंबोआ पंचायत अंतर्गत सुरसुरिया गांव निवासी महावीर गोप के 15 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार गोप ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे की है। घटना की सूचना पर गुमला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजन ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का कुछ पता नहीं चल रहा है। लेकिन ये भी बताया जा रहा है कि कुछ समय से वह परेशान चल रहा था। उसने लॉकडाउन के समय से ही पढ़ाई-लिखाई छोड़ दी थी। और अब मजदूरी का काम करने लगा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। युवाओं में फांसी की बढ़ती घटना को लेकर शहर में काफी चर्चा हो रही है। नवोदय विद्यालय में हुई घटना में भी मृतका की उम्र लगभग,15 वर्ष ही है, इस घटना में भी मरने वाले की उम्र 15वर्ष बताई जा रही है। एक ही दिन, एक ही उम्र के दो युवाओं की आत्महत्या करने की घटना ने अभिभावकों की परेशानी बढ़ा दी है।

## युवती ने छेड़छाड़ व मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करायी

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र की एक युवती ने ग्राम टाटी थाना कुरकुरा निवासी 23 वर्षीय बबलू साहू पिता दयानंद साहू एवं अन्य के विरुद्ध कुरकुरा थाना में छेड़छाड़ करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना प्रभारी के नाम दिए आवेदन के अनुसार युवती ने कहा कि वह 7 सितंबर रात्रि साढ़े 12 बजे अपने मंगेतर के साथ करम पूजा समारोह देखने के बाद अपने घर वापस जा रही थी, इसी दौरान बबलू एवं एक अज्ञात लड़का द्वारा टाटी आटा चक्की के पास उसके साथ छेड़खानी करने लगे। लड़की द्वारा विरोध करने पर वे दोनों मारपीट करने लगे, तब मेरे मंगेतर द्वारा विरोध करने पर अज्ञात लड़का द्वारा तीन-चार अज्ञात लड़कों को और बुला लिया गया और युवती और उसके मंगेतर के साथ मारपीट करने लगे। साथ ही युवती का साड़ी और ब्लाउज खोलने लगे। मारपीट से युवती का होंठ भी कट गया, दायां हाथ में चोट लग गयी और युवती बेहोश हो गयी। इस मारपीट में युवती का मंगेतर भी घायल हो गया। सभी आरोपी गंदी गंदी गाली देने लगे और पुलिस के पास जाने पर और मारपीट करने की धमकी दिये। इसके उपरांत जानकारी मिलने पर युवती के माता पिता एवं आसपास के लोगों के आने से सभी भाग गये।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कामडारा प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा व भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया करम पर्व



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ करमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित बोलबम करमा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित करमा पूजा का उद्घाटन थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार ने किया। युवती और महिलाएं दिनभर उपवास रखी और शाम में करम डाली के नीचे बैठकर धूप दीप नैवेद्य के साथ देवताओं का आह्वान किया और करमा की पूजा कर बहनों ने अपने भाई के सूख शांति समृद्धि और लंबी जीवन की कामना की। कामडारा के करम अखाड़ों व आंगन में ग्रामीण ठेठ नागपुरी गीत से रात भर थिरकते नजर आये। वहीं बुधवार की सुबह पूजा की करम की डालियों को विसर्जन किये जाने के पश्चात करमा पर्व संपन्न हो गया।

## पालकोट प्रखंड एवं आसपास क्षेत्र में करम पर्व धूमधाम से मनाया गया



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व में युवती व महिलाये दिनभर उपवास रखती है और शाम को करम डाली को आंगन में गाड़ कर उसके अगल बगल बैठ कर धूप दीप नैवेद के साथ देवतावो का अवहान कर के करम डाली की पूजा भाई की लम्बी उम्र की कामना और प्रकृति संरक्षण की दृष्टिकोण से पूजा करते हैं इस करमा पूजा को पालकोट के विभिन्न इलाकों में धूमधाम से मनाया गया।

## बसिया में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन 21- 22 सितंबर को

**बसिया (आजाद सिपाही)।** अभिहित अधिकारी सह एसडीओ संजय पीएम कुजूर द्वारा चैम्बर ऑफ कॉमर्स बसिया के अध्यक्ष सुभाष कुमार चौधरी को पत्र जारी कर कहा है कि बसिया अनुमंडल के अंतर्गत दिनांक 21 एवं 22 सितंबर को 11 बजे पूर्वाह्न में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन अनुमंडल कार्यालय बसिया में किया गया है। जिसमें खाने-पीने की दुकान, होटल, किराना दुकान, छोटे ठेला दुकानदार, गुमटी के दुकानदार जिन्होंने अपना फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे इस कैम्प में आकर अपना फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करा लें। उन्होंने अध्यक्ष से सभी दुकानदारों को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने हेतु प्रेरित करने की बात भी कही है.चैम्बर अध्यक्ष सुभाष कुमार चौधरी द्वारा उपरोक्त सभी दुकानदारों से नियत समय पर शिविर में शामिल होकर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है।

## बसिया में पोषण अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी3 के द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्र, गांव में पोषण माह के तहत पोषण जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं गांव के किशोर समूह द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। अन्य कार्यक्रमों में पोषण से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पोषण स्टाल के माध्यम से प्रोटीन, विटामिन, आयरन से संबधित खाद्य पदार्थो को शामिल किया गया और इन विषयों पर किशोर किशोरियों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। महिला पर्यवेक्षिका डेजी कुजुर, शिक्षक एवं सी 3 के समन्वयकों के द्वारा उपस्थित किशोरों को किशोरावस्था में सही खान-पान और पोषक तत्वों की कमी से होने वाली बीमारी और उससे बचाव के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी के द्वारा शपथ ली गयी कि हम किशोर हर व्यक्ति तक पोषण अभियान का संदेश पहुचाएंगे एवं हमारा समाज कुपोषण मुक्त हो इसके लिए विशेष अभियान चलाएंगे। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका डेजी कुजूर, सलोमी, सुमन सी 3 इंडिया के प्रकाश सारंगी, मनीषा श्रीवास्तव, प्रवीण, अमित जानकी, सीमा, संजय एवं सेविका सुषमा तिर्की, मंजू देवी, बेबी देवी, दीपा देवी, बीटीटी गीता देवी एवं किशोर समूह के सदस्य मजूद थे।

## दारी से कोचा को जोड़ने वाला मुख्य पथ दो जगह हुआ क्षतिग्रस्त, आवागमन बाधित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दारी से कोचा को जोड़ने वाला मुख्य पथ पर दो जगह एवं लरंगो से लोहंजरा जाने वाले पथ में एक जगह से भारी बारिश के कारण सड़क बह गई है। इन रास्तों से वाहनों व पैदल आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। इन रास्तों से कोचा, दारी, लरंगो, लोहंजरा गांव के हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी जानकारी होने पर बीडीओ सुनीला खलखो, 15वें वित्त प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, जेई श्रवण कुमार द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से इन तीनों जगहों पर जल्द से जल्द पुल का निर्माण कराकर आवागमन सुचारू कर दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित जेई को प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दे दिया गया है।

**कार्यक्रम : शांता पब्लिक आवासीय स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस**

# शिक्षक एक कुम्हार हैं : फादर सिप्रियन कुल्लू

**बेस्ट एक्सलेंस टीचर अवार्ड से हिमा कुमारी, जसिंता बेक, अंकिता कुमारी को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** शहर के शास्त्री नगर , स्थित सांता पब्लिक आवासीय स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विशप हाउस गुमला के फादर सिप्रियन कुल्लू ने कहा शिक्षक एक कुम्हार हैं, जो बच्चों का निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने 12 प्रकार के गुरु के विषय में बताया, लेकिन उनमें प्रथम स्थान परमेश्वर, दूसरे में माता पिता, तीसरे में गुरु का स्थान है। गुरु के बिना हम कुछ नहीं सीख सकते हैं। सांता पब्लिक स्कूल मे आकर मुझे लगा इस स्कूल के बच्चे काफी बुद्धिमान और सरल हैं। एक दिन स्कूल का नहीं गुमला का भी यह नाम रौशन करेंगे।

मौके पर फादर क्रिस्टोफर लकड़ा ने कहा सांता पब्लिक स्कूल में एडमिशन फीस नहीं लेना तारीफ के काबिल है।

सांता पब्लिक स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार ने कहा आज शिक्षा का अभाव देखा जा रहा है, गुरु और शिष्य का संबंध अभी खराब हो गया है, लेकिन अगर गुरु नहीं तो हम कुछ भी नहीं सीख सकते हैं। समाज में टीचर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।

टीचर्स डे के मौके पर पत्रकार दीपक राम को स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया।

स्कूल द्वारा अपने बेस्ट एक्सलेंस टीचर अवार्ड टीचर हिमा कुमारी, जसिंता बेक, अंकिता कुमारी को दिया गया। टीचर्स डे पर स्कूल के सभी टीचर्स को सम्मानित किया गया। स्कूल के बाल संसद के स्टूडेंट्स सोनल कुमारी ने मंच का सफल संचालन किया। बच्चों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

मौके पर स्वाति गुप्ता, अनुरंजना कुमारी, रजनी सिन्हा, शारदा सोनी वीणा देवी, नॉर्बेट बेक, जयमंती एक्का सहित स्कूल के बाल संसद के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## जेएसएलपीएस ने 17 बेरोजगार युवकों को इलेक्ट्रिशियन के प्रशिक्षण के लिए रांची भेजा



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस मोहम्मदगंज की ओर से प्रखंड के 17 बेरोजगार युवाओं का चयन कर उन्हे इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्राप्त करने बुधवार को रांची रवाना किया। जेएसएलपीएस के जेआरपी उदय कुमार व रेहाना खातून ने बताया कि प्रखंड के 17 बेरोजगार युवकों का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास कौशल विकास योजना के तहत जिला से किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी 17 अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण रांची के पंडरा थाना क्षेत्र के रवि स्टील चौक के समीप क्वेस कॉर्प लिमिटेड के द्वारा दिया जायेगा। उदय कुमार व रेहाना खातून ने बताया कि अभ्यर्थियों का सत्यापन मोहम्मदगंज थाना से कराने के बाद रांची भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान रहने खाने की व्यवस्था निशुल्क दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड से विभिन्न प्रशिक्षण के लिए बेरोजगार युवकों को बाहर भेजा जाता है। इस मौके पर पीआईए कमलेश यादव,विजय नायक समेत कई लोग शामिल थे।

## रविंद्र ठाकुर का बलडीहरी के समीप मिला शव , मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बलडीहरी और गैरमाजारुआ के बीच रेल लाइन के किनारे हैदरनगर के बुद्धू बिगहा गांव निवासी 40 वर्षीय रविंद्र ठाकुर उर्फ गुड्डू ठाकुर का शव मिला है। उसके कान के पास ब्लड निकला हुआ है। जबकि पैर के निचले हिस्से में खरोच है। ग्रामीणों की सूचना पर हैदरनगर के एसआई उपेंद्र कुमार दस व सोनू कुमार दस सदल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि रविंद्र ठाकुर की मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और छान बीन से ही पता चलेगा। उन्होंने बताया कि रविंद्र ठाकुर के परिजनों के अनुसार वह मंगलवार की शाम अपने घर बुद्धू बिगहा गांव से बाजार के लिए निकला था। घर वापस नहीं आया। पुलिस ने शव का अंत्यपरीक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। हैदरनगर थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने बताया कि रविंद्र ठाकुर बुद्धू बिगहा गांव का रहने वाला है। उसका गांव घटना स्थल से तीन किलो मीटर की दूरी पर है। रविंद्र ठाकुर वहां कैसे गया या उसे कोई ले गया यह छान बीन के बाद ही स्पष्ट होगा। ग्रामीणों व परिजनों के अनुसार रविंद्र ठाकुर को सुनसान जगह में ले जाकर मार दिया गया है। घटना स्थल पर हैदरनगर प्रखंड उप प्रमुख पप्पू पासवान ने रविंद्र ठाकुर की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने मामले की गहन छान बीन करने की मांग भी पुलिस प्रशासन से की है। रविंद्र ठाकुर की अचानक मौत पर मुखिया संतोष कुमार सिंह, शाहनाज प्रवीन, समाजसेवी सज्जू खान, अशरफ हसन,सुनील सिंह, आफताब खान, राजू खान आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। सभी ने घटना की गहन छान बीन की मांग की है।

## शिव गुरु के संस्थापक हरिंद्रा नंद के निधन पर खरगड़ा गांव में हुआ शोक सभा का आयोजन



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)** । शिव गुरु के संस्थापक सह प्रचारक हरिद्रानंद साहब के निधन पर खरगड़ा गांव में शिव गुरु शिष्यों ने शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की गई। वहीं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजी दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिव शिष्य राजदयाल ने किया। नंदू गुरु भाई ने कहा कि शिव गुरु चर्चा के संस्थापक के निधन से सभी गुरु भाई बहनों में गहरा शोक है। उन्होंने कहा कि शिव गुरु की महिमा जाहिर कर उन्होंने बड़ी संख्या में शिव गुरु के शिष्यों को रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि अब उनका मार्गरशन कौन करेंगे। इस मौके पर कुशदीप गुरु भाई, शंकर, विश्वनाथ, डा पंकज गुरु भाई व सोना गुरु बहना के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## जेएमएम जिला अध्यक्ष ने किया करन बार एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के स्टेशन रोड़ में करन बार एंड रेस्टोरेंट रेस्टोरेंट का उद्घाटन जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य मनोज गुप्ता,गोपाल सिन्हा,वशिष्ठ कुमार सिंह,जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहबाज आलम आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि हुसैनाबाद शहर में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इसके खुलने से लोग मदिरापान के साथ अच्छे भोजन का आनंद ले सकते हैं।रेस्टोरेंट के संचालक वशिष्ठ कुमार सिंह ने कहा कि रेस्टोरेंट में चाइनीज आइटम के साथ भोजन की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में इस तरह की सुविधा युक्त रेस्टोरेंट की कमी लोगों को महसूस होती थी।लेकिन अब करन बार एंड रेस्टोरेंट इस कमी को पूरा करेगा। ग्राहकों को लजीज खाने का स्वाद रेस्टोरेंट में दिया जाएगा। साथ ही इस प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए सभी प्रकार के विदेशी शराब व चिल्ड वियर उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा।मौके पर जेएमएम के कोषाध्यक्ष रमेश सिंह,धनंजय सिंह, सुरेन्द्र साहनी,रामप्रवेश सिंह,रतन लाल,रामवचन बैठा,केदार सिंह,धीरज साहू,राजेश सिंह,एस कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### पलामू सांसद वीडी राम ने 8.5 करोड़ की योजना का किया शिलान्यास

# यातायात बढ़ने से विकास कार्य में तेजी आती है : सांसद

**हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने बुधवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 8.5 करोड़ की योजना का शिलान्याश किया। इस दौरान प्रखण्ड के सुदूरवर्ती तेतरिया केवालपर व अररूआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर पीएमजी सड़क योजना के तहत गिद्दी प्राथमिक स्कूल से करमलेवा-परसलेवा नहर तक 2.694 करोड़ की लागत की 3 किलोमीटर पथ निर्माण तथा तूरी से लंगूराही प्राथमिक विद्यालय चहका तक 404.69 करोड़ की लागत की साढ़े 6 किलोमीटर पथ निर्माण योजना के अलावे 152.88 करोड़ की लागत की करमलेवा पथलबाजा नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के बाद मोतीराज कॉलेज के समीप राधा-कृष्ण मैदान में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम की अध्यक्षता व मंडल महामंत्री सन्नी गुप्ता के संचालन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पलामू सांसद ने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार प्रत्येक गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि



यातायात बढ़ने से सुविधा में विकास कार्य में तेजी आती है। यह सुविधा बढ़ती है तो क्षेत्र का विकास होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में शिक्षा व चिकित्सा की कमी है।इन समस्याओं को बल्की ध्यान आकृष्ट किया गया है बल्कि निदान भी करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। मौके पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि सांसद प्राथमिकता के आधार पर पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे है। भाजपा विकास पर ही विश्वास करती है। संवेदक स्वास्तिक इंटरप्राइजेज के अजित सिंह तथा ग्रामीण विकास विभाग के जेई संजीत सिंह ने बताया कि 12 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रविन्द्र कुमार सिंह, बिनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मुखिया संदीप यादव, विकास यादव, बुधन सिंह यादव, सतेन्द्र यादव,पूर्व विसूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, मुखिया सनोज गुप्ता, रौशन सिंह, सतेन्द्र पासवान, गुप्ता पासवान, रघुनंदन साव, धर्मेन्द्र कुमार, अशोक सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।

## नपं के वार्ड पार्षदों ने डीसी को ज्ञापन देकर आवास योजना की राशि भुगतान की मांग की

### हुसैनाबाद के कई वार्डों में 2016-20 की लंबित राशि का नहीं हुआ है भुगतान

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड पार्षदो ने बुधवार को पलामू उपायुक्त को ज्ञापन देकर लाभुकों की लंबित आवास योजना की राशि भुगतान की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डो में आवास योजना के लाभुकों को 2016-17,2017-18,2018-19 व 2019-20 की लंबित राशि का भुगतान नही किया गया है। जबकि लाभुको द्वारा आवास निर्माण पूरा कर दिया गया है।हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय द्वारा अभी तक आश्वासन दिया जा रहा है। जिसके कारण आवास



योजना के लाभुक में आम जनता नगर पंचायत के प्रति काफी आक्रोश है। राशि भुगतान नही होने के कारण लाभुकों को उधार लिये गए छड़-सीमेंट दुकानदारों का कोपभाजन झेलना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद नजीर अहमद, अखिलेश यादव, राजेंद्र पाल, सुहैल आलम, अर्जुन गुप्ता, सुषमा गुप्ता, यास्मीन परवीन, लालती देवी, अनिता देवी, सोनी देवी, सुनीता देवी आदि द्वारा हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में पलामू डीसी से इस दिशा में अविलंब पहल करने की मांग की गयी है।दिए आवेदन में पलामू उपायुक्त से मामले की जांच कराने का भी आग्रह किया गया है।इस संबंध में पार्षद संघ के अध्यक्ष नजीर अहमद ने बताया कि ज्ञापन देने के उपरांत पलामू उपायुक्त ने हम सभी पार्षदों को आश्वस्त किया है कि इसकी सूचना नगर विकास एवम आवास विभाग के वरीय पदाधिकारी को देते हुए यथाशीघ्र आवास योजना की जांच कराया जाएगा । ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद नजीर अहमद,अखिलेश यादव, राजेंद्र पाल, सुषमा गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, सुहेल आलम, लालती देवी, सरिता देवी, यास्मीन खातून, एवम पार्षद पति राजकुमार कश्यप, सुरेंदर पासवान, अनवर आलम,डॉ अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## स्वस्थ जीवन के लिए दैनिक स्वच्छता अनिवार्य : डीइओ

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची के योजनान्तर्गत जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी की अगुआई में बालिका मिशन स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा में मनाया गया।संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।दीप प्रज्ज्वलित कर स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन करते हुए डीईओ श्री चौधरी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए।यह एक दिन के अभ्यास का मामला नहीं है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों, कर्मियों व पदाधिकारियों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलवाई तथा सामूहिक रूप से हस्त प्रक्षालन कराया।उन्होंने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में पन्द्रह दिनों तक स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का



आयोजन करना है तथा स्वच्छता को बढ़ावा देना है। इसमें बच्चों के साथ अभिभावकों को भी भागीदार बनाना है।कस्तुरबा चैनपुर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इस मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, बी.ई.ई.ओ. बलराम पाठक, सहायक अभियंता दिलीप सिंह, कनीय अभियंता सुधीर दुबे, ए.डी.पी.ओ. उदय सिंह,सहायक राजीव चौबे, विकास दूबे, सादाब हुसैन, सुनील यादव,प्रशील रमन, संजय कुमार, प्रियेश कुमार, सहायक राजीव रंजन पाण्डेय व बिरजेनिया खेस मुख्य रूप से सक्रिय थे।

## देश और समाज के विकास में शिक्षकों की महती भूमिका : निदेशक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बिद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य अक्षय कुमार चौहान, बिनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, दशरथ कुमार, बीके सिंह, राहुल चौहान,दीपक प्रजापति, प्रियंका देवी आदि ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम के दौरान बिद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम व गीतों से गुरु और शिष्य की महती भूमिका पर प्रकाश डाला।मौके पर बिद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे मनाया जाता है। गुरु-



शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है, उन्होंने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षक की सेवा भावना दूसरी सब सेवाओं से अलग होती है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि समाज मे शिक्षक आने वाली पीढ़ी को योग्य शिक्षा देकर उनको देश के विकास और उन्नति के लिए तैयार करता है।साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को एक सफल उद्यमी, रिसर्चर, लेखक, शिक्षक एवं मार्गदर्शक बनने के लिए प्रेरित किया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न

## अनुकंपा से संबंधित आवेदनों को तय समय के भीतर संपादित करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी की अध्यक्षता में बुधवार को सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों,मृत चौकीदारों एवं उग्रवादी हिंसा से पीड़ित आम लोगों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु बैठक आयोजित की गयी।समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत सरकारी सेवकों के आश्रितों को मुआवजा एवं नौकरी से संबंधित मामलों को संवेदनशील होकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि मामलों को इस प्रकार प्रतिवेदित करें कि स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो कि मामलों का निष्पादन हो चुका है व कौन मामला किस स्तर पर लंबित है,ताकि कार्य करने में सुविधा हो।उपायुक्त श्री दोड्डे ने अनुकंपा समिति के सदस्यों से अनुकंपा को लेकर आये आवेदन के निष्पादन में विलंब नहीं करने की बात



कही।उन्होंने कहा कि अनुकंपा की नौकरी उसके परिजनों के लिए एक मात्र सहारा होता है।उन्होंने अनुकंपा समिति के सदस्यों को आपस में समन्वय स्थापित कर मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से उन्हें नौकरी व मुआवजा प्राप्त होता है,तो उन्हें काफी मुश्किलों से निजात मिल सकती है।

**बैठक में सामान्य अनुकंपा के 30 मामलों पर चर्चा की गयी**

बैठक में सामान्य अनुकंपा के कुल 30 मामलों की समीक्षा की गयी साथ ही 5 चौकीदारी के मामलों की भी समीक्षा की गयी।इस दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने आवेदन,संबंधित व्यक्ति की शैक्षणिक योग्यता,एनओसी और परिवार के सदस्यों से संबंधित जानकारी लेते हुए नियुक्ति के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।बैठक में कुल 19 सामान्य मामलों को स्वीकृति दी गयी वहीं चौकीदारी के 5 मामलों में से 4 मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गयी।इसके अलावे उग्रवादी हिंसा से पीड़ित 12 मामलों में से एक आवेदन का अनुमोदन किया गया वहीं अन्य मामलों में तकनीकी व कुछ मामलों में सभी कागजात पूर्ण नहीं पाये गये।मौके पर उपायुक्त के अलावा पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की,सामान्य शाखा प्रभारी कपिल देव ठाकुर,कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू व अन्य उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज
10 सितंबर से कानपुर में हो रहा है शुरू

# रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज : सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली भारतीय लीजेंड टीम कानपुर पहुंची

**कानपुर।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज की शुरूआत 10 सितम्बर से कानपुर में शुरू हो रहा है। इसको लेकर टीमें भी आनी लगी है। बुधवार को सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली भारत की लीजेंड टीम कानपुर पहुंची है, इससे पहले मंगलवार को श्रीलंका की लीजेंडस टीम पहुंची थी। ऐतिहासिक क्रिकेट स्टेडियम ग्रीनपार्क एक बार फिर सजने लगा है और अबकी बार रोड सेफ्टी टी-20 वर्ल्ड सीरीज होने जा रही है। 10 सितम्बर से शुरू हो रही इस सीरीज में रिटायरमेंट हो चुके आठ देशों के क्रिकेटर मैच खेलेंगे। भारत की ओर से मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे और बुधवार को शहर पहुंच गये। सचिन के शहर पहुंचने पर क्रिकेट प्रेमियों में खुशी का माहौल बन गया और उनका भव्य स्वागत किया गया। पहला मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 10 सितम्बर को खेला जाएगा। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के संयोजक अनस बकाई ने बताया कि इस प्रतियोगिता को रवि गायकवाड के साथ मिलकर तीन साल पहले शुरू किया गया था। लेकिन कोरोना के चलते वह कई चरणों के बाद पूरा हो सका था। अब रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टू होने जा रही है और



इसकी शुरूआत कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूधिया रोशनी से होगी। सभी देशों की टीमें जल्द आ जाएंगी, मंगलवार को श्रीलंका की टीम शहर आ गई है और बुधवार को भारतीय टीम भी शहर आ रही है। टीम के कप्तान सचिन तेंदुलकर कानपुर पहुंच चुके हैं। सचिन तेंदुलकर के कानपुर पहुंचने पर क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह दिखा और उम्मीद किये हैं कि एक बार फिर ग्रीनपार्क में सचिन का बल्ला चलेगा। सचिन का भव्य स्वागत एयरपोर्ट से लेकर होटल तक किया गया।

**खेलेंगी आठ देशों की टीमें**

ग्रीनपार्क में कुल सात मैच आयोजित होंगे। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मैच रायपुर के मैदान में खेला जाएगा। दूसरे सीजन में विश्व की लगभग आठ टीमें शिरकत करेंगी। इस बार न्यूजीलैंड लीजेंड्स इस सीजन में नई टीम होगी। इसके अलावा भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड की टीम मैच खेलेगी। इस सीरीज का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के जैसे ही किया जाएगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले पहले टी 20 मैच के टिकट बुकमाय शो से खरीद सकते हैं। एक टिकट की कीमत 300 से लेकर 2500 तक है। ग्रीनपार्क में भारत की टीम कुल दो मैच खेलेगी, पहला मैच 10 सितम्बर को दक्षिण अफ्रीका से और दूसरा मैच 14 सितम्बर को वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा।


**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH**
**CIVIL COURT, HAZARIBAGH**
Mobile No:- 9939201624 e-mail:-dlsahazaribag@gmail.com
Advt. No. LADCS/01/2022 Date:- 07.09.2022

**NOTICE**

**Extension of TIME LIMIT for filling Applications for different posts of LADCs**

This is to inform that applications were invited from eligible lawyers having requisite qualification for contractual full time engagement for the following three posts in process of implementation of LADCS in the district of Hazaribagh.

1. Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged - **01**)
2. Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – **02** )
3. Assistant Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged - **03** )

The last date for filing applications for such different posts of LADCs was 05.09.2022. Now the time limit for filing applications for the above mentioned post has been **extended till 05.00 P.M on 10.09.2022 (Saturday)**.

The Scheme of engagement and requisite qualifications as well as application form are available on the website of the Civil Court, Hazaribagh i.e (https://districts.ecourts.gov.in/hazaribag) as well as on the Notice Board of DLSA, Hazaribagh. The duly filled application form along with self-attested copies of documents shall be submitted to the office of DLSA, Hazaribagh, through speed post or in an envelope personally in the office of Secretary, DLSA **on or before 10th September 2022 by 17:00 Hrs.** Any application received after due date and time shall not be considered.

sd/-
Principal District & Sessions Judge
cum Chairman, DLSA, Hazaribagh

PR 277169 (Law) 22-23 (D)

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्या भारती शिक्षण संस्थान एक बेहतर विकल्प है : लक्ष्मण



बेरमो (आजाद सिपाही)। अभिभावकों की यही चाहत होती है कि उनके बच्चे संस्कारी हों। अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास की इच्छा रखने वाले अभिभावकों के लिए विद्या भारती से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर अथवा सरस्वती विद्या मंदिर एक बेहतर विकल्प है। यहां बच्चों को बौद्धिक, शारीरिक व वैदिक मंच विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उक्त बातें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर संडेबाजार के नव पदास्थापित प्रधानाचार्य लक्ष्मण ठाकुर ने कही। उन्होंने बच्चों को विद्या भारती से संचालित विद्यालय में क्यों पढ़ाया जाना चाहिए के सवाल के जवाब में उक्त बातें कही। उन्होंने बोकारो जिला के छोटे से गांव चलकरी बस्ती के सरस्वती शिशु मंदिर से बतौर आचार्य 2005 में विद्या भारती में सेवा की शुरूआत की। इससे पूर्व वे रीतुडीह बोकारो में बतौर प्रधानाचार्य कार्यरत थे। रीतुडीह के आलावा जयनगर कोडरमा व बोकारो जिला के खैरा चातर में भी प्रधानाचार्य सेवा दे चुके हैं।

## बिनोद बाबू की जयंती किसी दलीय आधार पर नहीं होगी



चास (आजाद सिपाही)। झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहरी महतो की 99 वीं जयंती 23 सितंबर को बिजुलिया बिनोद चौक में आयोजित करने को लेकर बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बिनोद बिहरी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष टुपलाल महतो व संचालन नारायण चौबे ने किया। वक्ताओं ने कहा कि बिनोद बाबू की जयंती किसी एक दलीय नहीं होगी। दलगत भावना से ऊपर उठकर उनके बिचारों के साथ चलने की जरुरत है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। चंदाहा पंचायत के पंसस प्रतिनिधि पहाड़ महतो ने कहा कि बिजुलिया मोड़ में आयोजित बिनोद जयंती के मौके पर क्रांतिकारी नेता जयराम महतो पहुंचेंगे। उनके स्वागत के लिए तलगड़िया मोड़ से बिजुलिया मोड़ तक 500 बाइक के साथ आगवानी की जायेगी। इस मौके पर जगन्नाथ रजवार, परशुराम महतो, दरबारी महतो, रविश्वर महतो, मनोज महतो, राजकुमार महतो, संतोष महतो, गणेश महतो, रजनी कांत महतो, शंकर प्रसाद महतो, संजय कुमार मरांडी, मिथिलेश कुमार महतो, सुशेन रजवार, अशोक दशौंधी, राम पद दास, बंटी कुमार व गौतम सिंह आदि थे।

## केसलपुर गणेश पूजा पंडाल पहुंच कर सीएमडी ने की पूजा, की क्षेत्र की खुशहाली की कामना



कतरास (आजादसिपाही)। बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरण दत्ता बुधवार को केसलरपुर गणेश पूजा पंडाल पहुंचे और भगवान गणेश की पूजा की। सीएमडी के पहुंचने पर समिति के सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया। वहीं, सीएमडी ने भगवान गणेश से इस क्षेत्र के कोयला कर्मियों एवं क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एके सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सुरेंद्र भूषण, पूजा कमेटी के संरक्षक प्रदीप पांडे, अंतरराष्ट्रीय आयोग ह्यूमन राइट्स के महासचिव सुभाष वासन, मनोज कसेरी, डोमन प्रसाद केसरी, अभिषेक साव, सुमन वासन, रंजीत पांडेय, विकास केसरी, पप्पू साव, राहुल केसरी, सोनी वर्मन, दीपक सोनी आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के कार्यकारिणी की बैठक, आबो देवी अध्यक्ष नियुक्त



जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। शास्त्री नगर जामाडोबा स्थित पूर्व मंत्री आबो देवी के आवासीय कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अवधेश कुमार एवं संचालन उदय शर्मा ने किया। बैठक में राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष आबो देवी, महामंत्री अवधेश कुमार एवं संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा, गनौरी मिस्त्री, कार्यकारी अध्यक्ष गंगा सिंह, उपाध्यक्ष कामेशवर सिंह, सचिव रामानंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष शंकर सिंह, कार्यालय प्रभारी सहित 11 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आबो देवी ने कहा कि यूनियन का सिर्फ नाम बदला गया है। मजदूर हित में तेवर यथावत है। मजदूर हित एवं कोल इंडिया को बचाने की लड़ाई के लिए यूनियन का नव गठन किया गया है। वहीं, महामंत्री अवधेश कुमार ने कहा कि निबंधन की सूचना बीसीसीएल, सीसीएल एवं सेल के उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से दे दी गई है। नई उर्जा के साथ यूनियन मजदूरों की लड़ाई लड़ेगा। केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति और लेबर कोड को लेकर यूनियन चरणबद्ध आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया के निजीकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। श्रम कानून को समाप्त कर दिया गया है।श्रमिको की समस्याओं के प्रति प्रबंधन गंभीर नहीं है। विनिवेश व निजीकरण के खिलाफ मजदूरों की एकता अनिवार्य है। बैठक को मुख्य रूप से बब्लू यादव कामेश्वर सिंह,शंकर सिंह रामानंद प्रसाद मनोज सिंधु आदि उपस्थित थे।

## धनबाद जिला आजसू की बैठक में लिये गये कई निर्णय

धनबाद (आजाद सिपाही)। आजसू जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कतरास रोड मटकुरिया जेड स्क्वायर अपार्टमेंट में हुई। जिसमें मुख्य रूप से धनबाद जिला प्रभारी सह केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, केंद्रीय महासचिव संतोष महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कायार्कारी अध्यक्ष रमेश मुनि ने की। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो द्वारा गुरुवार को रांची के गीतांजलि में सम्पूर्ण झारखंड के प्रखंड अध्यक्ष, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष, प्रखण्ड प्रवक्ता और प्रखंड प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी के साथ की जाने वाली बैठक के संबंध में रांची जाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही 15 सितंबर को मधुबन गिरिडीह में होने वाली प्रमंडलीय सम्मेलन पर गहन चर्चा हुई। 10 सितम्बर को नगर कमेटी महानगर कमेटी की ओर से करकेन्द के स्वास्थ केंद्र बदहाली के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करेगी। बैठक में जिला कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हलधर महतो, केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, केंद्रीय सदस्य कुल्लू चौधरी, केंद्रीय सदस्य बिरेंद्र निषाद, केंद्रीय सदस्य सफिक आलम, महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह, नगर अध्यक्ष जीतू पासवान, दिलीप सिंह, संजय महतो, महबूब आलम, पप्पू सिंह, संतोष पासवान, अमर पासवान, बिरेंद्र सिंह, प्रमोद महतो, अनुप वर्णवाल, योगेश महतो, पप्पू मंडल, राकेश मंडल आदि मौजूद थे।

### धनबाद के बैंकमोड़ में मुथूट डकैतीकांड में मारे गये शुभम के शव को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

# बिहार के बेउर जेल से जुड़े गुंजन और मुथूट डकैतीकांड के तार, विशेष टीम बिहार रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद के बैंक मोड़ पुलिस ने बुधवार को डकैती कांड में मारे गए भूली निवासी डकैत शुभम का शव उसकी मां व परिजनों को सौंप दिया। वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार भूली पुलिस शुभम का अंतिम संस्कार होने तक सुरक्षा की दृष्टि से परिजनों के साथ रहेगी। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक की मां, पिता, दोनों बहनें और कई रिश्तेदार मौजूद थे। वहीं, पोस्टमार्टम हाउस के बाहर शुभम की मां ने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसका बेटा कोई लावारिस या आतंकवादी नहीं। वह देश की सेवा करना चाहता था। उसका एनडीए में सेलेक्शन भी हुआ था। कहा कि बेटा किसी साजिश का शिकार हुआ है। डकैती को नाकाम करने के लिए पुलिस की कार्रवाई बिल्कुल सही है। पर गोली सिर्फ उसके बेटे को ही क्यों, चार अन्य लोगों का एनकाउंटर क्यों नहीं किया गया। बतातें चलें कि शुभम मंगलवार को बैंक मोड़ स्थित मुथूट फाइनेंस में चार साथियों के साथ डकैती के इरादे से घुसा था, जहां पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। जबकि उसके दो साथी पकड़े गए थे। हालांकि दो अन्य फरार भी हो गए।




बैंक डकैतीकांड में एक डकैत का एनकाउंटर करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करते विधायक राज सिन्हा व रागिनी सिंह व अन्य

### एनकाउंटर स्पेशलिस्ट को मिल रही बधाइयां

वहीं, मंगलवार की देर शाम से एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर सह बैंकमोड़ थाना प्रभारी प्रमोद सिंह और दो जवानों को बधाई देने का सिलसिला जारी है। सामाजिक संगठन, विधायक राज सिन्हा, राजनीतिक दल के नेता और उनके शुभचिंतकों का बुधवार को भी पूरे दिन गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। सभी लोगों ने पुलिस की इस जाबांज कार्रवाई की मुक्तकंठ से सराहना की है।

### बेऊर जेल में बंद राजीव है डकैती का मुख्य सरगना

धनबाद पुलिस गुंजन ज्वेल्स डकैती मामले में उद्भेदन के करीब है। जांट के लिए गठित विशेष पुलिस टीम फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए बिहार रवाना हो गई है। सूचना के अनुसार गिरफ्तार डैकत आसिफ ने पूछताछ में बताया है कि दोनों डैकैती का तार बिहार के पटना स्थित बेउर जेल से जुड़ा है। सोना लूटकांड का कुख्यात अपराधी राजीव कुमार सिंह बेऊर जेल में बंद है। जेल में बंद रहते हुए भी राजीव झारखंड-बिहार से लेकर बंगाल तक सोना लूट की घटनाओं को अंजाम देता है। इन तीनों राज्यों में अब तक मुथूट फिनकॉर्प में जितनी भी डकैती हुई है, अधिकतर घटनाओं में राजीव कुमार सिंह का ही हाथ बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मुथूट फिनकॉर्प में डकैती के दौरान पकड़े गये आसिफ गैंग लीडर राजीव का खासमखास है। गुंजन ज्वेल्स डकैती घटना को अंजाम देने के लिए राजीव कुमार सिंह का भतीजा रम्मी कुमार सिंह गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों के साथ धनबाद आया था और घटना को अंजाम देकर यहां से आसानी से निकल गया। उसके बाद ही राजीव ने दूसरी घटना के लिए उन लोगों को दोबारा धनबाद भेजा। हालांकि पुलिस इस बात की पुष्टि नहीं कर रही है। इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

## देश के व्यापारियों, किसानों व मजदूरों में भय का माहौल : जलेश्वर

**कांग्रेसियों ने मदनाडीह से निकाली भारत जोड़ो सह हल्ला बोल पदयात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता




लोयाबाद। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का भारत जोड़ो, देश जोड़ो यात्रा साहसिक कार्यक्रम है। देश के युवा, मजदूर, किसान, छोटे व्यापारी, मझोले उद्योग और बेरोजगारों में भय का माहौल है। जिसका लाभ भाजपा उठा रही है। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कही। वे बुधवार को भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान धनबाद में आयोजिस पथसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने मदनाडीह से पदयात्रा करते हुए बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोयाबाद मोड़ स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां सभा की गई। जलेश्वर ने कहा कि देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ा है। इन सभी पर रोक लगाने के लिए पार्टी सुप्रीमो की ओ्र से यह यात्रा निकाली जा रही है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनविरोधी कार्य कर रही है। गरीबों का पैसा अमीरों की जेब में जा रहा है। देश के युवा बेरोजगारी से तंगहाल हैं। महंगई इस कदर बढ़ रही है कि गरीबों की थाली से एक-एक कर खाने से सामान दूर होते जा रहे हैं। मंहगाई और जीएसटी से पूरा देश हांफ रहा है। भाजपाई देश की जनता को कांग्रेस के खिलाफ भ्रमित कर रहे हैं। केंद्र सरकार सभी सरकारी अपकरणों को एक-एक कर बेच रही है, जबकि राहुल गांधी ने देश को भयमुक्त समाज, मंहगाई और बेरोजगारी से उबारने का संकल्प लिया है। राहुल गांधी साढ़े पांच माह तक पैदल यात्रा करेंगें। इस दौरान सभी पार्टी कार्यकर्ता भी हर गली, मुहल्ला में पदयात्रा कर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता को अवहत करायेंगें। वहीं, राम रहीम से मशहुर असलम मंसुरी व राजकुमार महतो ने कहा कि केंद्र सरकार बेतहाशा बढ़ती महंगाई व अन्य असफलताओं को छिपाने के लिए धर्म का सहारा लेकर जनता को गुमराह कर रही है। कांग्रेस के वरीय नेता इम्तियाज अहमद ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा पूरा देश भोग रहा है। इस मौके पर गोमिया विधानसभा के प्रभारी रवि चौबे, राजकुमार महतो, असलम मंसुरी, राजीव रंजन प्रसाद, विशाल महतो, हाकिम खान, गुड्डू मिश्रा, चांद खान, रामेश्वर तुरी व गणेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने संकल्प दिवस के रूप में मनायी कॉमरेड स्वपन मुखर्जी की पुण्यतिथि

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के केंद्रीय नेता सह एक्टू के पूर्व महासचिव कॉमरेड स्वप्न मखर्जी की पुण्यतिथि पर एग्यारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में संकल्प दिवस के रूप मनाई गई। उपस्थित सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, माले नेता नागेन्द्र कुमार ने कहा कि कॉमरेड स्वप्न मखर्जी भाकपा माले के केंद्रीय नेता व एक्टू के पूर्व महासचिव थे।आईपीएफ के संस्थापक नेताओ में से एक थे। वे सुखी जीवन व अच्छी नौकरी का त्याग कर पार्टी के संघर्षरत जीवन को पसंद किया था और आजीवन कम्यूनिस्ट आंदोलन व मजदूर आंदोलन को आगे बढ़ाया था। मौके पर माले नेता नागेन्द्र कुमार, मनोरंजन आदि मौजूद थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.**

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.-275731 Building(22-23).D has been reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 14.09.2022 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 15.09.2022 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR277230 (Building)22-23*D

## बीएसएल और रेलवे समन्वय बनाकर करें समस्या का समाधान : जगरनाथ महतो

**बोकारो परिसदन में शिक्षा मंत्री ने बीएसएल प्रबंधन, रेलवे एवं जिला प्रशासन संग की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। बोकारो परिसदन सभागार में बुधवार को राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो ने बीएसएल प्रबंधन रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें चास अंचल के धनगेड़ी मौजा अंतर्गत प्रस्तावित तेलघड़िया टू बोकारो नॉर्थ केबिन रेलवे लाइन दोहरीकरण परियोजना के तहत उत्पन्न समस्या की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित डीसी कुलदीप चौधरी, बीएसएल प्रबंधन एवं रेलवे के पदाधिकारियों से क्रमवार समस्या के संबंध में जानकारी ली। मंत्री ने रेलवे एवं बीएसएल प्रबंधन को आपसी समन्वय स्थापित कर समस्या का निदान करने का जरूरी दिशा-निर्देश दिया। गौरतलब है कि जिले में रेलवे से संबंधित कई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। कार्य को गति देने व परियोजना को ससमय पूरा करने को लेकर व्याप्त समस्याओं को दूर करने के दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर अपर समाहर्ता सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीपीएलआर मेनका कुमारी आदि मौजूद थीं।

**Office of District Legal Services Authority, Ramgarh**

**Notice regarding extendingthe last date for filling application for the Post of Legal Aid Defense Counsels**

Applications are invited from eligible lawyers having requisite qualifications for Contractual full time engagement for the posts of Chief Legal Aid Counsel, Deputy Chief Legal Aid Defense Counsels and Assistant Legal Aid Defense Counsels in the Legal Aid Defense Counsel System in District Legal Services Authority, Ramgarh. The duly filled application form along with self-attested copies of documents may be submitted to DLSA, wherein the candidate desires to apply through speed post or in an envelope personally in the office of the Secretary, DLSA, Ramgarh on or before **extended date 10th September 2022 by 05.00 Pm**. Any application received after due date shall not be considered. For futher details kindly visit the link https://districts.ecourts.gov.in/ramgarh/judgeship-glance .
Note: Applying for engagement does not create any right/ assurance whatsoever.


Sd/-
Secretary
DLSA, RAMGARH

PR 277170 (District)22-23*D

### साड़म में आयोजित श्रीगणेश महोत्सव में पहुंचे जगरनाथ महतो

# धार्मिक कार्यों के आयोजन से शुद्ध होता है वातावरण: शिक्षा मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




गणेश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो व अन्य। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु।

ललपनिया। गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म संतोषी मंदिर स्थित मैदान में साड़म-होसिर पूजा कमेटी की ओर से आयोजित श्री श्री गणेश महोत्सव में मंगलवार देर शाम को बतौर मुख्य अतिथि राज्य के शिक्षा मंत्री एवं मधनिषेध मंत्री जगरनाथ महतो शामिल हुए। जहां पूरे विधि विधान के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा की और समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख-शांति समृद्धि व उन्नति की मंगलकामना की। इस दौरान मंत्री जी ने मंच का विधिवत उद्घाटन भी किया। वहीं, राज्य के पूर्व मंत्री सह कमेटी के संस्थापक सह संरक्षक माधव लाल सिंह व अन्य के नेतृत्व में पूर्व जीप सदस्य प्रकाशलाल सिंह ने मंत्री जगरनाथ महतो को बुक्के देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री जगरनात महतो ने कहा कि विघ्नहर्ता भगवान गणेश वुद्धि के देवता माने जाते हैं। किसी भी पूजा अनुष्ठान एवं शुभकर्म में सर्वप्रथम इन्हीं की पूजा की जाती है। उन्होंने दुनिया की परिक्रमा की परीक्षा में अपने माता-पिता की परिक्रमा कर यह साबित किया था कि माता-पिता सबसे पूज्यनीय एवं सभी देवी-देवताओं से बढ़कर हैं। भगवान गणेश की सच्चे मन से आराधना करने से सभी मनोकामना पूरी होती है। वहीं, इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से वातावरण शुद्ध होता है एवं मन को सुकुन मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के भाग दौड़ में सभी को धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। बतातें चलें कि साड़म में साड़म-होसिर पूजा कमेटी के संस्थापक सह अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के नेतृत्व में पिछले 15 सालो से श्री गणेश महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। महोत्सव के समापन तक प्रतिदिन रात में भक्ति भक्ति जागरण का आयोजन किया जाता है, जो इस वर्ष भी हुआ। श्री श्री श्रीगणेश महोत्सव सह मेला में साड़म-होसिर गोमिया, तेनुघाट ललपनिया, बोकारो, रामगढ़ व हजारीबाग जिला सहित राज्य के अन्य कई जिलों के हजारों श्रद्धालु अपने सपरिवार भगवान श्रीगणेश का दर्शन करने पहुंचे थे। इस मौके पर जीप सदस्य आकाश लाल सिंह, बांध पंचायत की मुखिया मुरली देवी, साड़म पश्चिमी के उप मुखिया पंकज कुमार जैन, कमेटी सचिव केदारनाथ पंडा, अजित कुमार सहाय, सनत प्रसाद, अरुण डे, मोहन मुरारी चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। दूसरी ओर, साड़म में आयोजित मेले में इस बार भी मीना बाजार, तारामांची, बड़ा-छोटा झूला आदि लगा था, जिसका लोगों ने खूब आनंद उठाया।

**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, DALTONGANJ**
**CIVIL COURT, DALTONGANJ**
Mobile No:- 8757269596 email:- dlsapalamu123@gmail.com

Advt. No. LADCS/01/2022 Date:- 07.09.2022

**NOTICE**

**Extension of TIME LIMIT for filing Applications for different posts of LADCS**

This is to inform that applications were invited from eligible lawyers havingrequisite qualification for contractual full time engagement for the followingthree posts in process of implementation of LADCS in the district of Palamau.

1. Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – **01**)
2. Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – **01**)
3. Assistant Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – **04**)

The last date for filing applications for such different posts of LADCS was05.09.2022. Now the time limit for filing applications for the above mentionedpost has been **extended till 05:00 P.M. on 10.09.2022 (Saturday).**

The Scheme of engagement and requisite qualifications as well asapplication form are available on the website of Civil Court, Daltonganj i.e.(https://districts.ecourts.gov.in/palamu) as well as on the Notice Board of DLSA,PALAMU. The duly filled application form along with self-attested copies ofdocuments shall be submitted to the office of DLSA, Palamu, through speed postor in an envelope personally in the office of Secretary, DLSA **on or before 10th September 2022 by 17:00 Hrs.** Any application received after due date and timeshall not be considered.

Sd/-
Secretary, DLSA

PR 277175 District (22-23)_D

## रोड सेफ्टी को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी का एलान

# कार की पिछली सीट पर भी लगाना होगा सीट बेल्ट, नियम तोड़ने पर फाइन लगेगा



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अब कार की पिछली सीट पर बैठे पैसेंजर को भी सीट बेल्ट लगाना जरूरी होगा। ऐसा नहीं किया तो फाइन भरना होगा। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को एक इंटरव्यू के दौरान इसका ऐलान किया। गडकरी ने बताया कि जिस तरह कार में आगे बैठे पैसेंजर के सीट बेल्ट नहीं लगाने पर अलार्म बजता है, ऐसा ही सिस्टम अब पिछली सीट पर बैठे पैसेंजर के लिए भी होगा। इसके लिये कार कंपनियों को निर्देश दिया जायेगा। रविवार को टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का रोड एक्सीडेंट में निधन हो गया था। बताया जा रहा है कि वो मर्सिडीज की पिछली सीट पर बैठे थे और उन्होंने सीट बेल्ट नहीं लगाया था। गडकरी के इस ऐलान को मिस्त्री के निधन से जोड़कर देखा जा रहा है।

### गडकरी ने कहा: अब फाइन लगेगा

गडकरी ने कहा कि पहले से ही पिछली सीट पर सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है, लेकिन लोग इसका पालन नहीं कर रहे हैं, किन अब फाइन लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जुर्माना लेना मकसद नहीं है, बल्कि जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि 2024 तक सड़क हादसों में 50 फीसदी की कमी लाने का लक्ष्य है।

### साइरस की मर्सिडीज की फोरेंसिक रिपोर्ट पुल की खराब डिजाइन से हुआ एक्सीडेंट

दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)। मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर सूर्या नदी के पुल की फॉल्टी डिजाइन की वजह से टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की कार हादसे का शिकार हुई। हादसे की जांच के लिए पहुंची आइआइटी खड़गपुर की 7 मेंबर वाली फोरेंसिक टीम ने कार की डिटेल जांच करने के बाद यह रिपोर्ट दी है। जांच टीम ने यह भी पाया कि साइरस मिस्त्री की मर्सिडीज जीएलसी 220 कार के सभी सेफ्टी फंक्शन ठीक तरह से काम कर रहे थे। हादसे के समय एयरबैग भी खुले, लेकिन सीट बेल्ट न लगाने की वजह से टक्कर में साइरस के अंदरूनी अंगों में गंभीर चोटें आयीं। यही उनकी मौत की वजह बनीं। आइआइटी खड़गपुर की सात मेंबर्स वाली फोरेंसिक टीम में दो पीएचडी स्कॉलर, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियर, क्रैश इंवेस्टिगेशन के अनुभवी प्रोफेशनल्स और सिम्युलेशन में स्पेशलाइजेशन रखने वाले एक-एक मेंबर शामिल हैं। सेव लाइफ फाउंडेशन ने इस टीम को साइरस की कार के एक्सीडेंट की जांच के लिए नियुक्त किया है। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट के मुताबिक कार की हालत और मिस्त्री के पोस्टमॉर्टम के समय अंदरूनी अंगों के जख्म यह दिखाते हैं कि कार बेहद तेज रफ्तार से चल रही थी। टीम के सदस्यों ने कहा कि हमारे पास पुख्ता रिपोर्ट है कि पिछली सीट पर बैठे दोनों लोगों (साइरस और जहांगीर) ने सीट बेल्ट नहीं लगा रखी थी। यही वजह थी कि डिवाइडर से कार टकराने पर दोनों जोर से उछले और उनका सिर कार की छत से टकराया। इससे उनके सिर और शरीर के दूसरे अंगों पर जानलेवा चोटें लगीं। जांच टीम ने बताया- अगर साइरस और जहांगीर ने सीट बेल्ट लगायी होती, तो ऐसे एक्सीडेंट के बाद उन पर खरोंच के निशान मौजूद होते।

### 8 पैसेंजर्स के साथ 6 एयरबैग लगाना अनिवार्य

गडकरी ने बताया कि नियमों के अनुसार, भारत में फ्रंट पैसेंजर और ड्राइवर के लिए एयरबैग अनिवार्य हैं। जनवरी 2022 तक, सरकार ने प्रत्येक यात्री कार में 8 पैसेंजर्स के साथ 6 एयरबैग लगाना कंपनियों के लिए अनिवार्य कर दिया है।

### एयर बैग को लेकर कही ये बात

कार की पिछली सीट पर एयर बैग लगाने से क्या कारों की लागत बढ़ जायेगी, इस सवाल पर गडकरी ने बताया कि लोगों का जीवन बचाना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि एक एयरबैग की लागत 1 हजार रुपये है। ऐसे में 6 के लिए छह हजार रुपये लगेंगे। प्रोडक्शन और डिमांड के बढ़ने के साथ धीरे-धीरे इसकी लागत और कम होती जायेगी।

## अनएकेडमी ने शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हुए उल्लेखनीय कदम बढ़ाया

# कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप प्रॉपर्टी-अनएकेडमी वन पर 50 अनूठे एजुकेशन चैनल लांच किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने आज 50 नये अनूठे एजुकेशन चैनलों के साथ शिक्षा के लोकतांत्रीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है। कंपनी के प्रमुख कार्यक्रम 'अनएकेडमी वन' के पहले संस्करण में यह घोषणा की गई, जहां भारत के शीर्ष पायदान के शिक्षक मौजूद थे। ये चैनल लाखों लर्नर्स के लिए एकेडमिक एवं नॉन-एकेडमिक कैटेगरीज में सुलभता बढ़ायेंगे। ऐसे तकरीबन 50 चैनल मौजूदा कंटेंट कैटेगरी के आधार पर बनाये गये हैं, जो नये क्षेत्रों जैसे 'टिक टॉक टैक्स', प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर की अवधारणाओं का सरलीकरण, जेइइ में सफलता हासिल करने के लिए एक प्लेटफॉर्म लाइफ आफ्टर आइआइटी तथा टॉप रैंकर्स की सफलता की कहानियों पर चर्चा- आदि में अनएकेडमी के प्रवेश की पुष्टि करते हैं।

### कार्यक्रम के दौरान ब्रांड द्वारा घोषित एजुकेशनल चैनलों की मुख्य श्रेणियां हैं

1. एनइइटी यूपी और जेइइ- जिसमें नीव उड़ान, नीट की नीव, जेइइ क्यू बैंक, फ्लैश लर्न और लाइफ आफ्टर आइआइटी शामिल हैं। 2. यूपीएससी और अन्य पोस्ट ग्रेजुएशन सेगमेंट - जिसमें यूपीएससी अनस्टॉपेबल, अनएकेडमी मार्गदर्शक, एड्युक्वेस्ट, आइएएस आइकंस, टिक टॉक टैक्स और द 99 परसेंटाईल क्लब शामिल हैं। 3. बैंक एसएससी और डीफेन्स में अनएकेडमी इंद्रधनुष, अनएकेडमी बंगला और केरल विजय वीथी शामिल हैं। हर चैनल में देश के बेहतरीन शिक्षक होंगे देश भर के महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता का कंटेट क्रिएट और क्यूरेट करेंगे। कुछ शीर्ष पायदान के शिक्षक जो अपनी कैटेगरी में नेतृत्व करते हुए लैक्चर्स लेंगे, उनमें डॉ आनंद मनी, नमो कौल, निशांत वोरा, मृणाल पटेल, आशीष अरोउा, मोहित भार्गव और कई अन्य दिग्गज शामिल हें। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए विवेक सिन्हा, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, अनएकेडमी ने कहा, ह्यह्य50 अनूठे चैनलों के लॉन्च की घोषणा के साथ, हमने शिक्षा के लोकतांत्रीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाया है और साथ ही छात्रों के लिए ऐसी कंटेंट स्टैज्टेजी लेकर आए हैं, जो उन्हें रोचक तरीकों से ज्ञान हासिल करने में मदद करेगी। इसके अलावा हम अपने इस प्रयोजन को बड़े समुदायों में भी विस्तारित करेंगे, इसके लिए आज से बेहतर मौका नहीं हो सकता। हम सिर्फ शिक्षा देने के बारे में बात कर रहे हैं, जिससे देश भविष्य मजबूत और सक्षम बनेगा। कार्यक्रम के दौरान अनएकेडमी के शीर्ष पायदान के शिक्षक, इंफ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर जैसे तन्मय भट, गौरव तनेजा, रणवीर अलाहाबादिया, सुहानी शाह, मिथपत और सौरव जोशी शामिल थे। अनएकेडमी ने गेट एकेडमी के साथ साझेदारी की घोषणा भी की है और गेट के सभी महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों को इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के कंटेंट का एक्सेस मिलेगा। उमेश ढांडे वाइस प्रेजीडेंट, एकेडमिक्स, गेट एंड इएसइ के रूप में अनएकेडमी प्लेटफॉर्म के साथ जुड़ गये हैं।

## पहली बार सुप्रीम कोर्ट में बनेगी ग्रीन बेंच

# जस्टिस चंद्रचूड़ की वकीलों से अपील- अगली सुनवाई में कोई भी कागज न लायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को दिल्ली और केंद्र सरकार के एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी बेंच ग्रीन बेंच होगी। उन्होंने केस से जुड़े वकीलों से भी 27 सितंबर को होने वाली सुनवाई के दौरान कोई भी कागजात या फिजिकल डॉक्यूमेंट नहीं लाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री और आइटी सेल के अधिकारी शनिवार को वकीलों को दलील देने के लिये टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दे सकते हैं।



### 5 जजों की बेंच कर रही है सुनवाई

राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद की सुनवाई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हेमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की 5 जजों की बेंच कर रही थी। इसी दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, हम इसे पूरी तरह से ग्रीन बेंच रखेंगे ताकि कोई कागजात न हो। कृपया आप कागजात न लायें।

### वकील ने टेक्नोलॉजी को रोड़ा बताया

जब एक वकील ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में कठिनाई व्यक्त की, तो जस्टिस एमआर शाह ने उनसे कहा कि हमें भी ट्रेनिंग मिली है, एक न एक दिन आपको भी शुरू करना ही होगा। वहीं, जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सेक्रेटरी जनरल और आईटी सेल के हेड टेक्नोलॉजी के उस्ताद हैं। वे शनिवार को इसका इस्तेमाल सिखाने के लिए सीनियर्स को ट्रेनिंग देने तैयार हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि यदि आप कोर्ट में बहस कर सकते हैं, तो आप इसे भी आसानी से अपना सकते हैं।

### रजिस्ट्री प्रोवाइड करायेगी सॉफ्ट कॉपी

कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच ने राजधानी में कअर पर कंट्रोल को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद मामले में सुनवाई शुरू करने 11 अक्टूबर की डेट दी है। बेंच ने आदेश में कहा कार्यवाही पेपरलेस होनी चाहिए। रजिस्ट्री को पेपरबुक्स को स्कैन करके बेंच और पार्टियों को देने निर्देश दिया गया है। दिल्ली-एलजी मामले के अलावा यह संविधान पीठ शिवसेना विवाद, नागरिकता कानून की धारा 6 ए की वैधता और अनुच्छेद 334 के तहत लोकसभा और विधानसभा में एस/एटी को दिए गए आरक्षण से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है।

# नीतीश कुमार ने राष्ट्रपति समेत कई नेताओं से की मुलाकात



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नीतीश कुमार ने दिल्ली में कहा कि भाजपा की बस पूरे देश पर कब्जा करने की योजना चल रही है, इसलिए एकजुट होना जरूरी है। आपस में बात कर नेता भी चुन लिया जायेगा, मतलब मुझे नहीं बनना है। जिसे नेता बनना होगा उसे चुन लिया जायेगा। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि एक बार सोनिया गांधी विदेश से आयेंगी, तो मैं उनसे मिलूंगा। जरूरत पड़ी तो हम (विपक्षी नेता) फिर मिलेंगे। सबका नजरिया सकारात्मक था। हम मुख्य मोर्चा बनना चाहते हैं, तीसरा मोर्चा नहीं। विपक्ष को एकजुट करने का यह काम जारी रखूंगा। इससे पहले बीते दिन नीतीश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। बैठक में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और जदयू नेता संजय झा भी मौजूद थे। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच कई राजनीतिक मुद्दों पर बातें हुई थी। इससे पहले उन्होंने सीपीआइ-एम नेता सीताराम येचुरी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी। इसके बाद नीतीश ने कहा था कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं है और न ही वे दावेदार हैं, बस कोशिश है कि पूरे देश में जो भी स्थानीय पार्टी हैं वे सभी एक साथ मिल जायें तो बहुत बड़ी बात होगी।

### सीएम नीतीश ने राहुल गांधी से की थी मुलाकात

इससे पहले नीतीश कुमार ने सोमवार को राहुल गांधी से 50 मिनट की मुलाकात की थी। जदयू सूत्रों ने बताया कि इस दौरान विपक्ष के नेतृत्व पर कोई बात नहीं हुई। दोनों नेताओं ने भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता पर जोर दिया। भविष्य में एक एजेंडे के तहत भाजपा के खिलाफ अभियान छेड़ने पर बातचीत हुई थी।

### इन नेताओं से भी मिलेंगे नीतीश

विपक्ष को एकजुट करने की शुरू हुई नयी मुहिम के तहत नीतीश की सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, रालोद, इनेलो, टीएमसी सहित कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नीतीश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मिलेंगे।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**